राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,
लखनऊ, मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024
वर्ष 06, अंक 27, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com
प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

ग्रामीणों ने डी एम से तटबंध ऊँचा कराने की लगाई गुहार ....03

हाईकोर्ट के आदेश के बाद हरकत में प्रशासन, वृंदावन में हलचल..12

## दिल्ली में लगने वाला है ग्रैप-2? डीजल जनरेटर पर बैन; पार्किंग फीस बढ़ाने से लेकर पढ़ें CAQM के निर्देश

● दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते GRAP का दूसरा चरण लागू कर दिया गया है। इसके तहत डीजल जनरेटर पर रोक लगाने समेत कई कदम उठाए गए हैं। दिल्ली में अभी हवा की गुणवत्ता अभी और खराब होगी। मौसम विभाग ने इसकी जानकारी दी है। जानिए GRAP के बारे में और दिल्ली में लागू प्रतिबंधों के बारे में विस्तार से।

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) का दूसरा चरण लागू करने का निर्देश दिया है। इसके तहत अधिकारियों को ऐसे कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रदूषण पर रोक लगाई जा सके। इसके अलावा डीजल जनरेटर पर भी रोक लगाने का निर्देश दिया है। ग्रेप-2 मंगलवार सुबह 8 बजे से लागू हो जाएगा।

सर्दियों का मौसम आने के साथ ही दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने लग जाता है और वायु गुणवत्ता खराब हो जाती है। सोमवार को दिल्ली का दिनभर औसत एक्यूआई 300 के लगभग रहा। इसके बाद शाम को 4 बजे एक्यूआई 310 पहुंच गया।

मौसम विभाग का अनुमान है कि AQI(वायु गुणवत्ता सूचकांक) अभी 300-400 के बीच ही रहेगा, जो बहुत खराब की श्रेणी में आता है। ग्रेप का पहला चरण 14 अक्टूबर को लागू कर दिया था।



### सीएक्यूएम द्वारा दिल्ली-NCR को दिए गए निर्देश

» सड़कों पर पानी का छिड़काव करने को कहा।

» जहां धूल ज्यादा उड़ती हो, जहां ज्यादा ट्रैफिक लगता हो, कूड़ाघरों के आसपास पानी का छिड़काव जरूर हो, ताकि धूल के कड़ों को हवा में जाने से रोका जा सके।

» धूल पर नियंत्रण के लिए निर्माण साइटों पर पानी का छिड़काव हो।

» पार्किंग फीस बढ़ाने को कहा, ताकि लोग सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करें।

» दिल्ली मेट्रो को फेरो को बढ़ाने का निर्देश दिया है।

» सीएनजी बसों की भी फेरों की संख्या बढ़ाने को कहा।

» ओद्योगिक इकाइयों, सोसाइटियों में डीजल जेनरेटर का न हो प्रयोग।

» लोगों को निजी वाहनों की जगह सार्वजनिक वाहनों को प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

» सर्दियों में सुरक्षा कर्मियों को वायो गैस या खुले में आग जलाने की जगह बिजली का हीटर दिया जाए।

### AQI से वायु प्रदूषण का चलता है पता

वायु गुणवत्ता सूचकांक (Air Quality Inde&) एक नंबर होता है जिसके जरिए हवा की गुणवत्ता को आंका जाता है। इससे वायु में मौजूद प्रदूषण के स्तर का भी पता लगाया जाता है। एक्यूआई की रीडिंग के आधार पर हवा की गुणवत्ता को छह कैटेगरी में बांटा गया है। शून्य से 50 के बीच AQIअच्छा, 51 और 100 संतोषजनक, 101 और 200 मध्यम, 201 और 300 खराब, 301 और 400 बहुत खराब, और 401 और 500 के बीच AQI को गंभीर माना जाता है।

### चार चरणों में बांटा गया है ग्रेप

एनसीआर में वायु गुणवत्ता के आधार पर "ग्रेप" को चार चरणों में बांटा गया है। पहला चरण एक्यूआइ 201 से 300 यानी खराब होने पर लागू किया जाता है।

दूसरा चरण एक्यूआई 301-400 (बहुत खराब) होने पर, तीसरा चरण एक्यूआई 401-450 (गंभीर) होने पर और चौथा चरण एक्यूआई 450 से अधिक (गंभीर से ज्यादा) होने पर लागू किया जाता है।

### प्रतिदिन सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जाए

आगे सीएक्यूएम ने बताया कि ये कदम अक्टूबर को सुबह 8:00 बजे से पूरे दिल्ली-NCR में लागू होंगे. इसके साथ ही पहले चरण के जो कदम पहले से लागू हैं, वो भी जारी रहेंगे. एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन ने दिल्ली-NCR में GRAP-2 लागू करने का आदेश जारी करने के साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिए हैं. जारी निर्देश के मुताबिक, प्रतिदिन सड़कों पर मैकेनिकल/वैक्यूम स्वीपिंग और पानी का छिड़काव होगा. सी और डी साइटों पर धूल नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू करने के लिए निरीक्षण तेजी से किया जाएगा.

## वाराणसी- हिन्दू पक्ष ने दाखिल की थी रिवीजन याचिका, ज्ञानवापी में वजूखाने के ASI सर्वे की मांग पर सुनवाई कल

● इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी में वजूखाने के एएसआई सर्वे की मांग को लेकर दायर याचिका पर कल सुनवाई होगी. कोर्ट में हिन्दु पक्ष की ओर से वजूखाने की एएसआई सर्वे को लेकर सिविल रिवीजन याचिका दाखिल किया गया था, स्ढ्ढ द्वारा पिछले साल किए गए सर्वे में वजूखाने शामिल नहीं था.



स्वतंत्र प्रभात

इलाहाबाद हाईकोर्ट में मंगलवार को वाराणसी के ज्ञानवापी में वजूखाने के एएसआई सर्वे को लेकर सुनवाई होने वाली है. कोर्ट 22 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से वजूखाने के एएसआई सर्वे को लेकर दायर सिविल रिवीजन याचिका पर सुनवाई करेगा. 1 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान याचिकर्ता की तरफ से कोर्ट में पूरक हलफनामा दाखिल किया गया था।

श्रृंगार गौरी केस की मुख्य याचिकाकर्ता राखी सिंह की तरफ से कोर्ट में यह सिविल रिवीजन याचिका दायर की गई थी. उनकी ओर से ज्ञानवापी परिसर में स्थित वजूखाने के एएसआई सर्वेक्षण की मांग को लेकर याचिकी दाखिल की गई है. याचिका में ज्ञानवापी के पूरे परिसर के किए गए सर्वे की तरह ही सील वजूखाने का भी सर्वे कराए जाने की मांग की गई है।

### दोनों पक्षों ने पूरक हलफनामा दायर कर दिया था

वाराणसी के ज्ञानवापी मामले में 2 साल पहले कथित शिवलिंग मिलने के बाद वजूखाने को सील कर दिया गया था. मुस्लिम पक्ष की ओर से इसे फव्वारा बताया जाता है लेकिन हिंदू पक्ष इसे शिवलिंग होने का दावा कर रहा है. हालांकि, एएसआई की ओर से सील वजूखाने को छोड़कर बाकी हिस्सों का सर्वे पूरा हो चुका है। मामले में सुनवाई जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच कर रही है. इससे पहले की एक अक्टूबर को हिंदू पक्ष ने एक वादी लक्ष्मी देवी की साइंटिफिक सर्वे की मांग को लेकर याचिका दायर की गई थी। वहीं, 19 अक्टूबर को कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस रोहित रंजन ने दाखिल याचिका पर सुनवाई की. याची के वकील ने अर्जी की कॉपी दाखिल करने के लिए पूरक हलफनामा दायर किया. जिसके बाद, मुस्लिम पक्ष की तरफ से भी जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया.

### 2023 में हुआ था ज्ञानवापी परिसर का ASI सर्वे

एएसआई ने पिछले साल 24 जुलाई से दो नवंबर तक जो ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वे किया था. हालांकि, उसमें शिवलिंग मिलने वाली जगह के आस पास, जहां वजूखाना स्थित है वहां सर्वे नहीं किया गया था. वहीं, मंदिर पक्ष की दलील है कि ज्ञानवापी परिसर के धार्मिक चरित्र को तय करने के लिए शिवलिंग वाली जगह वजूखाना का सर्वे जरूरी है. वहीं, अब इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट 22 अक्टूबर को सुनवाई करेगा।

जब यह आदेश पुराना है तो इसको बार-बार खुदाई के लिए कहा जाना उचित नहीं है. फिलहाल वादमित्र ने पिछली तारीख पर एएसआई से 9130 आराजी संख्या का सर्वे कराए जाने की मांग की है. परंतु विवादित वजूखाने और कमीशन की कार्रवाई में मिले शिवलिंग का निरीक्षण ना होने से इसके भी जांच की मांग उठाई है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### न्यायालय के आदेश पर तीन लेखपालो पर सुसंगत धाराओ मे मुकदमा दर्ज

**सिंगाही खीरी।** ग्राम पंचायत निम्बोरिया के ग्राम प्रधान के साथ धोखाधड़ी और अपमानजनक व्यवहार का मामला सामने आया था।जिस मामले को लेकर ग्राम प्रधान झगडू ने माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के सामने रखा जिसमे न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी और अपमानजनक व्यवहार करने वाले लोगों पर ग्राम प्रधान की तहरीर पर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत निघासन पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया। निम्बोरिया ग्राम प्रधान द्वारा दी गयी तहरीर में बताया गया है, लेखपाल मोहन कश्यप, सुधीर और उत्तम ने उन्हें झांसा देकर स्टांप और सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर, जाति सूचक गालियां भी दी। तहरीर और न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। यह मामला ग्राम प्रधान के साथ हुए अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई का हिस्सा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। ग्राम प्रधान को न्याय मिलने की उम्मीद जग गयी है।यह मामला स्थानीय समुदाय में चर्चा का विषय बन गया है।ग्राम प्रधान को न्याय न्याय मिलने से स्थानीय समुदाय को सन्तुष्टि प्राप्त होगी। प्रशासन द्वारा ऐसी कार्यवाही होने से भविष्य में ऐसे मामलों पर रोक लगेगी।

### सड़क हादसे में महिला की मौत




**अलीगढ़।** थाना अतरौली क्षेत्र के अंतर्गत रामघाट रोड स्थित ग्राम बेम्बीरपुर के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तारावती पत्नी बनवारी लाल निवासी रामघाट रोड स्थित ग्राम कौशलपुरी ग्राम बैमबीरपुर से बाइक द्वारा अपने गांव कौशलपुरी जा रहे थे । जो बाइक फिसलने के कारण 52 वर्षीय महिला तारावती पत्नी बनवारी लाल निवासी ग्राम कौशलपुरी से टकरा गये और वह महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजनों द्वारा अतरौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया । बताया जा रहा है कि बाइक सवार सड़क हादसे में मृतक महिला का पति भी मामूली रूप से घायल हुआ है।

## झोलाछाप डॉक्टर बना बैठा शिक्षामित्र चला रहा अस्पताल

● शिक्षा विभाग का भी मिल रहा शिक्षामित्र को भरपूर सहयोग


स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झोलाछाप और बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अस्पतालों और डॉक्टरों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश जारी किए हैं। जिसके क्रम में जिले में अभियान चलाया भी जा रहा है लेकिन झोलाछाप और बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पतालों पर क्या कुछ कार्रवाई हो रही है इसका आता पता नहीं है।

### शिक्षामित्र से डॉक्टर बने रविंद्र का कारनामा

वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग में विकासखंड सिधौली की ग्राम पंचायत नवादा अशरफपुर में शिक्षामित्र के पद पर तैनात रविंद्र डॉक्टर बन चुके हैं और बाकायदा अपना अस्पताल खोलकर मरीजों को भर्ती कर उनका इलाज भी कर रहे हैं। यही नहीं शिक्षामित्र से डॉक्टर बने रविंद्र ने अपने अस्पताल के अंदर ही मेडिकल स्टोर भी खोल रखा है, जिन मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया जाता है उन्हें अपने अस्पताल के मेडिकल स्टोर से ही दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जाती हैं। जबकि विकासखंड सिधौली के नवादा अशरफपुर प्राथमिक विद्यालय में रविंद्र शिक्षामित्र के पद पर तैनात हैं वहां बच्चों को पढ़ाने गुरु जी कभी नहीं जाते क्योंकि डॉक्टरी से होने वाली मोटी कमाई के आगे शिक्षामित्र की तनख्वाह ऊंट के मुंह में जीरा साबित होती है। डॉ रवींद्र ने शाहजहांपुर से मोहम्मदी को जाने वाले रोड पर मुकरमपुर कस्बे में एक बिल्डिंग में अस्पताल खोल रखा है। जहां मरीजों को भर्ती किए जाने से लेकर उनका समस्त इलाज करने की व्यवस्था है। जिन गुरु जी के कंधों पर बच्चों के भविष्य को गढ़ने और उन्हें संस्कारी बनाकर देश का बेहतर नागरिक बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई वह गुरु जी गले में आला और हांथ में इंजेक्शन लेकर लोगों के दर्द का इलाज कर रहे हैं।





अब सवाल या उठता है कि शिक्षा विभाग में तैनात होने के बावजूद डॉक्टरी पेशा में आने के बाद दो-दो विभागों को अंधेरे में रखकर आखिर चूना क्यों लगा रहे हैं, जबकि जिले में ऐसे डॉक्टरों के विरुद्ध अभियान भी चलाया जा रहा है लेकिन एक कहावत है कि दीपक तले अंधेरा जिम्मेदारों की जानकारी में चल रहे इस गोरख धंधे में कौन-कौन लोग शामिल हैं यह तो बात समझ से परे है लेकिन कार्रवाई न होना या दर्शाता है कि जानबूझकर ऐसे लोगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वही जब उपरोक्त प्रकरण में खंड शिक्षा अधिकारी सिधौली से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी जबकि सूत्रों की माने तो शिक्षामित्र को शिक्षा विभाग पहले भी नोटिस जारी कर चुका है। झोलाछा पी डॉक्टर के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान में नोडल अधिकारी के सहयोगी राजीव भारती ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है मौके पर जाकर जांच की जाएगी और हॉस्पिटल चल रहा है तो कार्रवाई की जाएगी।

## आवारा पशुओं से निजात दिलाने को बनी गौशालाएं बाउंड्री बाल का पता नहीं



स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/**प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर आवारा पशुओं से फसलों को सुरक्षित बचाने के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया गया इसके तहत विकासखंड भदपुरा के अंतर्गत नौ गौशालाएं संचालित है परंतु इनमें से सात गौशालाएं ऐसी हैं जिनमें आज तक बाउंड्री नहीं बनाई गई लकड़ी वसीमेंट के खंबे लगाकर उन पर तार लगाकर गौशालाओं का निर्माण संचालित कर दिया गया जिसके चलते वहां के चौकीदार एवं केयरटेकरों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। इन गौशालयों में केवल गायों को ही संरक्षित किया गया रात को आवारा सांड आकर के लगे खम्बो को तोड़कर गौशाला में अपना ताबड़ मचाते हैं जिसके कारण चौकीदार को भारी संकट का सामना करना पड़ता है उसमें साडो के घुसने से गौशाला में बंदी गायों को भी तीतर वितर कर देते हैं इनकी सुरक्षा के लिए शासन द्वारा बाउंड्री का निर्माण नहीं कराए जाने से संकट उत्पन्न हो रहा है साथ ही केयर टेकारों के रहने के लिए आवास की भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है यहां पर स्थित गौशालाओं को ग्राम पंचायत बिजासन दलेलनगर मुड़िया चौधरी जावेदा सूरजपुर परौरिया नरहरपुर गौरी खेडा में आज तक बाउंड्री का निर्माण नहीं किया गया है। जबकि यहां की धमीपुर बा मटका पुर गौशाला में बाउंड्री निर्माण हो पाया है प्रशासन द्वारा इन सात गौशालाओं को बिना बाउंड्री के संचालित किया जा रहा है जिसके चलते ग्रामीणों से लेकर चौकीदार केयरटेकर सभी परेशान हैं परंतु प्रशासन को इनकी कोई फिक्र नहीं है।

## अपूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों का पूर्ण भुगतान की जांच में बड़ा गोलमाल!

● उच्च अधिकारी जुटे भ्रष्टाचार के जिम्मेदारों को बचाने में

जांच की हीला हवाली से जिम्मेदार जुटे आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा करने में

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा-** जनपद में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है क्योंकि ग्रामीण शिक्षा में बड़ा बड़ा कदम होगा। यह केंद्र सभी सुविधाओं से लैस होंगे। गौरतलब है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण करने वाली फार्मो के लिए डिजिटल भुगतान का एफटीओ गेटवे बनता है जिससे भुगतान हो सके विकासखंड अधिकारी फरह के द्वारा एक कमेटी बनाई थी जो पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यो को देखकर फर्मो के भुगतान के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी लेकिन अपनी चहती फर्म जो कमीशन दे चुकी हैं उनका भुगतान करा दिया लेकिन उन फर्मो के केंद्रों का निर्माण अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है इस पूरे मामले को मीडिया के द्वारा जोरों से




उठाने पर मनीष कुमार मीना सीडीओ ने तीन सदस्य कमेटी गठित कर दी जिसमें एक सप्ताह का समय दिया गया है लेकिन कोई जांच रिपोर्ट की कार्रवाई धरातल पर नहीं दिख पा रही है इन आंगनवाड़ी केंद्रों का अधूरा निर्माण पूरा करने के लिए जिम्मेदार जुटे हुए हैं क्योंकि जांच की हील वाली यही दर्शाती है। सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि एक बड़े उच्च अधिकारी की बड़ी मेहरबानी से एक अधिकारी फरह और बल्देब दो ब्लाकों का चार्ज संभाले हुए हैं और फरह में बड़े भ्रष्टाचार के खिलाफ कुछ लोगों की आवाज बनकर मीडिया ने बड़ी जोरों से भ्रष्टाचार का मामला उठाया है और जो चल रहा है लेकिन दूसरे बल्देव ब्लॉक में उठती खबर को प्रधानों पर दबाव बनाकर दबा दिया है। लाखों की कमीशन के खेल में ऊपर से नीचे तक अधिकारी संलिप्त हैं। जिनके पास दो ब्लाकों का चार्ज पहले भी रह चुका है जिनमें कमिशन का खेल बड़ा जोरों पर हुआ था।

## हाल है बेसिक शिक्षा विभाग 5000 प्राइवेट शिक्षक लगा गुरुजी कर रहे ठेकेदारी- ग्रामीण

● ग्रामीणों द्वारा की गई कई लिखित शिकायतों के बावजूद नतीजा सिफर

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड मितौली के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौगानपुर का है। यहां पर तैनात शिक्षक सोनू लाल पटेल जो पगार तो सरकार से लेते हैं पर विद्यालय कभी नहीं आते हैं ।मास्टर साहब का रसूख इतना है कि मास्टर साहब ने अपने एवज में पढ़ाने के लिए पास ही गांव लिधियाई के प्राइवेट आदमी को ?5000 प्रति माह पर लगा रखा है जो मास्टर साहब की ड्यूटी करते देखा जा सकता है ।उक्त मामले की गांव वालों ने कई लिखत शिकायत भी की लेकिन मास्टर साहब के भारी भरकम रसूक के चलते तथा धनवल की दम पर फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता रहा ऐसा ग्रामीणों का आरोप है। शिकायतकर्ता का आरोप है की नीचे से ऊपर तक जा रही रिश्वत के चलते उक्त शिक्षक के विरुद्ध कई शिकायतों के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई ।बताते चलें चौगानपुर स्थित सरकारी स्कूल में तैनात शिक्षक सोनू लाल पटेल जो कभी भी स्कूल शिक्षण कार्य करने नहीं आते हैं और अपनी जगह पर शिक्षण कार्य के लिए ग्राम लिधिआई के एक प्राइवेट लड़के को अल्प वेतन पर लगाकर शिक्षा व्यवस्था के साथ भद्दा मजाक तो करते ही रहे हैं साथ ही साथ सरकारी खजाने को प्रतिमाह हजारों का चूना लगाया जा रहा है। ग्रामीणों की जुबानी सत्य माने तो गुरु जी ऐलानियां कहते हैं कि हमारे कई ठेके चल रहे हैं और कई अन्य व्यवसाय भी चल रहे हैं जिससे मैं यहां पढ़ाने नहीं आ पाऊंगा ज्यादा होगा इस्तीफा दे दूंगा। अब यहां पर अहम सवाल यह पैदा होता है कि विगत वर्षो से इनका वेतन कैसे निकाला जाता है ?आखिर उपस्थिति पंजिका पर कौन




बनाता है गुरु जी के हस्ताक्षर? और कौन उनकी उपस्थिति का करता है सत्यापन ?शिकायत के बाद भी मामले पर नहीं लिया गया संज्ञान और निकाला जाता रहा इनका वेतन ।कहीं ऐसा तो नहीं की गुरु जी आकर एक ही दिन में करते हैं पूरे माह के हस्ताक्षर या फिर प्राइवेट कर्मी द्वारा गुरुजी के हस्ताक्षर बनाकर किया जा रहा है फर्जी वाडा ?फिलहाल मामला जांच का विषय तो है ही साथ ही साथ गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।जो खंड शिक्षा अधिकारी मितौली सहित बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करने को काफी है ।लोगों का आरोप है कि यदि मामले की कराई जाए उच्च स्तरीय जांच तो एक बड़ा फर्जीवाडा एवं भ्रष्टाचार का मामला आएगा खुलकर सामने और खंड शिक्षा अधिकारी मितौली सहित बी एस ए खीरी पर भी आएगी जांच की आच। इस संबंध में जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी के मोबाइल नंबर पर कॉल कर उनके उनके पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उनका फोन न लगने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नहीं मिल सकी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पति को खाना देने जा रही महिला की कार की चपेट में आने से मौत



**बस्ती।** बस्तीजिले केलुम्बनी दुद्धी मार्ग पर थाना क्षेत्र में रविवार रात करीब 10 बजे कलवारी पेट्रोल पम्प के पास कार की चपेट मे आने से एक महिला घायल हो गयी। आस पास के लोगों ने उसे इलाज के लिए कलवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर पहुंचाया। चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार को कब्जे मे लिया। रात में दुघर्टना होने के बाद भीड़ ने गाड़ी चालक की जमकर पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ से चालक को बचाया। थाना क्षेत्र की कलवारी मुस्तहकम निवासिनी 42वर्ष पूनम देवी घर से अपने पति अरविन्द सोनकर के लिए खाना लेकर कलवारी चौराहे पर जा रही थीं। पट्रोल पम्प के सामने उनकी सब्जी दुकान है।

## मंडल के 41 प्रतिष्ठानों की छापेमारी में खामी मिलने पर नोटिस, 13 निलंबित हुई



**बस्ती।** बस्ती जिले मे शासन के निर्देश के बाद कृषि विभाग और प्रशासन के अधिकारियों ने मंडल भर में खाद- बीज और कीटनाशी की दुकानों पर छापेमार कार्रवाई की। खाद-बीज के 41 प्रतिष्ठानों के नमूने लिए गए, जबकि 13 कारोबारियों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। 20 को कारण बताओ नोटिस दिए गए। संयुक्त कृषि निदेशक एसी तिवारी ने बताया कि शासन के आदेश पर जिले में उर्वरक, बीज और कीटनाशी व्यवसायियों के यहां छापेमार कार्रवाई की गई। बताया कि बस्ती में 24, संतकबीरगनर में 28, सिद्धार्थनगर में 48 दुकानों की जांच। इस दौरान उर्वरक, कीटनाशी और बीज के कुल मिलाकर 41 नमूने लिए गए। अभियान में डीडी कृषि अशोक कुमार गौतम, जिला कृषि अधिकारी डा. बीआर मौर्य शामिल रहे। उन्होंने बताया कि अनियमिता पाए जाने पर 13 के लाइसेंस निलंबित किए गए। 20 विक्रेताओं को कारण बताओ भी नोटिस जारी किए गए। उर्वरकों की आपूर्ति और निगरानी को लेकर बीज भंडार के मालिकों से खाद की उपलब्धता की जानकारी ली गई।

## लापरवाह विद्युत विभाग कर्मियों ने लील ली पांच बंदरों की जिंदगी



**अयोध्या।** लापरवाह विद्युत विभाग कर्मियों ने लील ली पांच बंदरों की जिंदगी। धर्म नगरी में विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने। रामनगरी में मुख्य मार्ग पर क्षीरसागर जलवानपुरा में बनी कटीले तार की बाउंड्री पर उतरा करंट। करंट की चपेट में आने से 5 बंदरो की दर्दनाक मौत। बंदरों की मौत के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश। कटीले तारों में एकाएक आए करंट के चलते क्षीरसागर कॉलोनी में हो सकता था बड़ा हादसा, कॉलोनी वासियों ने विद्युत विभाग को किया सूचित। विद्युत विभाग के जगह-जगह खुले हैं तार। हो सकती है बड़ी दुर्घटना, विद्युत विभाग के लापरवाही से अयोध्या में बंदरों की हो रही है दर्दनाक मौत, अयोध्या के सभी मार्गों पर श्रद्धालुओं की रहती है बड़ी आमद विद्युत विभाग की लापरवाही दे रही मौत को दावत। अयोध्या कोतवाली के रायगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत जलवानपुरा क्षीर सागर कॉलोनी में हुआ विद्युत करंट हादसा।






# बस्ती जिले में शासनादेश के विपरीत तैनात सचिव सुधीर सिंह का स्थानान्तरण डीडीओ के लिए बना चुनौती

**●- ग्राम विकास अधिकारी सुधीर सिंह की 06 वर्षों की तैनाती स्थानांतरण नीति को दे रहा खुली चुनौती**

**- प्रमुख सचिव (पंचायत )से शिकायत होने के बाद भी डीडीओ नही ले रहे मामले का संज्ञान- 28 अक्टूबर को डीपीआरओ ने डीडीओ को पत्र के माध्यम से मामले को कराया था अवगत**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खण्ड गौर में 06 वर्षों से तैनात ग्राम विकास अधिकारी सुधीर सिंह का स्थानांतरण जिला विकास अधिकारी के लिए चुनौती बना हुआ है । शासनादेश के खिलाफ तैनात सचिव सुधीर सिंह की 06 वर्षों की तैनाती को




लेकर पीजी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया गया है । पीजी पोर्टल पर शिकायत होने पर अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव - पंचायती राज विभाग को मामले की जांच मिली थी । अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव - पंचायती राज विभाग ने निदेशक पंचायती राज को जांच कर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया था। निदेशक पंचायती राज ने उक्त प्रकरण में डीपीआरओ (जिला पंचायत राज अधिकारी बस्ती ) रतन कुमार से जांच आख्या मांगी थी । डीपीआरओ की जांच में पता चला कि सचिव सुधीर सिंह ग्राम विकास अधिकारी है और ग्राम विकास अधिकारिओं का स्थानांतरण डीडीओ ( जिला विकास अधिकारी ) स्तर से ही होता हैं अतः डीपीआरओ ने दिनांक - 28 -09-2024 को डीडीओ ( जिला विकास अधिकारी बस्ती ) अजय कुमार सिंह को पत्र जारी कर शासनादेश के खिलाफ तैनात सचिव / ग्राम विकास अधिकारी सुधीर सिंह के मामले को अवगत कराया था कि उक्त प्रकरण आपके विभाग से संबंधित है । डीपीआरओ रतन कुमार ने डीडीओ के नाम जारी पत्र से निदेशक पंचायती राज को अवगत कराया था । निदेशक पंचायत राज ने डीपीआरओ के द्वारा जांच में उपलब्ध कराये गये नोटिस को पीजी पोर्टल पर अपलोड करके दिनांक - 10-10-2024 को मामले का निस्तारण कर दिया था । डीपीआरओ रतन कुमार के द्वारा जारी नोटिस पर डीडीओ अजय कुमार सिंह ने कोई कार्रवाई नहीं किया है और सचिव / ग्राम विकास अधिकारी सुधीर सिंह का स्थानांतरण करने के बजाएं स्थानांतरण नीति का हवाला देकर डीडीओ ने सुधीर सिंह को बचाने में पूरी ताकत झोंक दिए है । इस सम्बंध में फोन के माध्यम से जानकारी के लिए डीडीओं अजय कुमार सिंह को कई बार फोन किया गया लेकिन डीडीओ अजय कुमार सिंह ने फोन रिसीव नहीं किया ।

# गौशालाओं की समस्याओं का निराकरण योगी सरकार की प्राथमिकता- महेश शुक्ल

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले मे गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महेश शुक्ल ने रविवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोवंश की रक्षा और इसके माध्यम से किसानों की आय बढाने के लिये गंभीर है। इस दिशा में अति शीघ्र प्रभावी और व्यवहारिक कदम उठाये जायेंगे।पत्रकारों द्वारा सरकार और निजी स्तर पर संचालित किये जा रहे गौशालाओं की दयनीय स्थिति, बरसात के दिनों में गौशालाओं में पानी भर जाने, पशु चारों के संकट और उनकी मौतों का सवाल पूंछे जाने पर महेश शुक्ल ने कहा कि जो सुझाव प्राप्त हुये हैं उसे गंभीरता से लेकर अति शीघ्र प्रदेश स्तर पर समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। प्रशासनिक अधिकारियों से उन्होने यह भी अपेक्षा किया




कि चारागाह की जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाय।गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल ने कहा कि सब कुछ सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। गोसंरक्षण, गोपालन के लिये लोगों को स्वयं आगे आना होगा जिससे उनके परिजनों को शुद्ध दूध, दही, घी मिल सके। गौशालाओं को और अधिक समृद्ध बनाने, गोवंश सड़कों पर न घूमे इस दिशा में साझा प्रयास किये जायेंगे। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वंय गोपालक हैं और वे जमीनी संकटों को समझते हैं।इन्ही समस्याओं के समाधान हेतु गोसेवा आयोग का गठन हुआ है। प्रयास होगा कि देश के प्रमुख गोशालाओं का भ्रमण कर उस अनुरूप बस्ती समेत अन्य जनपदों में गौशालाओं का विकास कराया जाय। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से विधायक अजय सिंह के प्रतिनिधि पं. सरोज मिश्र, राम चरन चौधरी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अशोक गुप्ता, रघुनाथ सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बेटे के आत्महत्या मामले में दलित मां ने एसपी से लगाया न्याय की गुहार

**● - दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती ।** बस्ती जिले केलालगंज थाना क्षेत्र की जिभियांव निवासिनी दलित महिला सीमा देवी पत्नी स्व. रामदत्त ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर अपने बेटे राजकुमार की आत्महत्या मामले में उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर कड़ी कार्रवाई की मांग किया। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में टीम गठित कराकर सी.ओ. से जांच कराने का आश्वासन दिया है।

दलित महिला सीमा देवी ने एसपी को दिये पत्र में कहा है कि उसका पुत्र राजकुमार गत 14 अक्टूबर को सायंकाल जिभियांव चौराहा पर गया था वहां राजेश यादव पुत्र किशुन यादव, ब्रम्हदेव चौधरी पुत्र मोती लाल चौधरी निवासी ग्राम बैसिया कला, प्रकाश तथा उनके भाई रामरूप एवं राहुल आर्या पुत्र शिव बरन आर्या निवासी ग्राम-कुदरहा, थाना-लालगंज पहले से मौजूद थे। राजकुमार के वहां पहुचते ही वे लोग उससे सिगरेट पिलाने के लिए कहें। उसने कहा कि मै सिगरेट न पीता हूँ न ही पिलाता हूँ इस पर वे लोग आग बबूला हो गये और उसके बेटे को जाति सूचक गाली देते हुए लात मूका घूसा से मारने लगे तथा फोन करके अपने 10 अन्य



साथियों को भी बुला लिया। घटना की सूचना पर वह स्वंय मौके पर पहुंची और उन लोगों से हाथ जोड़कर विनती करने लगी कि मेरे लड़के को छोड दिजिए लेकिन वे लोग नहीं माने और उसे अपमानित करते हुए काफी मारे पीटे तथा जान से मार डालने की धमकी भी दिए।

पत्र में मृतक की मां ने कहा है कि उसका लड़का काफी सीधा साधा तथा संजीदगी पसंद था इस घटना से वह स्वयं को काफी अपमानित महसूस किया तथा अवसाद में हो गया जिसके कारण उसी रात करीब आठ बजे कमरे के अन्दर जाकर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर लिया। उसके बेटे की मौत के लिये मुल्जिमान व्यक्तिगत तौर पर उत्तरदायीं है । घटना के सम्बन्ध में लालगंज पुलिस को सूचना दिया गया उसी रात पुलिस के लोग आये और राजकुमार की लाश पोस्टमार्टम हेतु ले गये। मां सीमा देवी ने थाना लालगंज पर तहरीर दिया लेकिन आज तक न तो प्राथिमिकी दर्ज की गयी न ही दोषियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही की गयी । इससे उनका मनोबल काफी बढ़ गया है । बेटे की आत्महत्या से मौत मामले में राजेश यादव पुत्र किशुन यादव, ब्रम्हदेव चौधरी पुत्र मोती लाल चौधरी निवासी ग्राम-बैसिया कला, प्रकाश तथा उनके भाई रामरूप एवं राहुल आर्या पुत्र शिव बरन आर्या निवासी ग्राम-कुदरहा थाना-लालगंज एंव अन्य दस लोगों के विरूद्ध घटना की प्राथिमिकी दर्ज करके उनके विरूद्ध आवश्यक स्वयं दण्डात्मक कार्यवाही की मांग किया है।

बसपा नेता पूर्व राज्यमंत्री कल्पनाथ ने कहा कि मामला गंभीर है और पुलिस अधीक्षक ने जांच का आश्वासन दिया है। दोषियों पर कार्रवाई आवश्यक है। एसपी को पत्र देते समय मुख्य रूप से मंजू देवी, माया देवी, सुनीता देवी, जानकी देवी, सीमा देवी, उर्मिला गौतम, सुनीता गौतम, माधुरी देवी, किसमती देवी, प्रर्मिला देवी, लाली देवी, पवन कुमार, इन्द्रजीत, राजेश, वालेन्द्र, महेन्द्र, रामआज्ञा, राम सहाय, रामसरन, प्रेमचन्द, अनीस कुमार, दिनेश कुमार, राजेन्द्र, सुनील कुमार, रजनीश, रामभरन के साथ ही जिभियांव गांव के अनेक लोग एवं बसपा नेता, एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# ऑनलाइन व्यापार के खिलाफ समाजवादी व्यापार सभा ने निकाली जागरूकता पद यात्रा

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती ।** सोमवार को समाजवादी व्यापार सभा जिलाध्यक्ष रघुननन्दन राम साहु के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर 'ऑनलाइन व्यापार के खिलाफ' गांधीनगर बाजार में ग्राहक जागरूकता पद यात्रा निकाली। केन्द्र सरकार से मांग किया कि ऑनलाइन व्यापार को नियंत्रित किया जाय वरना खुदरा, छोटे व्यापारी तबाह हो जायेंगे। पद यात्रा निकालने के बाद व्यापार सभा जिलाध्यक्ष रघुननन्दन राम साहु ने कहा कि विदित है कि ऑनलाइन व्यापार के कारण छोटे दुकानदार बर्बाद हो गए हैं, ग्राहक जागरूकता पदयात्रा' निकाल कर व्यापारी समाज को संदेश दिया जा रहा है कि वे अपने भविष्य के लिये जागे। कहा कि भाजपा ने हमेशा छोटे व्यापारियों को छला है। केवल सपा सरकार में ही छोटे व्यापारी सम्मान से जी पाए हैं। यदि व्यापारी सचेत न हुये तो बहुराष्ट्रीय कम्पनियां खुदरा दूकानदारों को निगल लेंगी। इसके लिये




सबको जागरूक होकर सरकार पर दबाव बनाना होगा कि ऑनलाइन व्यापार को नियंत्रित किया जाय।

ऑनलाइन व्यापार के खिलाफ निकली समाजवादियों की ग्राहक जागरूकता पद यात्रा में मुख्य रूप से राम सिंह यादव, युनूस आलम, दिनेश तिवारी, सलमान खान, राहुल सोनकर, पीयूष सचदेवा, सनी साहु, प्रशान्त यादव, समीर खान, विपिन त्रिपाठी, मो. हारिश, पंकज कुमार, अभय जायसवाल, जिब्बू खान, अज्जू, नकुल जायसवाल, अनवर जमाल, अमरदीप गुप्ता, अमित जायसवाल, साहिर खान, अन्नू यादव, अकबर अली, विशाल सोनकर, भोला पाण्डेय, सुशील यादव आदि शामिल रहे।

# बलरामपुर में ससुराल करवा चौथ मनाने जा रहे युवक की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** - बलरामपुर में रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, हादसे में युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है। युवक घर से ससुराल करवा चौथ मनाने जा रहा था। रास्ते में बांश बल्ली लदी ट्राली से टकरा गया जिससे उसके पेट को चीर कर बल्ली आरपार हो गई। घटना बलरामपुर तुलसीपुर रोड एनएच 730 लौकहवा के पास का है। सूचना के बाद पुलिस पहुंच है जिसने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। घटना बलरामपुर के थाना महाराजगंज तराई के तुलसीपुर बलरामपुर मार्ग एनएच 730 लौकहवा पुल के पास का है ।जहां पर रविवार शाम करीब 6 बजे 33 वर्षीय युवक ट्रेक्टर ट्राली पर लदे बांस बल्ली से टकरा गया ,जिससे युवक के पेट को चीर कर बल्ली आर पार हो गया और युवक की मौके पर मौत हो गई ।युवक धर्मेन्द्र पासवान पुत्र मालिक निवासी बलुआ लाला डीह थाना कोतवाली देहात बलरामपुर का रहने वाला है जो अपने घर से ससुराल करवा चौथ मनाने नेबवरिया थाना महाराजगंज तराई जा रहा था। मृतक की पत्नी ने बताया कि फोन पर कुछ घंटे पहले बात हुआ था बोले थे कि मैं आ रहा हूं, लेकिन अब क्या हो गया । मेरा परिवार ही समाप्त हो गया अब मैं क्या करूं। हादसे के बाद से दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है। माता पिता पत्नी सभी बिलख रहे है।हादसे के बाद से क्षेत्र में सन्नाटा पसरा हुआ है। हादसा देख कर आसपास के लोग भयभीत है।

वही हादसे के समय आसपास उपस्थित लोगों ने बताया कि जिसने यह घटना देखी है वह लोग हादसे को देखकर सहमे हुए है। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसा इतना दर्दनाक था कि देख कर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए है। कुछ लोग देख कर तो वहां पर रुक ही नहीं पाए है।युवक के शरीर को बल्ली चीर कर आर पार हो गया है युवक जब पुलिस पहुंची है तो वह बल्ली में लटका हुआ था शरीर से खून की धार बह रही थी। वही घटना पर जानकारी देते हुए थाना महाराजगंज तराई प्रभारी गिरजेश तिवारी ने बताया कि आज शाम करीब 6 बजे लउकहवा पुल से पहले एक मोटर सायकिल सवार धर्मेन्द्र पासवान पुत्र मालिक उम्र 33 वर्षीय युवक सड़क पर खड़े ट्रेक्टर ट्राली लदे बांस बल्ली से टकरा जाने के कारण मौके पर ही मृत्यु हो गई । शव को पंचायत नामा की कार्यवाही कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है ।आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# मीडिया में आने से पहले समाज से परिचित होना जरूरी: फलक नाज

**● -पत्रकारिता विभाग में सामाजिक परिवर्तन में मीडिया की भूमिका विषय पर संगोष्टी का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात



**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में सोमवार को सामाजिक परिवर्तन में मीडिया की भूमिका विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय न्यूज चैनल की पत्रकार एवं विभाग की पुरातन छात्रा और मिस यूपी का खिताब जीती फलक नाज रही। उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों को बताया कि समाज की वजह से आप अपने फैसले न बदले बल्कि आप अपने फैसलों से समाज को बदलें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मीडिया की भूमिका बढ़ गई हैं। इस क्षेत्र में महिलाएं बढ़चढ कर आ रही है। अपनी रिपोर्टिंग की बदौलत समाज को एक नई दिशा प्रदान कर रही है। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मीडिया में आने से पहले समाज के बीच जाकर समस्याओं से परिचित होना बहुत जरूरी है। इससे रिपोर्टिंग के समय सही समस्याओं का आकलन करना आसान होता है और पत्रकारिता के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमसीजे समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि फलक शुरू से ही बहुत ही जुझारू और मेहनती लड़की रही है। उनकी मेहनत और लगन ही है जिसकी वजह से आज वह नेशनल न्यूज चैनल में काम करने के साथ-साथ मिस यूपी का खिताब हासिल की है। कार्यक्रम में समन्वयक व विभाग के शिक्षक डॉ. राज नारायण पांडेय और डॉ अनिल विश्वा द्वारा फलक नाज को अंग वस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ0 चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर सुगन्धा त्रिपाठी, आदित्य शुक्ला, अश्वनी पाण्डेय, दिवाकर चैरसिया, कामिनी चैरसिया, अनुश्री यादव, कल्यानी त्रिपाठी, गौरव त्रिपाठी, सृष्टि त्रिपाठी, विवेक वर्मा, शिवांग चतुर्वेदी, आदर्श चैधरी, करन दूबे, निहारिका सिंह, सृष्टि कौशल, अदिति साम्भवी, सोनिया, सौरभ मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

# बीती रात ट्रेलर के नीचे आधा दर्जन से अधिक दबे, एक की मौत

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।**जनपद में रविवार की शाम एक दर्दनाक घटना घटी। यहां एक ट्रेलर के पलटने से एक की मौत हो गई।कोयला लेकर जौनपुर की तरफ सेअकबरपुर आ रहा ट्रेलर रविवार मालीपुर थाना क्षेत्र के सुरहरपुर तिराहे के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक और कोयले के मलबे में कुल सात लोग दब गए। इसमें बाजार आए स्थानीय रुकुनपुर निवासी राजाराम ( 70 ) को जिला अस्पताल लाए जाने पर मृत घोषित कर दिया गया।ट्रेलर चालक सिद्धार्थनगर निवासी सुनील, परिचालक बस्ती निवासी शिवम, स्थानीय सब्जी विक्रेता अशोक मौर्य, रामानंद मौर्य, दिनेश मौर्य और सरवन मौर्य को किसी तरह निकाला गया। इससे एसडीएम जलालपुर पवन जायसवाल की मौजूदगी में जेसीबी आदि माध्यम से बचाव कार्य शुरू हुआ। काफी देर तक अफरा तफरी की स्थिति रही।मालीपुर थाना क्षेत्र के सुरहरपुर में अनियंत्रित ट्रक के पलटने से रविवार रात घंटों अफरातफरी मची रही। ट्रक सहित कोयले का ढेर सड़क किनारे गिर जाने से उसमें दबे लोगों को निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। चीख पुकार के माहौल के बीच आनन फानन में जेसीबी मंगवाई गई। मशीन का प्रयोग कोयले को जल्दी हटाने के लिए किया गया लेकिन यह सावधानी भी बरती जा रही थी कि मशीन से कोई चोट न वहां दबे लोगों को पहुंच जाए। देखते ही देखते सैकड़ों की तादाद में लोग वहां जुट गए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मोर्चा संभाल लिया। एसडीएम पवन जायसवाल सबसे पहले पहुंचे और तेजी से बचाव शुरू कराया। बाद में एसपी डॉ कौस्तुभ, एडीएम डॉ सदानंद गुप्त, और एएसपी विशाल पांडेय, श्याम देव भी पहुंचे। अधिकारियों के पहुंचने पर काम और तेज बढ़ा।घायलों को जिला अस्पताल से लेकर नगपुर सीएचसी भेजा गया। बचाव कार्य के चलते जौनपुर से अकबरपुर मुख्य मार्ग जाम हो गया। इस बीच डीएम अविनाश सिंह पहले जिला अस्पताल फिर मौके पर भी गए।

# अनुसूचित समाज में चौपाल लगाकर भाजपा सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहे भाजपाई

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकर नगर।** कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम और बैठकें कर भाजपा नेता अनुसूचित समाज में बैठकें और चौपाल कर भाजपा सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए अनुसूचित समाज के लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का अनुरोध कर रहे हैं। सोमवार को कटेहरी विधान सभा क्षेत्र की ऐनवां ग्राम सभा में मुख्य अतिथि विधायक राजेश गौतम ने मण्डल अध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता और विधान सभा विस्तारक जोनी सिंह राघव की उपस्थिति में अनुसूचित समाज की बैठक/चौपाल कर भाजपा सरकार द्वारा अनुसूचित समाज के लिए किए गए दर्जनों योजनाओं और कार्यो से उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार ने जितना कार्य अनुसूचित समाज की लोगों के लिए कर दिया है।इतिहास गवाह है कि इतना कार्य किसी भी विपक्षी दलों की सरकारों ने नहीं किया है। कहा कि सपा,बसपा और कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने अनुसूचित जाति का शोषण किया है। कभी भी दलित और शोषित समाज के लिए विपक्षी पार्टियों ने कुछ नहीं किया है। उन्हें केवल दलित समाज की वोट से मतलब रहा है। कहा कि भाजपा ने डाक्टर भीम राव अंबेडकर के सम्मान में उनकी जन्म और कर्म स्थलों को जोड़ते हुए पंच तीर्थ के रूप में विकसित कर दलित समाज को बड़ा सम्मान दिया है।कहा कि भाजपा ही दलित समाज की उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बैठक में मुख्य रूप से अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री अविनाश सोनकर, मण्डल महामंत्री प्रदीप कुमार भारती सहित अनुसूचित वर्ग के दर्जनों लोग शामिल रहे।

# जय बाबा ब्रह्मचारी आर्दश रामलीला समिति मंच का फीता काट कर किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** जिले तहसील आलापुर क्षेत्र के निकट पूर्वी छोर स्थित विकासखंड जहांगीरगंज अंतर्गत गांव इन्दौरपुर उर्फ घिनहापुर कंपोजिट विद्यालय परिसर में जय बाबा ब्रह्मचारी आर्दश रामलीला समिति मंच का फीता काट कर किया उद्घाटन ज्वाइंट कमिश्नर राजेशमणि त्रिपाठी। आपको बता दें कि ज्वाइंट कमिश्नर आबकारी विभाग अधिकारी उत्तर प्रदेश राजेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि भगवान श्री राम की लीला को अवश्य देखना चाहिए और उसमें से अच्छाइयों को ग्रहण अपने जीवन में उतारना चाहिए। भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं और हमें उनकी अच्छाइयों को अपने जीवन में उतारकर बुराइयों को दूर करना चाहिए। भगवान श्री राम जी के लीलाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी लोगों।और वही रामलीला मैदान पर कई साल से रामलीला का मंचन होता चला आया है। श्री त्रिपाठी ने कहा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन गांव के ही कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। रामचरितमानस पूजन भी किया गया। पंडित द्वारा मंत्र उच्चारण एवं विधि विधान के साथ पूजन कराया गया। रामलीला समिति के पदाधिकारियों द्वारा ज्वाइंट कमिश्नर श्री त्रिपाठी को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। ।इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव कोषाध्यक्ष हरीपाल पाल पूर्व रामलीला समिति के अध्यक्ष दीनदयाल यादव उपाध्यक्ष वसुधा यादव ग्राम प्रधान उमापति यादव ग्राम विजय बहादुर कोटेदार गुलाब यादव राम रसिक यादव सहित दर्शक गण मौजूद रहे।

# वरासत के लिए पीड़ित युवक दर-दर भटकने के लिए हुआ मजबूर

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकर नगर।** जिले के टांडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला ग्राम सभा कोरडा का मामला है ,जहां पीड़ित युवक अपनी विरासत चढवाने के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहा है ।जहां सरकार एक तरफ जीरो टोलरेंश की बात करती आ रही है, वहीं दूसरी तरफ उनके ही कुछ भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा इस प्रकार के कारनामे को अंजाम दिया जा रहा है। मामला टांडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोरडा ग्राम सभा का है जहां पर विरासत चढ़वाने के नाम पर पैसे का डिमांड करते हुए लेखपाल द्वारा बार-बार पीड़ित को बुलाया जा रहा है। पीड़ित अंकित पटेल पुत्र हरिश्चंद्र पटेल द्वारा यह बात बताई गई है। आने वाले समय में सरकार व भ्रष्टाचार अधिकारी के ऊपर विशेष प्रकार की टिप्पणियां होती नजर आएंगे, इसी में ईमानदार सरकार को भी घसीटा जा रहा है। जो अपनी ईमानदारी के लिए जग जाहिर है। ऐसे भ्रष्ट लेखपाल अवधेश कुमार को अपने पद पर आसीन रहने का कोई अधिकार नहीं है जो किसी पीड़ित को पैसे की लालच में आकर के वरासत जैसी चीजों को करने से दरकिनार कर रहे हैं। जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी अधिकारी महोदय टांडा से निवेदन है कि पीड़ित के साथ न्याय करने की कृपया करें तथा जिले व प्रदेश में ऐसे भ्रष्ट्र अधिकारी व अराजक तत्व जो ऐसे कार्यो को अंजाम दे रहे हैं उन पर अंकुश लगाया जाए।


# संक्षिप्त ख़बरें

## सवा 7501 धान की नई प्रजाति से किसानों को मिल रही दोगुनी उपज



**बिसवां(सीतापुर)** बिसवां क्षेत्र के ग्राम रामाभारी के किसान मतीन अहमद ने सवाना कंपनी का सवा 7501 धान लगाया। जिससे उन्हें एक एकड़ में 38 कुंतल का उत्पादन प्राप्त हुआ। पिछले कई वर्षों से वह धान की कई सारी वैरायटी लगा रहे हैं लेकिन उन्हें इतना उत्पादन कभी प्राप्त नहीं हुआ। उनका कहना है कि उनकी आय को दोगुनी करने के साथ घर परिवार की तमाम जरूरतों को पूरा तथा बच्चों की अच्छी शिक्षा प्राप्त करने में सवा 7501 धान का बहुत ही बड़ा महत्व है। मौके पर कंपनी के अधिकारी मनिंदर मौर्य,दिग्विजय सिंह, देवेंद्र राणा भी उपस्थित रहे। धान के खेत को काटा गया और सामने तोला गया जिससे उसका उत्पादन 38 कुंतल प्राप्त हुआ। मौके पर बहुत सारे किसान भाई भी उपस्थित थे। किसानों का कहना है कि सवा 7501 धान बहुत ही अच्छा धान है जो कि किसान की आय को दोगुनी करने में अपनी बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है। किसानों की आय बढ़ने से अब उनका जीवन और सुगम बन रहा है।

## पंचायत भवन का खुलेआम हो रहा दुरुपयोग- ब्लॉक प्रशासन मौन।



**बेनीगंज/हरदोई-** जिले के विकास खंड कोथावां की ग्राम पंचायत नेवादा लोचन मैं बने पंचायत भवन में ग्राम प्रधान के द्वारा खुलेआम निजी तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसमें प्रधान के जानवर 24 घंटा इसी भवन में बंधे रहते हैं जानवरों का चारा पानी भी इसी पंचायत भवन में मौजूद रहता है। इस संबंध में जब ब्लॉक प्रशासन से जानकारी चाहिए तो खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र का मोबाइल नाट रीचेबल बता रहा है। एडीओ पंचायत सुधाकर बाजपेई फोन उठाना उचित नहीं समझा। ऐसे में अब जिम्मेदारों से क्या सवाल पूछा जा सकता है नेवादा लोचन ग्राम पंचायत पूर्व में भी सुर्खियों में रही है। उसके बाद भी प्रधान अपनी मनमानी पर उतारू है इससे या साबित हो रहा है। कि शासन प्रशासन के आदेशों का खुलेआम ग्राम प्रधान उल्लंघन कर रहे हैं। देखना यह है ग्राम प्रधान के साथ ब्लॉक प्रशासन तहसील प्रशासन और जिला प्रशासन कब तक मेहरबान रहता है।

## वन विभाग की टीम व सर्प मित्र ने सहयोगियों के साथ मिलकर किया रसेल वाइपर सर्प का रेस्क्यू, ग्रामीणों ने धान के खेत में देखने पर दी थी सूचना



**कछौना(हरदोई)** कछौना रेंज के गौसगंज सेक्शन अंतर्गत दलेलनगर गांव के पास धान के खेत में एक रसेल वाइपर सर्प देखा गया जिससे ग्रामीणों में हलचल मच गई। तत्काल सूचना वन रेंज कछौना को दी गई, वन विभाग की टीम तथा सर्प मित्र अभिषेक कश्यप व उनके सहयोगियों ने भारी मशक्कत के बाद सर्प को रेस्क्यू किया। ज्ञातव्य है कि रसेल वाइपर अत्यधिक जहरीला सर्प माना जाता है जो अजगर की तरह दिखता है। अजगर के शरीर पर जिस प्रकार आकृति बनी होती है, वैसे ही रसेल वाइपर के शरीर पर भी अंडाकार संरचना बनी होती है तथा प्रेशर कुकर की सीटी जैसी आवाज़ निकालता है। इस सर्प के डसने से महज कुछ ही घंटे में मौत हो जाती है यदि समय पर ईलाज न करवाया जाए। रेस्क्यू किया गया सर्प 6 फिट लंबा था तथा काफी भारी था।

## ईवीएम-वीवीपैट का प्रथम रैण्डमाइजेशन आज

**अलीगढ़।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 71-खैर उप निर्वाचन 2024 में प्रयोग में लायी जाने वाली एफएलसी ओके ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय दलों से के अध्यक्ष, सचिव एवं समस्त रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग आफीसर एवं नोडल अधिकारी, प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारी ईवीएम-वीवीपैट की उपस्थिति में एनआईसी कक्ष कलैक्ट्रेट में किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के अध्यक्षों एवं सचिव से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित स्थान व समय पर प्रोटोकाल का पालन करते हुये उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# ग्रामीणों ने डी एम से तटबंध ऊँचा कराने की लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात



**लहरपुर सीतापुर** दशकों से जनपद का सुदूर ग्रामीण गांजरी अंचल हर साल बाढ़ की विभीषिका का दंश झेलता है और बेचारे ग्रामीण हर साल अपना घर ज़मीन और फसल को बर्बाद होता देखने के लिए मजबूर हैं और बाढ़ की स्थिति मे शासन - प्रशासन द्वारा की जाने वाली सहायता ऊँट के मुंह मे जीरा साबित होती हैद्य गौरतलब है कि बाढ़ के इस दंश से अकेले लहरपुर तहसील के ही एक सैकड़ा से अधिक गाँवो की जनता पीड़ित होती है। सोमवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्राम सोनसरी सेमरिया समोलिया मुग़लपुर सैतियापुर बुढ़नापुर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सीतापुर के आवास पर पहुंचकर उन्हें लिखित प्रार्थना पत्र देकर उन्हें क्षेत्र की पीड़ा से अवगत करायाद्य दिए गए प्रार्थना पत्र मे ग्रामीणों ने शारदा नदी पर स्थित एरा पुल से दाहिनी तरफ सिमरिया गांव से बरेती गांव तक कटान अवरोधी कार्य के साथ साथ मुसियाना गांव से बरेती गांव तक तटबंध को ऊँचा कराने की मांग की है। विदित हो कि इस वर्ष शारदा नदी मे दो बार बाढ़ आने से न केवल किसानो की फसल भयंकर रूप से प्रभावित हुई है। अपितु आवागमन की समस्या भी उत्पन्न हो गई थी द्य क्षेत्रीय किसानो ने अपने पत्र मे सम्बंधित क्षेत्र के सभी किसानो के हित को ध्यान मे रखकर तटबंधों को अनिवार्य रूप से ऊँचा कराने की मांग की है। इस अवसर पर जिलाधिकारी आवास पर करुणा शंकर मिश्रा, रामकुमार शुक्ला, रमाकांत वर्मा, बच्चू लाल मौर्या, प्रेम शंकर पांडे, विनोद बाजपेई सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# करवाचौथ पर धूम- महिलाओं ने रखा पति की लंबी उम्र के लिए व्रत

स्वतंत्र प्रभात





**लखनऊ।** जिलाभर में रविवार को करवाचौथ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा और पति की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान पतियों ने भी अपनी पत्नियों को आशीर्वाद दिया। रविवार सुबह से सुहागिनें सज धज कर करवाचौथ व्रत की तैयारी के लिए जुटी रहीं। मेहंदी लगाने वालों की दुकानों पर काफी भीड़ रही। सुंदर परिधानों में सजी महिलाओं में व्रत को लेकर काफी उत्साह रहा। महिलाओं ने पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र की कामना की। करवाचौथ व्रत पर कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने इसके लिए खूब खरीदारी भी की।जिले में 7.48 बजे के बाद महिलाओं को चांद के दीदार हुए।और अपने पति के हाथों जल पीकर व्रत तोड़ा।

# पाली के रामलीला मेले से साधु की बाइक सहित दो साइकिल चोरी

**● - मेला पुलिस चौकी न होने से बेखौफ हुए चोर**

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** पाली कस्बे में रामलीला मेला चल रहा है। इसमें आसपास क्षेत्र के हजारों की संख्या में व्यक्ति मेला देखने आते है। इसी में रामलीला मेला देखने आए एक साधु की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित साधु की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। मेले से दो साइकिलें भी चोरी हो चुकी हैं। इस बार मेले में मेला पुलिस चौकी नहीं बनाई गई है, जिससे चोरी की वारदात हो रही हैं।जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र के बाबरपुर गावं निवासी साहबलाल मिश्रा साधु हैं। रविवार की शाम करीब चार बजे वह पाली कस्बे के रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला मेला देखने बाइक से आये थे। साहबलाल ने बताया कि मेले के पास सड़क किनारे बाइक खड़ी करके वह मेले में खरीदारी करने लगे। कुछ देर बाद जब वह बाइक की गये तो देखा कि बाइक वहां से गायब है। आसपास काफी देर तक खोजबीन करने पर भी बाइक का पता नही चला। इसके बाद उन्होंने थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

ज्ञात हो कि पिछले वर्षों में रामलीला मेले में मेला पुलिस चौकी बनाई जाती थी, जिसमें पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहती थी। जिससे चोरी की वारदातों पर तो अंकुश रहता ही था, साथ ही मेले में आने वाली महिलाएं और बालिकाएं भी खुद को सुरक्षित महसूस करती थी पर इस बार मेला चौकी नहीं बनाई गई है। इसीलिए चोर बेखौफ होकर बाइक और साइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र पांडेय ने सोमवार को बताया कि बाइक चोरी की सूचना मिली थी, मौके पर पुलिस टीम भेजी गई। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी चेक किये जा रहे हैं, जल्द ही चोर को पकडकर बाइक बरामद कर ली जाएगी।

# भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जनता के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं- केशव प्रसाद मौर्य

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** शाहाबाद विधान सभा क्षेत्र की बड़ी फील्ड पर पूर्व विधायक स्वर्गीय उपेंद्र तिवारी की पुण्यतिथि पर आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि केंद्र में जब से मोदी की सरकार आई है किसानों को सम्मान के साथ किसान सम्मान निधि मिल रही है, इससे पहले किसानों के लिए किसी भी सरकार ने नहीं सोचा। उन्होंने कहा भाजपा की प्रदेश और केंद्र की सरकारों ने जनता के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं जिनका सभी लाभ उठा रहे हैं। आज इस ग्राउंड में सरकारी योजनाओं के जो काउंटर लगे हैं उन काउंटरों पर आप सभी लोग अवश्य जाएं।

अगर जा चुके हैं तो ठीक है अगर काउंटर पर नहीं पहुंचे हैं तो उन काउंटरों पर जाकर योजनाओं के बारे में जानकारी लें और उसका लाभ उठाने का प्रयास करें।श्री मौर्य ने कहा कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश और प्रदेश के सभी जिलों की तश्वीर बदली है। सभी जिलों का विकास हुआ। उनका आरोप था कि सपा बसपा की सरकारों में योजनाएं केवल कागजों पर बनतीं थी। उन्होंने कहा सरकार जनता के लिए काम कर रही है गरीबों को मकान दे रही है महिलाओं को उज्जवला सिलेंडर दिया गया। विकलांगों को ट्राई साइकिलें दी जा रही हैं। यानी हर दिशा में सरकार काम कर रही है।गरीबों के कल्याण की तमाम योजनाएं संचालित हैं। इस अवसर उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का निरीक्षण कर लाभार्थियों विविध योजनाओं से लाभांवित किया।

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने आये हुए सभी मंत्रियों व क्षेत्रीय जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने पति उपेंद्र तिवारी के श्री चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, सांसद जय प्रकाश रावत, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक आशीष सिंह आशु, माधवेंद्र सिंह रानू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, शंकर लाल लोधी, पीके वर्मा,नवनीत गुप्ता, सत्येंद्र कुमार सिंह राजपूत, श्री कृष्ण शास्त्री,अनिल पांडेय आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष राम बहादुर सिंह ने किया।

# पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ के तहत प्रगतिशील किसान ने किया पौधा रोपण

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ की थीम पर पर्यावरण को हरा भरा करने की मुहिम पर वृक्षारोपण के तहत आवंटित भूमि पर प्रगतिशील किसान अनीश ने पौधा आरोपित किये। पौधा रोपण के साथ सुरक्षा का संकल्प लिया। बताते चले राजस्व विभाग की तरफ से किसानों को वृक्षारोपण व पर्यावरण की रक्षा हेतु ग्राम सभा की भूमिका का 30 वर्षों का आवंटन किया जाता है, लेकिन ज्यादातर किसान प्रशासन की अनदेखी के चलते फसल की बुवाई करते हैं। जिससे सरकार की मंशा पर किसान पलीता फेर रहे हैं। इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। अधिकांश किसान आवंटित वृक्षारोपण की भूमि पर फसल की बुवाई करते मिल जाएंगे। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। प्रगतिशील किसान अनीश ने आवंटित भूमि पर पौधा आरोपित कर एक अच्छे किसान का परिचय दिया, उन्होंने कहा धरती मां है। मां के समान हमारा पालन पोषण करती है। बिना पेड़ों के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। मनुष्य व पौधे एक दूसरे के पूरक है। हमें सांस लेने हेतु प्राणवायु ऑक्सीजन उपलब्ध कराते हैं। प्रगतिशील किसान अनीश निवासी लोन्हारा ने पौधारोपण कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया है।



# पुलिस लाइन में मनाया गया पुलिस स्मृति दिवस,एसपी ने शहीदो के चित्र पर किया माल्यार्पण

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** पुलिस लाइन में आज शहीद पुलिस कर्मियों की याद में स्मृति दिवस मनाया गया। स्मृति दिवस पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी वहीं दूसरी ओर शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन में स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन समेत सभी पुलिस अधिकारियों व पेंशनर्स ने शहीदों को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की?। एसपी ने शहीदों के परिजनों को एवं पुलिस पेंशनर्स को शाल ओढ़ाकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एसपी ने कहा कि देश समाज को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस कीजब जब जरूरत पड़ी पुलिस के जवानों ने अपनी पूरी निष्ठा के साथ काम किया है। कार्यक्रम में पुलिस पेंशनर्स के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, क्षेत्राधिकारी गण व पुलिस लाइन/ पुलिस कार्यालय का समस्त पुलिस बल मौजूद रहा।

# पीड़ित का आरोप....शिकायत करने से नाराज प्रधान प्रतिनिधि ने शिकायत कर्ता को जमकर पीटा

**● - ...जांच के समय लोकपाल की मौजूदगी में हुई घटना**

**...दूसरे पक्ष से महिला मेट ने फाइल फाड़ने व मारने पीटने का लगाया आरोप**

स्वतंत्र प्रभात

**रहीमाबाद,लखनऊ।** विकास कार्यो में लाखों रुपए की शिकायत करना बहिर गांव निवासी युवक की ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित के तहरीर के आधार पर पुलिस जांच शुरू कर दी है।

आपको बता दें कि रहीमाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बहिर गांव निवासी पीड़ित भगवानदीन ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत बहिर के ग्राम प्रधान रेशमा के पति अनीस अहमद व सचिव ने मिलकर तमाम सरकारी धनराशि जैसे कि हैण्डपम्प मरम्मत और रिबोर तथा मनरेगा के नाम पर लाखों रुपए गबन किया है।जिसका आरोप लगाते हुये मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार को एक शिकायती पत्र ग्रामवासियों ने मिलकर दिया था। जिसकी जांच हेतु सोमवार को ग्राम पंचायत की मनरेगा जांच की बैठक थी जो बैठक बगवारा गांव में बने प्राथमिक विद्यालय में प्रधान द्वारा आयोजित की गयी थी। जिसमें भाई अजय कुमार तथा अजीत कुमार सहित अन्य ग्रामावासी मौजूद थे। कुछ देर बाद विद्यालय का दरवाजा बन्द कर दिया गया विद्यालय के अन्दर ही प्रधान पति अनीस, भाई- मंगू, भतीजा नाम अज्ञात, प्रधान पति के दो लड़के- रानू व शानू तथा भांजा- फन्नू उर्फ सोएब सहित करीब 15 अज्ञात लोगों ने स्कूल के अन्दर से खींचकर बाहर सड़क पर दौड़ाकर मारा पीटा तथा जातिसूचक गालियां देते हुये जान से मार डालने की धमकी दी कहा कि अगर दोबारा कहीं शिकायत की तो अच्छा नहीं होगा। इस दौरान लोकपाल मनरेगा अधिकारी मौजूद थे।

वहीं दूसरे पक्ष से बहिरगांव निवासिनी पीड़िता सुमन (महिला मेट) ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार को लोकपाल मनरेगा अधिकारी ग्राम पंचायत में हुये कार्यों की जाँच के लिए आये थे सभी अधिकारीगण प्राथमिक विद्यालय बगवारा में उपस्थित थे प्रार्थिनी भी मौके पर थी और जाँच में अधिकारीयों का सहयोग कर रही थी। तभी



विपक्षी भगवानदीन,अजय कुमार, अजीत कुमार सर्व निवासी ग्राम बहिर के अचानक सोमवार दोपहर लगभग 1:00 बजे के आस पास स्कूल में आकर अधिकारीयों के बीच चल रही बैठक में उपरोक्त विपक्षीगण दबंगई व गुंडई करते हुये मुझे भद्दी भद्दी गालियाँ देकर मार पीट करने लगे और कहा कि तुम फर्जी मनरेगा के तहत हाजिरी लगाया है जबकि सभी मामले के पहलुओं की जाँच उच्चाधिकारियों द्वारा की जा रही है। उक्त बैठक में करीब 25 लेबर महिलाये व पुरुष शामिल थी सभी से उक्त विपक्षीगण मार पीट व अभद्रता किया और जब बैठक में अफरा तफरी मच गयी तो विपक्षी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। रहीमाबाद पुलिस ने दोनों पक्षों द्वारा मिली तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

# संयुक्त परिवार में हैं बाइस सदस्य, एक ही चूल्हे पर बनता है सभी का खाना

**● - समाज के लिए मिसाल बना माल का द्विवेदी परिवार**

**सभी ने एक साथ मनाया करवा चौथ पूजन**



स्वतंत्र प्रभात

निर्मल सैनी

**माल, लखनऊ।** किसी की उम्र 75 साल, किसी की उम्र दो साल। किसी की पसंद दाल-रोटी तो किसी को भाते हैं छोले-चावल। चूल्हा एक और खाने वाले 22। न तो यह किसी फिल्म का दृश्य है और न उपन्यासकार की कल्पना। दरअसल, यह एक परिवार है, जो भौतिकवादी युग में भी परिवार की परिभाषा को पूरा करता है। बड़े अपनी जिम्मेदारी पूरी करते हैं तो छोटे फर्जो की अदायगी। अपनेपन के 'डिब्बे' हैं तो एजकुटता का 'इंजन', जिससे यह गाड़ी मोहब्बत की 'पटरी' पर सरपट दौड़ रही है।वक्त की तेज रफ्तार ने बहुत कुछ दिया है, लेकिन समाज से छीना भी बहुत कुछ है। जीवन की आपाधापी और रस्म-ओ-रिवाज ने संयुक्त परिवारों का विघटन कर दिया है। नतीजा, एकल रहना हमारी आदत बन चुकी है।आधुनिकता और बदलती जीवनशैली के





बीच संयुक्त परिवार की परंपरा अब भी कई घरों में जीवंत है।

ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण माल कस्बा में देखने को मिलता है, जहां तीन पीढ़ियां एक साथ मिलकर एक खुशहाल जीवन बिता रही हैं। यह परिवार अपनी सादगी और आपसी सहयोग से समाज के लिए एक आदर्श बन गया है। हम बात कर रहे हैं द्विवेदी परिवार की, जहां एक छत के नीचे 22 लोग साथ में रह रहे हैं। नागेंद्र प्रकाश द्विवेदी का यह संयुक्त परिवार है।नागेंद्र प्रकाश द्विवेदी के पांच बेटे हैं- विवेक द्विवेदी (टेसू), विपिन द्विवेदी(गुड्डू), गोपाल, डॉ सुभाष द्विवेदी,अनुज द्विवेदी व उनकी पांचों पुत्र वधुवे सहित नन्हे मुन्ने बच्चे सहित कुल 22 लोगों का परिवार है।इस घर में बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों का अनूठा संगम है। बुजुर्गों के अनुभव और आशीर्वाद से परिवार को दिशा मिलती है, जबकि युवा पीढ़ी आधुनिकता और उन्नति की राह दिखाती है।

# जाती जनगणना सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जन अधिकार पार्टी ने धरना प्रदर्शन उपरांत सौपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र** आज दिनांक 21 अक्टूबर 2024 दिन सोमवार को जन अधिकार पार्टी के सैकडो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियो ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए सोनभद्र जिला मुख्यालय (कलेक्ट्रेट) पहुंच कर जिला अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन उपरांत महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम संबोधित 11 सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी को सौपा।इस दौरान जिला अध्यक्ष आदित्य मौर्य ने कहां की जन अधिकार पार्टी का प्रमुख एजेंडा रहा है" जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी" इसके लिए जन अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं सांसद मा0 बाबू सिंह कुशवाहा तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 शिवकन्या कुशवाहा का कथन है कि पूरे देश में सबकी जातिवार - सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और रोजगार के साथ जीवन यापन की स्थिति का सर्वेक्षण करना बहुत ही आवश्यक है ताकि देश के सामाजिक रूप से पिछड़े व आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के कल्याण की योजनाओं को तैयार कर क्रियान्वित किया जा सके जिसके लिए जातिवार जनगणना प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय।जन अधिकार पार्टी के वरिष्ठ नेता डा0 भागीरथी सिंह मौर्य ने देश मे दोहरी शिक्षा नीति को समाप्त कर ÷सबकी शिक्षा एक समान , गरीब हो या हो धनवान÷ पूर्व की तरह एक मौजा में चाहे भले ही कई खाते हो परन्तु एक मौजा की एक ही खतौनी उपलब्ध कराया जाय, मनरेगा के तहत कराए गए कार्य की बकाया मजदूरी यथा सीघ्र भुगतान कराया जाय।वाराणसी मण्डल प्रभारी सुमन्त सिंह मौर्य ने कहा कि एमएसपी को कानूनी गारण्टी दिलाते हुए किसानों की ऊपज धान का शतप्रतिशत खरीद छत्तीसगढ़ राज्य की तरह उत्तर प्रदेश में भी 3100 सौ रुपए प्रति क्विंटल किया जाय,किसानों के धान खरीद के लिए सभी क्रय केंद्रों पर पैसों व बोरे की समुचित व्यवस्था किया जाय और उत्तर प्रदेश के स्वच्छता ग्राहियों को माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को किए गए घोषणा के अनुसार स्वच्छता ग्राहियों की अस्थाई नियुक्ति करते हुए वेतनमान निश्चित किया जाय।

मालती देवी जिला पंचायत सदस्य हिन्दुआरी ने कहा कि सोनभद्र में गढ्ढे में तब्दील हो चुके तेलगुड्वा - कोन मार्ग बनवाए जाने, सोनभद्र के अंतर्गत आने वाले अत्यंत जर्जर गड्ढायुक्त टूटी-फूटी सड़कों को बनवाए जाने, जनपद सोनभद्र में स्थापित सोंनलिफ्ट को धंधरौल बाद से जोड़कर पानी को बाद में इकट्ठा कर किसानों के फसल की सिंचाई के लिए समयानुसार बाँध से पानी छोड़े जाने, जनपद सोनभद्र में स्थापित परियोजनाओं (एनसीएल, एनटीपीसी, हिंडाल्को व लैंको) में जनपद के विस्थापित, प्रभावित, युवा बेरोजगारों को रोजगार दिए जाने,वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग से बलुई, मीतापुर, करगरा को जाने वाली सडक के सामने मारकुंडी में क्रासिंग बनवाए जाने की मांग किया।धरना- प्रदर्शन एवं जुलुष में विजयमल मौर्य, मंगल प्रसाद मौर्य, बिनोद कुमार, मनोज कुमार, लक्ष्मण सिंह, कुसुम मौर्य, रामाशीष मौर्य, तेजबली चन्द्रवंशी, निरंजन मौर्य, बंशीलाल मौर्य, नन्दलाल मौर्य, जगरनाथ सिंह,सुनीता देवी,डा0 रामराज बिंद, डा0 जय सिंह, चन्द्रमा सिंह, डा0 गिरिजा प्रसाद, सुभाष मौर्य, दिलीप मौर्य, सत्यनारायण, रियाशत अली, बृजेश मौर्य, विजय मौर्य, गुलाब मौर्य, सिमित्री देवी, मीरा देवी, प्रदीप मौर्य, मुलायम मौर्य, बिहारी सिंह, शिवबहादुर, जय प्रकाश मौर्य, सम्भूशरण भारती, शिवनारायण मौर्य, सहित जन अधिकार पार्टी के सैकडो पदाधिकारी एवं कार्ययकर्ताओ ने भाग लिया।

# मानक विहीन नाला निर्माण से कस्बेवासियों में आक्रोश

**● - सड़क से ऊंचा नाला बनाने की उच्चाधिकारी से हुई शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात



**सान्डी/हरदोई** में इस समय नगर पालिका द्वारा सड़क पर जल भराव की समस्या से निजात पाने के लिए आरसीसी नाले का निर्माण करवाया जा रहा है।कार्यदाई संस्था द्वारा मानकविहीन निर्माण करवाया जा रहा है नाला निर्माण सड़क से ऊंचा किया जा रहा है और लाल मौरंग की जगह डस्ट का उपयोग हो रहा है।मानक विहीन नाला निर्माण के विरुद्ध भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्याम जी शर्मा ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी।उनकी शिकायत का संज्ञान लेकर सहायक अभियंता संतोष कुमार ने कस्बे में पहुंचकर नाला निर्माण का निरीक्षण कर ठेकेदार को चेतावनी भरे दिशा निर्देश दिए।जांच के उपरांत उन्होंने बताया मानक विहीन नाला निर्माण की शिकायत की गई थी जिस पर ठेकेदार को निर्देश दिया गया है नाले की हाइट कम कर सड़क के लेवल में निर्माण किया जाए। निर्माण में डस्ट का उपयोग बिल्कुल नहीं होगा और रोड से मिट्टी हटाई जा रही है।मानक के अनुसार निर्माण किया जाएं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अपराध के खिलाफ आवाज उठाना पहली प्राथमिकता- ओबरा क्षेत्राधिकारी- हर्ष पांडेय

**ओबरा/सोनभद्र-** शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज ओबरा नगर में मिशन शक्ति फेज-5



कार्यक्रम के तहत नारी सुरक्षा एवं सम्मान के विषय में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया।ओबरा क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडेय ने ओबरा नगर में आयोजित में कहा कि हमारी सबसे बड़ी ताकत अपराधों के खिलाफ आवाज उठाना है।मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं लड़कियों को उनके सम्मान एवं सुरक्षा के लिए मानसिक रूप से मजबूत, मुखर एवं तत्पर होकर आवाज उठाने के लिए तैयार करना है।इसी क्रम में उन्होंने यह भी कहा कि इसमें पीड़िता के नाम को पुलिस गोपनीय रखती है।अतःनिर्भीक होकर अपराधों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करें।1090, 181, 1098, 1930, 1076, 102, लेख महिलाओं हेतु आपातकालीन सेवा में 108, 112 लगाए गये हैं।पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।शासन व सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्र छात्राओं के आलावा ओबरा क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडेय ओबरा थाना प्रभारी राजेश सिंह, शंभू नाथ,पंकज पाल,साक्षी,प्रीतू कांस्टेबल उपस्थित रहे।

### दीपावली त्योहार को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

**महराजगंज (रायबरेली)** बगैर लाइसेंस के पटाखे की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी, जिनके पास लाइसेंस है वह भी सुरक्षा व्यवस्था के साथ निश्चित स्थान पर ही तय समय तक बिक्री करेंगे, कहीं भी कोई भी बगैर लाइसेंस के पटाखा बिक्री करते पाया गया तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जैसे अहम मुद्दों पर कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव व्यक्त कर रहे थे। बैठक में कोतवाली क्षेत्र के सर्राफा व्यवसाई सीएसएसी संचालक पेट्रोल पंप मालिक व ग्राम प्रधान सहित संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव ने कहा कि सीएसएसी संचालक पेट्रोल पंप मालिक और सर्राफा व्यवसाई सहित अन्य जो भी कारोबारी है, सभी बैंक से पैसों की जमा निकासी के दौरान यदि रकम ज्यादा है तो इसकी पुलिस को सूचना दें जिससे उन्हें सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई जा सके और इससे लूट जैसी घटनाओं को होने से बचाया जा सकेगा। आगामी दीपावली के त्यौहार पर बगैर लाइसेंस के पटाखों की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी, कहीं भी बिना लाइसेंस पटाखों की बिक्री पाई गई तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी, सभी लोग त्योहारों को मिलजुल कर सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाएं कहीं भी कोई समस्या आती है, तो इसकी सूचना पुलिस को दें। इस मौके पर ग्राम प्रधान उमेश कुमार कुन्नू पंकज गुप्ता राजेश सिंह एसएसआई देवेंद्र सिंह भदौरिया, क्राइम इंस्पेक्टर हरिकेश सिंह, एस एस आई कमलेश कुमार, दरोगा रवि पवार, दरोगा राजवीर सिंह, दरोगा रोहित कुमार, दरोगा उत्कर्ष केसरवानी, दरोगा दिनेश गोस्वामी, दरोगा सचिन शर्मा, अजय चौधरी आदि मौजूद रहे।

### राजापुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी गई निःशुल्क दवाएं**



**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़रिया स्थित राजापुर में क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्रमा प्रकाश पाण्डेय की अगुवाई में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय शिवगढ़ द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया। जिसमें आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी प्रभारी डॉ.स्मिता श्रीवास्तव द्वारा सैकड़ों मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाए वितरण की गई। क्षेत्र पंचायत सदस्य सीपी पाण्डेय ने बताया कि गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होने से मरीजों को बड़ी राहत मिलती है, जो मरीज संसाधनों के अभाव में अस्पताल तक नहीं पहुंच पाए उनका गांव में ही स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज हो जाता है जिससे मरीजों को बड़ी राहत मिलती है, उन्होंने कहाकि समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इस मौके पर सीपी पाण्डेय, मालती पाण्डेय, जूली पाण्डेय, अश्वनी पाण्डेय, ललित पाण्डेय, नीलम, रामहर्ष, रामबरन, जमुना प्रसाद पाण्डेय अबोध, भवानी अवस्थी, सदाशिव अवस्थी, दयाशंकर त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री वा राज्य मंत्री ने जनपदीय अधिकारियों के साथ किया बैठक

**● केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश**

**जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें अधिकारी- प्रभारी मंत्री**

**स्वतंत्र प्रभात**

**अमेठी।** राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन/जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र सहित अन्य उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत माह अप्रैल से 20 सितंबर 2024 तक जनपद में सबसे ज्यादा प्रसव कराने वाली तीन एएनएम क्रमशः मुंद्रा देवी उपकेंद्र ककवा 205 प्रसव, शांति देवी उपकेंद्र कोरारी 180 प्रसव तथा उर्मिला उपकेंद्र किशनी 151 प्रसव कराए जाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने यूपी नेडा के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप की प्रगति, उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा, विद्युत विभाग के अंतर्गत शासन की मंशा के अनुरूप विद्युत आपूर्ति की स्थिति, खराब ट्रांसफार्मर के बदलने की स्थिति, लाइन लॉस के प्रकरण तथा विजिलेंस टीम द्वारा छापेमारी के दौरान उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशान करने की शिकायतों की समीक्षा, लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण, गड्ढा मुक्ति, सिंचाई पंप की आपूर्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, एंबुलेंस, टीकाकरण की स्थिति, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालयों की स्थिति, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल विकास, दुग्ध विकास, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, श्रमिक पंजीकरण, अधिष्ठापन पंजीकरण, श्रमिक दुर्घटना बीमा योजना, आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत शौचालयों में सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए तथा कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से छूटने न पाए। कृषि एवं सहकारिता विभाग को वर्तमान में डीएपी उर्वरक की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि सभी समितियां व किसान केंद्रों पर डीएपी उर्वरक की उपलब्धता रहे तथा कहीं पर भी उर्वरक को लेकर किसानों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। इसके उपरांत उन्होंने राजस्व कार्यों की समीक्षा किया जिसमें उन्होंने कृषक दुर्घटना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, जल जीवन मिशन शहरी, न्यायालय में लंबित वादों के निस्तारण की स्थिति सहित राजस्व के अन्य कार्यों की गहन समीक्षा किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने आबकारी, विद्युत, परिवहन, खनन, स्टाम्प, नगरीय निकाय विभाग द्वारा की गई वसूली की जानकारी ली एवं निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट के मामलों में गिरफ्तारी, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचना, गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया एवं पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। अंत में प्रभारी मंत्री ने



बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी शासन की योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच संवाद और समन्वय बेहतर रहे, किसी भी परियोजना का शिलान्यास, लोकार्पण जनप्रतिनिधियों से कराएं, योजनाओं के प्रस्ताव भी जनप्रतिनिधियों से प्राप्त किया जाए तथा प्राप्त प्रस्तावों के जवाब भी जनप्रतिनिधियों को समय से दिया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं जिनका लाभ पात्रों को दिया जाए तथा योजनाओं को धरातल पर पहुंचाया जाए इसमें कतई लापरवाही ना बरती जाए, सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यों के प्रति संवेदनशील रहे। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग की योजनाओं की प्रगति को बढ़ाएं, अपने-अपने कार्यों में रुचि रखें, कहीं भी कोई समस्या हो तो जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएं, अपने विभाग से संबंधित पूरी जानकारी रखें। जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका अनुपालन सुनिश्चित करें, जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें सरकार पूरी ईमानदारी से कार्य कर रही है हम सब लोग भी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक के उपरांत प्रभारी मंत्री ने कृषि विभाग द्वारा आत्मा योजना के अंतर्गत अन्तर्राज्यीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद से भेजे जा रहे किसानों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बताते चलें कि जनपद के 50 प्रगतिशील किसान प्रशिक्षण हेतु करनाल हरियाणा भेजे जा रहे हैं जो की 21 से 27 अक्टूबर 2024 तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। बैठक के दौरान उक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए एश्वर्य यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कान्हा गौशाला, प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का किया स्थलीय निरीक्षण

**● डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में निर्माणाधीन कबड्डी हाल व जिम का किया निरीक्षण**

**स्वतंत्र प्रभात**

**अमेठी।** राज्य मंत्री खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी, कान्हा गौशाला अमेठी, ग्राम पंचायत भरथी लोनियापुर में प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में निर्माणाधीन कबड्डी हाल व जिम का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम प्रभारी मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने एक्सरे रूम, नेत्र परीक्षण कक्ष, डिस्पेंसरी सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया एवं उनसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आयुष्मान केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा उपस्थित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं कहा कि मरीजों का बेहतर उपचार किया जाए। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में निर्माणाधीन कबड्डी हाल व जिम का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा बैडमिंटन हाल में कबड्डी व फुटबॉल प्रतियोगिता में चैंपियन बच्चों को ट्रॉफी व स्पोर्ट किट का वितरण किया। इसके उपरांत उन्होंने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने निराश्रित गोवंशों को पकड़ने के लिए कैटल कैचर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा गौशाला में मौजूद गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया वहीं पर प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना अंतर्गत एक लाभार्थी को गाय देकर अच्छादित किया एवं संबंधित अधिकारियों से गौशाला में पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, गोवंशों की ईयरटैगिंग, चिकित्सीय उपचार सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने ग्राम पंचायत भरथी लोनियापुर में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करने के साथ ही 6 माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया वहीं पर उन्होंने प्राथमिक विद्यालय का भी




निरीक्षण कर निपुण योजना के तहत बच्चों को स्टडी किट का वितरण किया तथा अध्यनरत बच्चों से शिक्षा के बारे में जानकारी ली एवं बच्चों से कविताएं आदि भी सुना एवं उपस्थित अध्यापकगणों को बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही शासन द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, बीएसए संजय तिवारी, डीपीओ आईसीडीएस संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में दो व्यवसायी एक डाक कर्मचारी की दर्दनाक मौत


**● घर से किसी दोस्त की पार्टी में शामिल होने की बात कह कर निकले थे बाइक सवार युवक**

**देर रात हादसा होने का लगाया जा रहा अंदेशा।**

**घटनास्थल पर एक ही जगह खड्डे में पड़ी मिली दो बाइकें और तीनों युवकों के शव**







**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बहाई गांव के निकट रविवार की देर रात को सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सोमवार की सुबह लोगों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जरूरी लिखापढ़ी के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तीनों दोस्त अपने घरों से किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल होने की बात कह कर घर से निकले थे। सरेनी थाना क्षेत्र के पूरे उसरहा (पूरेचंद्रशेखर) मजरे गोपाली खेड़ा गांव निवासी अभिषेक उर्फ गोपाल मिश्रा व उसका चचेरा भाई शिवेंद्र मिश्रा व बेनीमाधवगंज निवासी प्रशांत बाजपेई दो अलग-अलग एक ही रंग की नई बाइकों से शाम करीब सात बजे घर से निकले थे। देर रात बहाई गांव के निकट उनकी बाइकें सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का पोल टूट कर गिर गया और दोनों बाइकों का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद दोनों बाइकों पर सवार युवक बाइक समेत खड्ड में जा गिरे। सुबह ग्रामीणों ने उन्हें खड्डु में पड़ा देखा तब घटना की जानकारी हुई। आशंका जताई जा रही है कि देर रात को दुर्घटना हुई और मृतक व उनकी बाइकें खड्डु में पड़ी होने के कारण लोगों जानकारी नहीं हो सकी। सूचना पर पुलिस उन्हें बाहर निकलवाया और उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। तीनों नौजवानों की मौत से क्षेत्र में हाहाकार मच गया। परिवारीजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। तीनों मृतक अविवाहित थे। अभिषेक उर्फ़ गोपाल का गांव में ही सेनेटरी टाइल्स का बड़ा व्यवसाय था, जबकि उसके चचेरा भाई शिवेंद्र की मलकेगांव में पेंट और सेनेटरी की दुकान थी। तीसरा मृतक प्रशांत बाजपेई डाक विभाग में कार्यरत था। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतनामा कराकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## दुसान कंपनी के टीएमसी के मजदूरों के वेतन भुगतान को लेकर डीएम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन

**● वेतन बकाया एवं हाजिरी कार्ड में हेराफेरी को लेकर मजदूरों में बढ़ रहा आक्रोश**

**स्वतंत्र प्रभात**





**सोनभद्र।** सोमवार को ग्राम सेवा समिति के बैनर तले दुसान पावर कंपनी में टी0एम0सी0 कम्पनी द्वारा मजदूरों का भुगतान करने मामले में हेराफेरी व श्रम कानूनों के विरूद्ध कार्य एवं मजदूरों का शोषण किये जाने के सम्बन्ध मे मजदूरों ने डीएम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया।बताते चले कि उपजिलाधिकारी ओबरा के साथ बीते 08 अक्टूबर को दूसान पावर सिस्टम इण्डिया में कार्यरत सहसविदाकार टी0एम0सी0 के वर्करों/ स्टाफो के वेतन गड़बड़ी व बकाया भुगतान सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसमें श्रम विभाग व टी0एम0सी0 कम्पनी के अधिकारियों व मजदूरों के तरफ से ग्राम सेवा समिति के अध्यक्ष शिव दत्त दूबे के मध्य वार्ता हुई थी बीते 15. अक्टूबर को दूसरी वार्ता में श्रम विभाग के अधिकारी द्वारा कहा गया कि दूसान पावर सिस्टम इण्डिया लि0 के अधिकारी के समक्ष ही वार्ता किया जायेगा। परन्तु दूसान पावर सिस्टम इण्डिया लि0 के अधिकारियों ने उक्त के सम्बन्ध में किसी प्रकार की वार्ता करने से इन्कार कर दिया जिससे स्पष्ट होता है कि कार्यरत मजदूरों के वेतन में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की गयी तथा वेतन भुगतान भी समय से श्रम कानून के तहत नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उनके द्वारा नोटिस जारी कर दूसान पावर सिस्टम इण्डिया लि0 के अधिकारियों को वार्ता में बुलाया जाना आवश्यक एवं न्यायसंगत है, जिससे मजदूरों के साथ हो रहे शोषण को रोका जा सके एवं उनके साथ न्याय हो सके। अन्यथा की स्थिति में गरीब मजदूर टी0एम0सी0 दूसान पावर सिस्टम इण्डिया लि0 व मुख्य महाप्रबन्धक ओबरा तापीय परियोजना के खिलाफ धरना प्रदर्शन के लिए चेताया गया था। जिसको लेकर सोमवार को डीएम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। और जिलाधिकारी सोनभद्र बद्री प्रसाद को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द टीएमसी कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। डीएम ने आश्वसन दिया कि जल्द ही ठोस कार्रवाई की जाएगी एवं मजदूरों के भुगतान पूर्ण रूप से कराया जाएगा इस मौके पर शिवदत्त दुबे, उमेश शुक्ला एडवोकेट, महेश अग्रहरी, रविंद्र यादव के साथ सैकड़ो मजदूर उपस्थित रहे।

## सोनभद्र जनपद में सैनिक स्कूल की मांग को लेकर केंद्रीय रक्षा मंत्री से एक मुलाकात

**● पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव।**

**सोनभद्र।** सोनभद्र जनपद में सैनिक स्कूल खोले जाने हेतु चर्चा के लिए देश के केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव ने मुलाकात की। उन्होंने बताया कि सोनभद्र जनपद की सीमाएं 5 प्रदेशों से जुड़ी हुई हैं और यहां आदिवासी जनसंख्या की बहुलता है। इस जनपद में सैनिक स्कूल खुल जाने से देश की सेनाओं में सोनभद्र जनपद के युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, जिससे उनका शैक्षिक विकास तो होगा ही, साथ - साथ देश की सैन्य शक्ति बढ़ेगी क्योंकि सोनभद्र जनपद में बहुत सी छिपी हुई प्रतिभाएं हैं, जिन्हें राष्ट्रहित में पहचानना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस जनपद में सत्ता पक्ष के बहुत से जनप्रतिनिधि हैं, जिन्हें इस सम्बन्ध में बहुत पहले ही पत्राचार करना चाहिए था, परन्तु जब किसी ने इसकी आवाज़ नही उठाई तो एक जनप्रतिनिधि होने के नाते जनपद के युवाओं के हक में मुझे इस विषय पर चर्चा के लिए रक्षामंत्री से व्यक्तिगत भेंट करना आवश्यक लगा। इस मुलाकात में रक्षा मंत्री सोनभद्र के पूर्व परिचित लोगों के कुशल-क्षेम पर भी विस्तृत चर्चा किए। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्वर्गीय राम केवल यादव जी, राजा मिश्रा, स्वर्गीय देवेन्द्र शास्त्री- पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, सोनभद्र की विचारधारा व उनके परिजनों के हाल-चाल सहित कई मुद्दों पर भी बात की। अनिल यादव ने बताया कि उपरोक्त विषय के अलावा जनपद के शान आचार्य अजय पाठक को पद्म विभूषण सम्मान दिलाने हेतु भी मैंने रक्षा मंत्री से



वार्ता की जिसपर उन्होंने अपनी सहमति एवं आश्वासन भी दिया। विदित हो कि अनिल यादव जी अपने जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल से ही युवाओं के उत्थान एवं जनहित के मुद्दों पर हमेशा मुखर रहे हैं और जनसमस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। रक्षा मंत्री के साथ भेंटवार्ता करने वालों में रमेश सिंह, रमाशंकर दुबे, नीरज श्रीवास्तव, योग गुरु आचार्य अजय पाठक, समीर के साथ जनपद के अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**● खेत खनन मजदूरों के ज्वलंत सवालों और अन्य मांगों को लेकर यूनियन के कार्यकर्ताओं का 25 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**सोनभद्र,** सोमवार को उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन जिला कमेटी सोनभद्र की बैठक यूनियन के राज्य कार्यकारिणी सदस्य देव कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में पार्टी के पटवध कार्यालय पर संपन्न हुई। जहां बैठक में यूनियन की मजबूती और सदस्यता अभियान पर चर्चा करते हुए यूनियन की प्रांतीय कमेटी के आवाहन पर 25 अक्टूबर को राज्यव्यापी आंदोलन के कार्यक्रम को सफल बनाएं जाने पर भी रणनीति तय किया गया और निर्णय लिया गया कि खेत खनन मजदूरों के ज्वलंत सवालों और जाति जनगणना कराने, सरकारी कर्मचारियों के आर.एस.एस. की शाखाओं में भाग लेने के सरकारी आदेश को वापस लेने, मनरेगा को इमानदारी से लागू करने, विद्युत संसोधन 2022 को वापस लेने, स्मार्ट मीटर को वापस लेने, दलितों आदिवासियों व महिलाओं के उपर हो रहे हमले व अत्याचारों पर रोक लगाने, वनाधिकार कानून का मुस्तैदी से पालन कराने, खनन में खुले आम चल रही प्रतिबंधित मशीनों पर रोक लगाने, खनन में मजदूरों को रोजगार दिलाएं जाने के लिए, खेत खनन मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा की गारंटी तथा उनको रोजगार और पेंशन लागू कराने आदि मांगों को लेकर सोनभद्र में भी यूनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा 25 अक्टूबर 2024 को



जिला मुख्यालय पर भारी तादाद में पहुंच कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा और राज्यव्यापी आंदोलन को सफल बनाया जाएगा।यूनियन की बैठक में प्रमुख रूप से यूनियन के जिला सचिव आर के शर्मा, अमर नाथ सूर्य, धन्नू राम गोंड, तारकेश्वर गुप्ता, सूरज वंसल, राम सुरत बैगा, पप्पू भारती, फूलमती कोल, बाबूलाल चेरो, बुद्धि राम खरवार व विरेन्द्र सिंह गोंड आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस स्मृति दिवस पर एसपी अमेठी द्वारा पुष्प चक्र अर्पित करते हुए वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमेठी वा अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में कर्तव्य के पथ पर अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को याद कर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई**

**अमेठी।** "पुलिस स्मृति दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थानो के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व जनपद के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में उत्तर प्रदेश पुलिस के जवान जो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अदम्य साहस का परिचय देते हुए बदमाशों से मुठभेड़ मे लड़ते-लड़ते अपने प्राणो को न्यौछावर करने वाले अमर शहीद जवानों को याद किया गया तथा पुष्पचक्र/श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए श्रंद्धाजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस के जवान जो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अदम्य साहस एवं वीरता के साथ बदमाशों से मुठभेड़ मे लड़ते-लड़ते अपने प्राणो को न्यौछावर कर दिए मैं उन वीर सपूतों को सैल्यूट करते हुए उनके परिजनों के अच्छे स्वास्थ्य व



उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। आपके द्वारा देश के लिये जो बलिदान दिया गया है उसका पूरा देश सदैव ऋणी रहेगा। "शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशाँ होगा।

## कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ ,कार्यकर्ताओं का सम्मान मेरा सम्मान - प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा

**● जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, जिला प्रवक्ता चंद्र मौली सिंह, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, पंडित राम उंजेरे शुक्ला सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता रहे मौजूद**

**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई जिसमें जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए बैठक में जनपद के सभी जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है इसके मान सम्मान के लिए पार्टी हमेशा तत्पर रहती है, और प्रभारी मंत्री होने के नाते कार्यकर्ताओं का सम्मान मेरे लिए सर्वोपरि है बूथों पर कार्यकर्ता ही मेहनत और परिश्रम करके भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करता है और विजय दिलाता है। और आज गांव-गांव घर-घर सदस्यता कर रहा है आगे अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी अमेठी की जनता 2024 में विपक्ष की झूठ, फरेब और झूठ और छलावे वादों के झांसे में आ गई थी और अमेठी हम हार गए, आगे आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर के विपक्ष के झूठ और छलावे को मुंहतोड़ जवाब देना है और पूर्ण बहुमत की सरकार फिर से योगी आदित्यनाथ की 2027 में बनाना है। प्रभारी मंत्री ने कहा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों से जनमानस को जागरूक करना है। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि



बैठक में प्रमुख रूप से दयाशंकर यादव पूर्व जिला अध्यक्ष, उमाशंकर पांडे पूर्व जिला अध्यक्ष, शैलेंद्र प्रताप सिंह सदस्य विधान परिषद, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, पंडित राम उंजेरे शुक्ला,राकेश त्रिपाठी जिला महामंत्री, सुधांशु शुक्ला जिला महामंत्री चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी पूर्व विधायक, राकेश विक्रम सिंह प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख जगदीशपुर, सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**दोनों पक्षों ने पुलिस को दी शिकायतीपत्र**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के युसुफपुर गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में दो लोग चोटहिल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। घायल हरीशंकर ने बताया कि गांव निवासी सहदेव के बेटे का साला खीरों के हरवलियापुर निवासी लाला किसी बात को लेकर बुजुर्ग सहदेव को मारपीट रहा था। पड़ोसी होने के नाते उसने बीच बराव का प्रयास किया तो लाला ने उसकी भी पिटाई कर दी। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई। वहीं दूसरे पक्ष से लाला ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर हरीशंकर पर बेवजह मारपीट करने का आरोप लगाया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जाजमऊ पुलिस हाफ एनकाउंटर में चैन स्नेचर को पकड़ा

● -आरआरसी सेंटर का किया गया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** थाना जाजमऊ क्षेत्र अंतर्गत तिवारीपुर चौराहे के पास दिनांक 8 अक्टूबर को सुबह करीब 5:50 बजे एक व्यक्ति जो की मॉर्निंग वॉक के लिए निकला था पल्सर मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा व्यक्ति के गले की सोने की चेन की लूट की गई थी। जाजमऊ पुलिस ने एक मुठभेड़ में उसको पकड़ लिया है। इस संबंध में डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि इस चैन स्नैचिंग को हम लोगों ने चैलेंज के रूप में लिया था। और सीसीटीवी खंगाल कर बराबर इनपुट ले रहे थे। यह राजेश नाम का अपराधी है जो जनपद शामली का रहने वाला है जिस संबंध में थाना जाजमऊ पर मुकदमा धारा 304 बीएनएस बनाम मोटरसाइकिल चालक नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया था उसी क्रम में आज दिनांक 20-10-2024 को सायं करीब 9:00 बजे रात्रि प्योंदी चौराहे के पास चैकिंग के दौरान एक मोटर साइकिल सवार व्यक्ति को जब रोकने का प्रयास किया गया मोटरसाइकिल सवार गांव की तरफ भाग जिसे पुलिस बल द्वारा घेराबंदी की गई तो उसने अपने बचाव में फायरिंग शुरू कर दी जवाबी कार्यवाही में चालक सवर के पैर में गोली लगी जिसने दौरान पूछताछ लूट की घटना को स्वीकार करते हुए अपने साथ अन्य तीन और व्यक्ति को शामिल होने की बात बताई पकड़े गए व्यक्ति का नाम राजेश पुत्र जनार्दन थाना झिंझाना गांव खानपुर जिला सांवली बताया। पकड़े गए व्यक्ति के



विरुद्ध चंडीगढ़, पंजाब ,जनपद शामली उत्तर प्रदेश मैं विभिन्न अभियोग दर्ज है और जानकारी की जा रही है।

# ई- केवाईसी न कराने पर उचित दर की पांच फर्मों पर लगा अर्थ दंड

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन लखनऊ के द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में जनपद-कानपुर नगर में प्रचलित समस्त राशनकार्डो के समस्त लाभार्थियों की ई-केवाईसी का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तत्क्रम में समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कानपुर नगर के समस्त खाद्य क्षेत्रों व तहसीलों के माध्यम से जनपद में संचालित उचित दर दुकानों पर सम्बद्ध समस्त लाभार्थियों/यूनिटों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराये जाने हेतु समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता रहा है, साथ ही शासन की प्राथमिकता वाले उक्त कार्य में जिन उचित दर विक्रेताओं द्वारा रुचि नहीं ली जा रही है अथवा संतोषजनक प्रगति नहीं की जा रही है तथा विभागीय आदेशों व उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों की लगातार अवहेलना की जा रही है, ऐसे उचित दर विक्रेताओं के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि उक्तानुक्रम में दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 को जनपद-कानपुर नगर के खाद्य क्षेत्र नवाबगंज के 05 उचित दर विक्रेताओं द्वारा ई-केवाईसी के कार्य में रुचि न लिये जाने के दृष्टिगत, जिला पूर्ति कार्यालय, कानपुर नगर के स्तर से अर्थदण्ड लगाया गया है, जिसमें जगमोहन लाल द्विवेदी जिनकी शॉप आई0डी0-10341028, गगन जैन जिनकी शॉप आई0डी0-10340924, अरुण कुमार सिंह जिनकी शॉप आई0डी0-10340169, मालती शुक्ला जिनकी शॉप आई0डी0-10340933 एवं अभिषेक वर्मा जिनकी शॉप आई0डी0-10340900 है। इन सभी पाँचो विक्रेताओं पर एक-एक हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### रेल बाजार थाना प्रभारी समेत चार निलंबित, चोरी का सोना सर्राफ से बरामद कर रख लिया था अपने पास




**कानपुर।** चोरी का सोना सर्राफ से बरामद कर हज़म करने वाले थाना प्रभारी रेलबाजार समेत चार को निलंबित कर दिया गया है। अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था ने बताया कि थाना बर्रा क्षेत्र में एक चोरी हुई थी जिसमें बर्रा पुलिस जांच कर रही थी, जांच के क्रम में यह तथ्य सामने आये हैं कि चोर ने रेलबाजार क्षेत्र में एक सराफा व्यापारी को सोना बेचा था, सराफा व्यापारी के टच में कुछ पुलिसकर्मी थे जिनके द्वारा सोना अपने पास रख लिया गया। इन आरोपों की जांच हेतु एक टीम गठित की गयी थी, प्रथम दृष्टया आरोप सही पाये जाने पर थाना प्रभारी रेलबाजार विजय दर्शन शर्मा, उ.नि. यू.टी. नवीन श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल सुभाष तिवारी व हेड कांस्टेबल हामिल हफीज़ को निलम्बित कर दिया गया है।

### पैरोकारों को लंबित वादों को अपलोड करने का प्रशिक्षण




**कानपुर।** आज दिनांक 21.10.2024 को डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर पुलिस आयुक्त, मुख्यालय एवं अपराध कमिश्नरेट कानपुर नगर के नेतृत्व में अपर पुलिस उपायुक्त, अपराध कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा आयोजित कार्यशाला में समस्त थानों के कोर्ट पैरोकारों को 'सीएम डैशबोर्ड उत्तर प्रदेश 'पर न्यायालयों के लंबित वादों की जानकारी गूगल फॉर्म के माध्यम से अपलोड करने हेतु प्रशिक्षित किया गया, जिससे अभियोजन के अन्य गंभीर अपराध धारा- 302/304/364/395/397 भादवि एवं एनडीपीएस एक्ट/एससी-एसटी एक्ट उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम तथा साक्षी गणों का विवरण ( अधीनस्थ न्यायालय , सत्र न्यायालय ) की सफल पैरवी की जा सके ।

### छै प्रत्याशियों को नामांकन पत्र वितरित किया गया

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा सीट के लिए आज छै प्रत्याशियों को नामांकन पत्रों का वितरण किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श संग्राम पार्टी से सज्जन सिंह, विकास इंसाफ पार्टी से भानु प्रताप, बहुजन समाज पार्टी से वीरेंद्र कुमार, निर्दलीय कृष्ण कुमार यादव, निर्दलीय धर्मेंद्र फतवानी, तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक पार्टी से आफताब शरीफ़ ने नामांकन पत्र एक-एक सैट में लिया। आज भी किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया।

### छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक



**कानपुर।** थाना स्वरूप नगर क्षेत्र अंतर्गत उद्यान गर्ल्स कॉलेज में उप निरीक्षक तेजवीर सिंह, महिला उप निरीक्षक कल्पना पाठक व महिला उप निरीक्षक लक्ष्मी शर्मा द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूल के बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर व सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

### गुजैनी पुलिस ने धोखाधड़ी मामले में एक को पकड़ा



**कानपुर।** कमिश्नरेट की गुजैनी थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में बाबू सचान पुत्र राम कृष्ण सचान निवासी बी 779 बर्रा 8 थाना गुजैनी कानपुर नगर उम्र करीब 55 वर्ष को गिरफ्तार किया है। कमिश्नरेट पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है।

# पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ पर सुहागिनें रहीं निर्जला व्रत

● -चंद्र दर्शन और पूजा के साथ बुजुर्ग महिलाओं ने देर रात तक किया भजन कीर्तन

मेहंदी लगवाने के लिए सड़कों पर दिखाई पड़ी भीड़।

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** यहां सुहागन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए बुधवार की बीत रात 12 बजे से करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा। साथ ही देर रात तक बुजुर्ग महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन भी किए गए। यद्यपि अक्सर ऐसा भी होता है कि इनमें से बहुत सी महिलाएं अपना यह व्रत देर रात को इसलिए छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं, क्योंकि उनके पति पूजा के समय उनका वृत तुड़वाने समय से पहुंचते ही नहीं। वहीं रात को समयानुसार जैसे ही चंद्रमा के दर्शन हुए महिलाएं अपने घर की छत या कहीं भी जहाँ से चंद्रमा आसानी से दिख सके वहां पहुंचकर पूजा का सारा सामान लेकर सबसे पहले चंद्रमा की आरती उतारी और पूजा की।

रतन लाल नगर गुजैनी की विजय लक्ष्मी, नेहा और शिवांगी शालू बाजपेई ने बताया कि इस व्रत में उन्होंने अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख शांति की कामना की। इस अवसर पर चंद्रमा की पूजा अर्चना करने के बाद नेहा बाजपेई ने पति अनुराग और शिवांगी शालू ने पति सुबोध के पैर छूकर आशीर्वाद लेने के साथ भी ईश्वर से उनकी लंबी उम्र की कामना भी की। याद रहे कि इस करवा चौथ व्रत का हिंदू धर्म अपना अलग महत्त्व है। करवा चौथ के व्रत के दिन सुहागन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु के लिए व्रत लगती है, जिन महिलाओं का पहला करवा चौथ का व्रत होता है। उनमें अलग ही उत्साह देखने को मिला। यही नहीं आज करवा चौथ पर महिलाओं द्वारा सजने-संवरने की भी और सी लगी दिखाई पड़ी। साथ ही मेहंदी लगवाने का महिलाओं में अपना अलग ही उत्साह दिखा।

# नयनागढ़ महोत्सव समिति की बैठक संपन्न



स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर।** नयना गढ़ महोत्सव समिति की बैठक रविवार को एक स्थानीय लॉन में आयोजित की गई। बैठक में नैनागढ़ महोत्सव के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती के रूप में आयोजित करने पर चर्चा किया गया। बैठक में मेजर कृपा शंकर सिंह ने कहा कि नयनगढ़ महोत्सव समिति का 25 वें वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को सहयोग करना होगा । सभाजीत सिंह ने कहा कि नयना गढ़ महोत्सव समिति का 25 वां वर्षगांठ मनाया जा रहा है जिसमें 13 नवंबर को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन, 14 नवंबर को सुबह नमामि गंगे का कार्यक्रम व बजे सायं 7 अंतरराष्ट्रीय जादूगर राठी द्वारा जादू का मैजिक शो,15 नवम्बर को नृत्य एवं संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नैनागढ़ महोत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह पटेल ने कहा कि उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने चुनार किले का निर्माण कराया था और हम सब यह चाहते हैं की सम्राट राजा विक्रमादित्य जी की एक प्रतिमा चुनार में लगे।डॉ श्री प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा किया महोत्सव समिति की सोच है कि गंगा घाट का सुंदरीकरण होना चाहिए। अफसर अली ने कहा कि इस बार का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इस दौरान अनवर अली अनवर, राजू, गुप्ता, चंदन सेठ, जगदीश गुप्ता, श्याम धर चतुर्वेदी, अखिलेश सिंह, सूर्यबली यादव, मुरलीधर एडवोकेट विवेक चंद्रहास गुप्ता, रविंद्र सिंह, काजू सोनकर,आलोक श्रीवास्तव ,आदित्य गुप्ता पदयात्री, विकास कश्यप, सुरेंद्र सिंह, वीर सिंह, अखिलेश पांडे, पिंटू गुप्ता सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।अफसर अली अफसर ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# पति की लंबी आयु के लिए चांद का दीदार कर सुहागिनों ने खोला व्रत

स्वतंत्र प्रभात



**हलिया, मीरजापुर ।** पूरे क्षेत्र में रविवार को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा था। महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए इस दिन निर्जल व्रत रहती है। महिलाएं सोलह श्रृंगार कर शाम को पूजा के बाद चंद्रमा के दर्शन करने के बाद पति की पूजा की हैं। इसके बाद महिलाएं अपने पति के हाथों पानी पीकर व्रत खोली हैं। करवा चौथ के मौके पर महिलाओं ने रविवार को सामूहिक रूप से करवाचौथ की कथा सुनी।करवा माता की कथा सुनने के बाद भगवान शिव-पार्वती, करवा माता, गणेश और चंद्रमा की पूजा की। इस दौरान महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किया था। महिलाओं ने करवा माता से अखंड सौभाग्य का वर मांगा।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पतिव्रता सती सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से बचाए थे।वहीं एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार करवा नाम की एक पतिव्रता स्त्री ने अपनी सतित्व के बल पर अपने पति की जान बचाई थी। करवा ने मगरमच्छ को सूती साड़ी के धागे से अपने तप के माध्यम से बांध दिया था और अपने पति की जान बचाई थी। करवा चौथ का व्रत कर रही महिलाओं ने कहा कि आज उन्होंने करवाचौथ का व्रत रखा है।अपने पति की लंबी आयु की कामना की है। सुबह नहा-धोकर महिलाओं ने करवा माता की पूजा की। इसके बाद करवाचौथ की कथा सुनी।वे पूरा दिन व्रत करके रात को चंद्रमा निकलने पर चांद को अर्घ्य देकर ही अपना व्रत पूरा की है।मान्यता है कि सुहागिन महिलाएं करवा चौथ के दिन सूर्योदय से पूर्व उठकर अपनी सास के हाथों की बनी सरगी खाकर ही उपवास की शुरुआत करती हैं।

# एडीजी ने व्यापारियों संग की बैठक




● - त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने हेतु दिए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर डॉ0 के0एस0 प्रताप एवं पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र आनन्द कुलकर्णी ने सोमवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा व जनपद के समस्त अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में जनपद के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की और उनकी समस्याओं के निस्तारण को ले सम्बन्धित को निर्देशित किया । इसके अतिरिक्त आगामी त्यौहारों धनतेरस, दिवाली, छठपूजा के दृष्टिगत समस्त प्रभारी निरीक्षकों व थानाध्यक्षों के साथ गोष्ठी की, त्यौहारों को शांति एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस बल की ड्यूटी के सम्बन्ध में उचित दिशा निर्देश दिया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्रनाथ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनिल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर रुद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक कुमार शुक्ल, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी बरहज आदित्य कुमार गौतम, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह सहित जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष उपस्थित रहे ।

# बलरामपुर में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर से हुई मौत

● -युवक अपने बहन के घर से वापस जा रहा था अपने घर रास्ते मे हुआ हादसा




स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर-** बलरामपुर जनपद में एक बार फिर बड़ा सड़क हादसा हुआ है। जिसमे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिसमें हादसे के दौरान युवक की मौके पर मौत हो गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक वाहन इतना तेज था कि बाइक सवार युवक टक्कर के बाद दूर जा गिरा है और बाइक दूर जा गिरी है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची है जिसने युवक के शव को कब्जे में ले लिया है। पूरा मामला बलरामपुर के तुलसीपुर थाना क्षेत्र के खैरी चौराहा के पास का है जहां पर सोमवार करीब 12:30 बजे एक युवक बघेलखंड से अपने घर जमुनी जा रहा था, खैरी चौराहा के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई है। मृतक युवक राजा राम पुत्र लाखाराम जिसकी उम्र लगभग 28 वर्ष है जो ग्राम जमुनी थाना लालिया का निवासी है। वह अपने बहन के घर बघेलखंड थाना जरवा गया था जहां से वापस घर जा रहा था तभी रस्ते में यह हादसा हो गया जिसकी उसकी मौत हुई है । सूचना के बाद मौके पर पुलिस और परिजन पहुंचे है । मौके पर पहुच पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करने में व्यस्त है वही मृतक परिवार में मातम पसरा हुआ है। वही मामले पर जानकारी देते हुए कोतवाली तुलसीपुर प्रभारी अशोक सिंह ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेलिया है। घटना अज्ञात वाहन से हुई है पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# विंध्याचल में श्री विंध्य प्राचीन रविन्द्र नाटक रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात



**विंध्याचल।** मोती झील मार्ग पर स्थित मां विंध्यवासिनी सेवा समिति के भंडारा स्थल परिसर में चल रहे रामलीला के दूसरे दिन श्री राम जन्मोत्सव का मंचन किया गया। श्री विन्ध्य प्राचीन रविंद्र नाटक रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में राजा दशरथ व कौशल्या भगवान शंकर का पूजन अर्चन करती हैं। गुरु वशिष्ठ के आश्रम में पहुंच कर यज्ञ करते हैं, यज्ञ संपन्न होने के बाद गुरु वशिष्ठ ने प्रसाद के रूप में खीर देते हुए कहा कि इसको तीनों रानियां सेवन कर लें। गुरु वशिष्ठ ने उन्हें वरदान दिया कि पुत्र की प्राप्ति होगी। श्रृंगी ऋषि ने पुत्रेष्ठी यज्ञ करवाया राजा दशरथ ने क्षीर सागर में जाकर विष्णु भगवान की पूजन-अर्चन कर पुत्र प्राप्ति की कामना करते हैं। राजा दशरथ की तीनों रानियों ने चार सुंदर पुत्रों को जन्म दिया। प्रभु श्री राम, लक्ष्मण भरत एवं शत्रुघ्न का जन्म होता है। अयोध्यावासी खुशी के मारे नाचने व गाने लगे। राम और लक्ष्मण के नौ वर्ष के हो जाने पर , गुरु विश्वामित्र शिक्षा दीक्षा ग्रहण कराने के लिए अपने आश्रम ले जाते हैं। वहां पर राक्षसों द्वारा यज्ञ को भंग किया जाता है। पात्रों में दशरथ की भूमिका में प्रशांत द्विवेदी, गुरु विश्वामित्र की आदर्श उपाध्याय, विश्वामित्र अमन गोस्वामी, छोटा राम आयुष गोस्वामी,, लक्ष्मण की की भूमिका में एस मिश्रा कौशल्या अर्चना सिंह, करके सरिता मंत्ररा सीमा यादव ,एवं व्यास की भूमिका में गोपी रहे। संचालन जय चौरसिया ने किया। इस मौके पर संस्था के संरक्षक प्रकाश चंद पांडेय,अध्यक्ष संगम लाल त्रिपाठी, मंत्री कमल मिश्रा निर्देशक राज गिरी, सहित कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण आदि मौजूद रहे।

# दिवाली पर्व पर सिंथेटिक व नकली मिठाइयों की बाजार में भरमार

● -खोया से लेकर पनीर व अन्य सामग्री में चलता मिलावट का खेल

मिलावटी मिठाई बना समाज के लिए अभिशाप केमिकल युक्त मिठाइयों से फैल रहा बीमारी

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर-** दीवाली के नजदीक आते ही मिठाई सहित अन्य खाद्य पदार्थो की मांग काफी बढ़ जाती है। त्योहारों में आमतौर पर मिठाई नहीं खाने वाले लोग भी खरीदारी करते हैं । मांग की तुलना में आपूर्ति कम होने का नाजायज फायदा उठाने में कुछ व्यवसायी-दुकानदार नहीं चूकते। इस समय पूरे जनपद में मिलावटी मिठाई का धंधा खूब फल-फूल रहा है। बलरामपुर व अन्य प्रमुख शहरों में मिलावटी मिठाई की खरीद-बिक्री जोरों पर है जो स्वास्थ्य के लिए काफी नुकसानदेह है। सबसे बड़ी बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसे रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाया जा रहा है। कहने के लिए फूड सेफ्टी विभाग तो है। लेकिन खाद्य पदार्थों की दुकानों की लगातार जांच व छापेमारी नहीं होती है की बात सामने आ रही है वही जांच के नाम मात्र खानापूर्ति की जाती है कि बात सामने होती है ।

**जम कर हो रहा नकली मिठाइयों का कारोबार**

जनपद के तमाम बाजारो में नकली मिठाइयों का कारोबार जम कर हो रहा है । सूत्रों की मानें तो नकली मावे को खपाने की तैयारी चल रही है। मिठाई दुकानदार इसकी तैयारी पूरी तरह से कर रहे हैं। मिठाई दुकानों पर छापेमारी की जाती है इस दौरान कई मिठाइयों का सैंपल भी लिया जाता है लेकिन कौन-कौन सी मिठाई में मिलावट और किस दुकान पर क्या कार्रवाई हुई इसका पता नहीं लग पाता है । जबकि कार्रवाई भी राम भरोसे ही रहता है यही वजह है कि मिठाई दुकानदार



के हौसले बुलंद होते हैं और हर साल मिलावटी मिठाई का गोरखधंधा कर समाज मे जहर बेचते है ।

अगर बात की जाय दीपावली की तो अधिकतर दुकानदार सिंथेटिक दूध, मावा और अन्य सामान धड़ल्ले से तैयार करते हैं इसमें प्रयोग की जाने वाली चीजें इतनी घातक होती हैं कि कल्पना भी नहीं की जा सकती मिठाई बनाने के लिए दूध, मावे और घी की आवश्यकता होती है ।जिसकी मांग सबसे ज्यादा होती है. लेकिन खपत बढ़ाने के लिए मिलावट खोर इन उत्पादों को सोडा, डिटरजेंट, कॉस्मेटिक सोडा, यूरिया और चरबी का उपयोग कर मिठाई बनाते हैं और बाजार में बेचते हैं जिससे आमजन को मिठाई के नाम सिर्फ जहर बेच रहे है जिस पर प्रशासन को जांच कर कार्यवाही करने की आवश्यकता है जिससे नकली मिठाई बनाने और बेचने वालों पर अंकुश लग सके वही इससे होने वाले हानि से समाज को बचाया जा सके । जबकि अगर बात करे विभागीय कार्यवाही की तो जांच के नाम पर मात्र दिखावा ही नजर आरहा बाकी हाथी के दांत खाने के और होते है कि बात सामने आरही है जिसकी अगर नियमतः जांच हो तो बड़े स्कैम का खुलासा होगा।

# झोलाछाप चिकित्सक व उसके अज्ञात सहयोगी के विरुद्ध मुकदमा

● -अवैध अस्पताल सील पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल पर ताला लगा

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया -**ब्लॉक के भैसोड़ गांव में अस्पताल की जांच करने गई टीम के साथ दुर्व्यवहार व हंगामा करने के चौथे दिन सोमवार को जांच टीम में शामिल उपमुख्य चिकित्साधिकारी नोडल अधिकारी निजी चिकित्सालय डा. अवधेश कुमार सिंह व डा. अरूण कुमार वर्मा ने उपनिरीक्षक काशी सिंह व मनसुख लाल यादव की मौजूदगी में अस्पताल पर ताला लगाकर सील की कार्रवाई की। नोडल अधिकारी डा.अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि सीएमओ के निर्देश पर बिना पंजीकरण के अवैध रूप से संचालित काशी हास्पिटल के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सील कर दिया गया है। बीते 18 अक्टूबर को अस्पताल की जांच करने आई टीम पर अस्पताल संचालक व उसके साथियों द्वारा हंगामा करते हुए जांच में बाधा उत्पन्न करते हुए जांच टीम से दुर्व्यवहार किया गया था। वहीं इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने झोलाछाप के विरुद्ध तहरीर देकर ड्रमंडगंज थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पीलीभीत डंपर व डनलप की जोरदार भिड़ंत, एक की मौत

**पीलीभीत** एक तेज रफ्तार 10 टायर डंपर ने डनलप को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डनलप के परखच्चे उड़ गए। टायर डंपर व एक डनलप की जोरदार भिड़ंत हो गई। तेज रफ्तार आ रहे डंपर ने डनलप को रौंद दिया, जिससे डनलप चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सकों ने डनलप चालक को मृत घोषित कर दिया, अन्य दूसरे युवक का इलाज किया जा रहा है। आपको बता दे कि थाना जहानाबाद इलाके के पीलीभीत हरिद्वार नेशनल हाइवे स्थित अप्सरा नदी के पास आ रहे तेज रफ्तार 10 टायर डंपर ने डनलप को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डनलप के परखच्चे उड़ गए। डनलप चालक पिंटू उर्फ गंगाराम (26) की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक पिंटू का भतीजा अरुण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है।

## डीएम ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि की मौजूदगी में निर्बाध और गुणवत्ता परख विद्युत आपूर्ति को लेकर की समीक्षा बैठक

निर्बाध एवं गुणवत्तापरक विद्युत आपूर्ति हेतु चलाई जा रही है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी आरडीएसएस योजना को लेकर डीएम संजय कुमार सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह की मौजूदगी में समीक्षा बैठक की। इस दौरान इंजीनियर संतोष कुमार मधुकर अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल पीलीभीत), इंजीनियर प्रशांत गुप्ता अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड-पूरनपुर), इंजीनियर पंकज भारती अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड-पीलीभीत इंजीनियर रामानुज गुप्ता (उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड-बीसलपुर) एवं योजना की कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिसमें आरडीएसएस योजना के अंतर्गत कराये जा रहे विभिन्न कार्यों जैसे कि एलटी लाइन की आर्मर्ड केबल, खुले व जर्जर तारों का एबी केवल से प्रतिस्थापन, नए कृषि पोषक, 11 केवी एवं 33 केवी की जर्जर लाइनों के तारों को बदलने का कार्य, अतिभारित 11 केवी एवं 33 केवी पोषको क्तकरण, से स्मार्ट मीटरिंग एवं अन्य कार्यों की संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

## संपूर्णानगर में फातिमा क्लीनिक का हुआ शुभारंभ



**संपूर्णानगर खीरी** डा. खान फैमिली पर्यावरण के साथ शिक्षा एवं स्वास्थय के क्षेत्र में भी खान मेडिकल स्टोर डा. आई.ए. खान द्वारा संचालित अजीम क्लीनिक एण्ड एक्स रे के रुप में हमेशा सेवा देते रहे हैं । और एक बार फिर इंजीनियर दानिश खान की पत्नी डा. नेहाब फातिमा MBBS फातिमा क्लीनिक क्षेत्रवासियों की सेवा को त तत्पर है। खबर है कि फातिमा क्लीनिक की डॉक्टर नेहाब फातिमा जो एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है और इस क्षेत्र में क्लीनिक खोलकर बड़े पैमाने पर बेहतर से बेहतर इलाज देने की बात कही है डॉक्टर फातिमा खान परिवार का एक हिस्सा है। जो की व्यापार मंडल महामंत्री इश्तियाक अहमद खान की बड़ी बहू है खान परिवार हमेशा से ही क्षेत्र के लोगों की समस्याओं परेशानियों को लेकर आगे आते रहे हैं ।और हर संभव इलाज देने में मदद करने में पीछे नहीं रहते है। फातिमा क्लिनिक पर इलाज के लिए 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी!

## राम लीला आदर्श जीवन जीने और त्याग का देता है संदेश- मनोज उमर

**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** राम चरित मानस श्री राम के आदर्श और त्याग से भरी हुई गाथा है। रामलीला में मंचन के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन व त्याग को दर्शाया जाता है। इससे लोगों को प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उतारना चाहिए। यह बातें समाजसेवी मनोज कुमार उमर वैश्य ने नगर पंचायत गोला के पुराने पोस्ट ऑफिस के सामने रविवार को देर रात आदर्श रामलीला कमेटी के द्वारा मंचन किए जा रहे रामलीला के शुभारंभ में भगवान राम और माता सीता की आरती उतारने के बाद दर्शकों को सम्बोधित करते हुए कहीं। आगे उन्होंने कहा हमारा धर्म सनातन धर्म है। हमको अपने सनातन धर्म के लगाव होना चाहिए। इस दौरान महंत राजेंद्र दास महाराज,शैलेष ऊर्फ मंटू बाबा, शिव प्रसाद वर्मा,अमित दास, आकाश जायसवाल, संजय गुप्ताडा अशोक जायसवाल, रामचंद्र अग्रवालअनिरूद्ध कसौधन आदि मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत स्तार पर कैसे मिलेगी लोगों की सुविधाएं जब पंचायत भवनों पर लटक रहा है ताला BDO प्रधान मिलकर काट रहे हैं मलाई

**स्वतंत्र प्रभात**



आपको बताते चले विकासखंड बढ़नी अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों की स्थिति ठीक नहीं है क्योंकि जिम्मेदार को उदासीनता वा लापरवाही के कारण क्षेत्र के अधिकार पंचायत भवनों में हमेशा तला लटकता रहता है और पंचायत सहायक बैठते ही नहीं है जिसके चलते ग्रामीणों के प्राथमिक स्तर की अधिकांश समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है ऐसे में कोसो दूरी के तय कर ब्लॉक मुख्यालय पर चक्कर लगाने उनकी मजबूरी बन गई है ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल आय प्रमाण पत्र जाति पत्र निवास प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र पेंशन विधवा पेंशन विकलांग पेंशन खतौनी की नकल आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सभी जरूरी सुविधाओं का लाभ गांव में नहीं मिल पा रहा है जबकि इसके लिए सरकार द्वारा लाखों रुपया खर्च करके प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत भवनों का निर्माण कराया गया है।

पंचायत पा रहे हैं जबकि रोस्टर के अनुसार पंचायत भवन पर ADO पंचायत सचिव की बैठने का फरमान जारी हुआ है और क्षेत्रीय लेखपाल से लेकर ग्राम पंचायत स्तार के सभी कर्मचारियों को भी मौजूदगी रहने के लिए सरकार की तरफ से निर्देश जारी हुआ है। आलम यह है कि विकासखंड बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के अधिकारी पंचायत भवन पर हमेशा ताला ही लटकता रहता है। काफी संख्या में पंचायत भवन का अपूर्ण जर्जर है सरकार की मंशा है कि पंचायत भवन को मिनी उदासीनता वा लापरवाही के कारण पंचायत भवन की स्थिति उस की तमाशा बने हुए हैं। स्वतंत्र प्रभात पत्र की टीम पड़ताल में सोमवार को बढ़नी विकासखंड के ग्राम पंचायत जियाभरी ग्राम पंचायत धनौरी में और बरगदवा में पंचायत भवनों पर ताला लटका मिला और ग्राम पंचायत हृदय नगर का पंचायत भवन निर्माण अधीन मिला इस संबंध में ज्यादा जानकारी के लिए पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार को फोन करने पर उन्होंने बताया कि अगर पंचायत भवन पर ताला लटकता रहता है तो बहुत गलत है जांच करके कार्रवाई की जाएगी दूसरी बात श्याम मुरली मनोहर मिश्रा बढ़नी विकासखंड BDO संवाददाता से संपर्क नहीं हो पाया क्योंकि संवाददाता का मोबाइल नंबर ब्लॉक लिस्टेड कर दिया गया है।

# भारत को जानो क्विज परीक्षा में राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी के बच्चों ने बाजी मारी

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भारत विकास परिषद शाखा गोला द्वारा श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में भारत को जानो प्रतियोगिता के द्वितीय चरण के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती माता व विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण मुख्य अतिथि श्री अमन गिरि विधायक गोला, विशिष्ट अतिथि अवनि कुमार पांडे जी.एम.लीगल, विशिष्ट अतिथि मुदित शाह प्रधानाचार्य राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीक्षित, सचिव सुनील गुप्ता, संरक्षक डॉ. सौरभ दीक्षित, गुरुदेव शर्मा, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, अरविंद गुप्ता रामजी आदि ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गोला नगर के कृषक समाज इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, गोला पब्लिक इंटर कॉलेज, श्री लाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज, राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी के जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी के कुश शुक्ला एवं लक्ष्य प्रजापति की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में भी राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी की आराध्या वर्मा एवं जोहा परवीन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाखा के अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीक्षित ने बताया कि नैमिष प्रांत द्वारा अगले महीने होने वाली प्रांतीय प्रतियोगिता में दोनों विजेता टीमे गोला शाखा की ओर से प्रतिभाग करेगी। प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण के सभी विजेताओं को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अवधेश मिश्रा, के.के. शुक्ला,शाखा के उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, परविजय सिंह, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कर्म सिंह ने किया।

# पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था किया गया निरीक्षण

**● यातायात व पार्किंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ करने के सम्बन्ध में दिए दिशा-निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात**



**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को एसपी खीरी द्वारा पटाखा साइलेंसर, प्रेशन हॉर्न, अवैध अतिक्रमण को हटवाने व अनावश्यक रुप से संचालित ई-रिक्शा के विरुद्ध चलवाया गया सघन चैकिंग अभियान। बता दें लखीमपुर शहर में सोमवार को पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को देखने के लिए संकटा देवी मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी खीरी द्वारा एआरटीओ खीरी व ट्रैफिक प्रभारी को यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने की चेतावनी दी। साथ ही सक्रियता से काम करने को कहा। एसपी खीरी द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था में लगे अधिकारियों से यातायात के प्रत्येक क्षेत्र एवं वहां लगाए जाने वाले ड्यूटी व्यवस्था, यातायात बल के साथ ही जाम लगने वाले पाइंट, जाम लगने के कारण व उसके निदान की जानकारी ली।

एसपी खीरी द्वारा एआरटीओ खीरी, टीएसआई खीरी व ट्रैफिक पुलिस को यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढं करने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए। साथ ही वाहनों में लगे पटाखा मॉडिफाइड़ साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न व अनावश्यक रुप से संचालित ई-रिक्शा के विरुद्ध सघन चैकिंग अभियान चलवाते हुए ट्रैफिक नियमों के अनुसार चालान कराया गया व रोड पर होने वाले अनावश्यक अवैध अतिक्रमण को हटवाने को लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मुबारक सफर उमरा के लिए रवाना हुए आठ जायरीन

**स्वतंत्र प्रभात**



**बरवर खीरी-** नगर पंचायत बरवर के मोहल्ला जलील नगर से लईक खां व उनकी पत्नी व दुसरे वसीम अहमद व उनकी पत्नी व मोहल्ला मोलवीगंज से फिरोज असलम व उनकी पत्नी तथा रोशन नगर से चुन्नन अहमद व उनकी पत्नी मुक़द्दस सफर उमरा करने के लिए मक्का मदीना के लिए सुबह बरवर से छः बजे रवाना हुए मुबारक सफर पर रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी मुबारक बाद पेश की वहीं सफर पर गये जायरीनों से मक्का मदीना शरीफ़ पहुंचकर अमन चैन की दुआ मांगने की दरख्वास्त की बहीं पत्रकार महताब आलम सोनू व फैज आलम ने सभी पुरुष यात्रियों को माला पहनाकर मुंह मिठा कराकर मुबारक पेश की मुक़द्दस सफर उमरा पर गये जायरीनों के नाते-रिश्तेदारों व परिजनों सहित नगर के तमाम लोगों ने दुआ की दरख्वास्त की वहीं निवर्तमान चेयरपर्सन नसरीन बानो के बेटे मिर्जा शहरियार बेग ने लखनऊ चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर जायरीनों से मिलकर मुंह मिठा कराकर मुबारक दी व मक्का मदीना में पहुंचकर दुआ की दरख्वास्त की इस दौरान नगर के काफी लोग मौजूद रहे।

# बीआरसी में शिक्षकों का एक दिवसीय श्रीअन्न मिलेट्स प्रशिक्षण सम्पन्न

**● शिक्षकों को दी गई पोषक तत्वों से भरपूर मोटे आनाज की जानकारी**

**शिवगढ़, रायबरेली।** कृषि विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश मिलेट पुनरुद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत बीआरसी शिवगढ़ में शिक्षकों का एक दिवसीय श्रीअन्न मिलेट्स प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें शिक्षकों को श्रीअन्न योजना एवं मिलेट्स की उन्नतशील खेती एवं उनके उत्पादों की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस एक प्रशिक्षण में शिक्षकों को बाजारा, ज्वार, सांवा, रागी, कोदो, रामदाना, चेना, कंगनी, कुटकी, कुट्टू आदि मोटे आनाजों के लाभ बताए गए एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर के कृषि वैज्ञानिक डॉ.आर.के. कनौजिया ने मोटे अनाज के लाभ बताते हुए कहा कि मोटे अनाजों में कैल्शियम, फ़ाइबर, विटामिन, आयरन, और प्रोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है, मोटे अनाजों में मौजूद फ़ाइबर पाचन तंत्र के लिए फ़ायदेमंद होता है। वहीं विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. रंजन द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि मोटे अनाजों को खाने से लम्बे समय तक पेट भरा रहता है, जिससे वज़न कम करने में मदद मिलती है, मोटे अनाजों में मौजूद कैल्शियम हड्डियों को मज़बूत करता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन सलाहकार दिनेश पाल ने बताया कि मोटे अनाजों में मौजूद आयरन खून की कमी को दूर करता है, मोटे अनाजों में मौजूद विटामिन बी माइक्रो न्यूट्रिएंट्स न्यूरोलॉजिकल बीमारियों से बचाता है, मोटे अनाजों में मौजूद मैग्नीशियम हार्ट सेहत के लिए फ़ायदेमंद होता है, मोटे अनाजों में मौजूद पोषक तत्वों से शरीर को ऊर्जा मिलती है। वहीं तकनीकी सहायक शिवचेतन सिंह ने बताया कि मोटे अनाजों की खेती करना आसान है,इनके पौधे सूखे में भी पनप सकते हैं और इनकी फ़सल पकने में कम समय लगता है। वहीं एडीओ एग्रीकल्चर दिलीप सोनी ने पराली प्रबंधन, मृदा परीक्षण की विस्तृत रूप से जानकारी दी। शिवगढ़ बीज भण्डार प्रभारी शिवशंकर वर्मा द्वारा राजकीय बीज भण्डार शिवगढ़ में उपलब्ध उन्नतशील बीजों, कृषि यंत्रीकरण एवं उस पर मिलने वाले अनुदान निःशुल्क मिनी किटों की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस मौके पर शिक्षक अभिमान सिंह, राजेंद्र बाजपेई, संतबक्स सिंह, मुकेश प्रताप, संतोष कुमार, राजेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, माया जायसवाल, सौरभ द्विवेदी, अनिल कुमार आनन्द, रामू भारती, हरिमेश सिंह, अच्छेलाल, राकेश कुमार, आत्माराम सहित भारी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# साधन सहकारी समिति पर डीएपी न होने से किसान परेशान

**स्वतंत्र प्रभात**



**बंडा/शाहजहांपुर/**बंडा क्षेत्र के ग्राम ररूआ साधन सहकारी समिति पर बुवाई के समय डीएपी न मिलने पर किसान परेशान हैं। इससे पहले भी गोदाम प्रभारी दबंगई के चलते विवादों की सुर्खियों में रहे।रवि की बुवाई में सबसे ज्यादा डीएपी का प्रयोग किसान करतें हैं गेहूं जौं तिलहन दलहन के अलावा सब्जियों में सबसे ज्यादा खपत आलू की बुवाई में होती है धान कटने के बाद किसान आलू के लिये खेत तैयार रहा है अधिकांश किसान आलू की बुवाई से पहले खेत तैयार करते समय डीएपी डाल कर ही बुवाई करता है धान काटने के बाद नमी न चली जाए यह सोच कर जुताई नहीं कर पा रहा है डीएपी आए तो खेत बनाने का काम शुरू हो ऐसे में किसान, साधन सहकारी समितियां पर लटकता ताला या फिर डीएपी नहीं है लिखा देखा मायूस होकर वापस चला जा रहा है।ढिमरई के तेहर सिंह ररूआ से ब्रह्म स्वरूप वर्मा, विनोद कुमार आदि ने बताया डीएपी की दिक्कत से किसान रवि की फसल समय से नहीं कर पाता जिसका असर पैदावार पर पड़ता है ।ररूआ के गोदाम प्रभारी अक्सर अपनी मनमानी करते हैं। डीएपी आए कब नहीं आए इसका हम लोगों को कोई पता नहीं चलता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया गोदाम प्रभारीअपनी मर्जी के अनुसार 100, 50 कट्टे प्रभावशाली लोगों, व, दुकानदारों को को इकट्ठे उठवाते हैं। इन लोगों ने ररूआ साधन सहकारी सीमित पर सरकार से डीएपी के लिए कारगर कदम उठाए जाने की मांग की जिससे किसानों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा और ना ही लोगों को प्राइवेट डीएपी पौने दामों पर मजबूर होंगे ।इधर उप जिला अधिकारी पुवायां ने बताया जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम प्रधान एवं स्थानीय प्राधिकारी सदस्यों के उन्मुखीकरण हेतु आयोजित की गई ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी

**स्वतंत्र प्रभात**





**बरेली/**क्यों लड़िया मैं स्थित जय गुरुदेव बारात घर में ग्राम प्रधान एवं स्थानीय प्राधिकारी के सदस्यों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन क्योलड़िया में किया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय विक्रमपुर के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा स्वागत गीत की सुन्दर प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉक्टर एमपी आर्या की गरिमा उपस्थिति रही । विधायक आर्या ने अपने संबोधन में वताया कि एक समय था जब सरकारी प्राथमिक विद्यालय मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हुआ करते थे लेकिन वर्तमान समय में विद्यालय सुंदर भवन, बैठने के लिए डैस्क टेवल, बाउंड्री वॉल, निशुल्क ड्रेस एवं पुस्तकें सहित विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। उन्होंने कहा कि आज सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में प्राइवेट विद्यालयों की अपेक्षा कहीं अधिक एजुकेटेड शिक्षक शिक्षण कार्य कर रहे हैं । विधायक के द्वारा उत्कृष्ट कार्य कर रहे विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी भदपुरा विजय कुमार ने राज्य सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा विद्यालय स्तर पर उपलब्ध कराई जा रहीं विभिन्न योजनाओं एवं लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि डीबीटी के माध्यम से छात्रों को जूते मोजे गणवेश बैग एवं विभिन्न प्रकार की स्टेशनरी के क्रय हेतु धनराशि का प्रेषण अभिभावकों के खातों में सीधे तौर पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन विद्यालयों में पांच या पांच से अधिक बच्चे आउट ऑफ स्कूल के हैं तो वहां रिटायर्ड शिक्षक के माध्यम से उन्हें पढ़ाने की सरकार की योजना है। इसके साथ-साथ उन्होंने ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाने हेतु किए जा रहे सफल प्रयासों, निपुण कार्य योजना, निपुण एसेसमेंट टेस्ट, नेशनल अचीवमेंट सर्वे, संचारी रोगों के रोकथाम हेतु उपायों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। एआरपी श्री संजीव कुमार सिंह ने "प्रोजेक्ट के तहत दी जा रही गुणवत्तापूर्ण तरीके से रोचक डिजिटल एजुकेशन के बारे में विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रत्येक विद्यालय में स्मार्ट टीवी या स्मार्ट बोर्ड के मध्य रोचक तरीके से शैक्षिक गतिविधियों का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है। एआरपी श्री धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यालय विकास में विद्यालय एवं समुदाय की परस्पर सहभागिता एवं सहयोग के महत्व पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर कायाकल्प के तहत19 पैरामीटर्स को पूर्ण करते हुए विभिन्न कार्यों जैसे टाईलीकरण, विद्युत कनेक्शन, कुर्सी मेज, हैंड वॉश यूनिट, बालक एवं बालिका हेतु पृथक् शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल आदि की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

शिक्षक हरेंद्र पटेल ने बताया कि ब्लॉक भदपुरा के सभी शिक्षकों के द्वारा संपूर्ण निष्ठा के साथ विद्यालय में अध्यापन कार्य किया जा रहा है जिसके लिए वह सभी प्रशंसा के पात्र हैं। प्राथमिक विद्यालय जासपुर के छात्रों के द्वारा "पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब" एवं "रामायण" मंचन की सुन्दर प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में राजवीर सिंह, ओम बाबू गंगवार सर्वेश कुमार गंगवार रविंद्र कुमार गंगवार गन्ना समिति डायरेक्टर सुरभीक सिंह सत्येंद्र मोहन रफीक अहमद डॉ अल्पना गुप्ता, ठाकुरदास, इंद्रपाल गंगवार, तेजपाल मौर्या, अरुण कुमार, रविंद्र सिंह साहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक प्रधानाध्यापक ग्राम प्रधान एवं स्थानीय प्राधिकरण के सदस्य मौजूद रहे।

# आज राहुल नगर मजदूर बस्ती मे भाकपा माले के नेतृत्व मे चल रहे अनिश्चितकालीन क्रमिक भुख हड़ताल

**स्वतंत्र प्रभात**



**पीलीभीत पुरनपुर** आज राहुल नगर मजदूर बस्ती मे भाकपा माले के नेतृत्व मे चल रहे अनिश्चितकालीन क्रमिक भुख हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलन स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव कॉमरेड देवाशीष राय ने कहा कि नदी कटान से राहुल नगर क्षेत्र को बचाने का आंदोलन का आज सत्रह वे दिन और भुख हड़ताल का तीन दिन गुजर जाने के बावजूद अभी तक प्रशासन तथा सरकार के तरफ से कोई भी जिम्मेदार अधिकारी आकर संतोष जनक जवाब नहीं दिया और न ही ठोकर बांध का काम शुरु किया, इससे साफ जाहिर होता है कि इस क्षेत्र को बचाने के प्रति झूठा आश्वासन देकर भाजपा सरकार क्षेत्र के पीड़ित किसान मजदूरों के साथ खिलवाड़ कर रही है। दरअसल भाजपा और आर एस एस शुरु से ही दलिल,पिछड़ों,अतिपिछड़ों, के जमीन रखने, पड़ने लिखने तथा सामाजिक कार्यो मे हिस्सेदारी के विरोधी रही हैं।

ट्रांस शारदा क्षेत्र में बहु संख्यक दलिल पिछड़ी जातियों के लोगों की आबादी है तथा बंगाली समुदाय जो किअनुसूचित जाति के श्रेणी में आते है के लोग भी भारी संख्या में नौजलहा से लेकर रामनगर,गभीया, चंदिया हजारा, राहुल नगर, खिरकिया, कालोनी ठुश 6, जो कि लखीमपुर तक बसे हुए हैं। इन दलिल पिछड़ी जातियों के पास जमीन रहे वे भी आर्थिक रूप से मजबूत हो खुशहाल रहे, भाजपा आर एस एस को यह बात रास नहीं आ रही है। इस लिए टाइगर रिजर्व के नाम पर नदी कटान के जरिए योजनाबद्ध तरीके से उजाड़ा जा रहा है।

नदी कटान के कुछ वर्षो के बाद जब ज़मीन फिर से पट जाती है उस जमीन पर किसानों को वनविभाग द्वारा खेती करने पर रोक लगाया जाता हैं जबकि यह जमीन किसानों को पट्टे पर तत्कालीन सरकार द्वारा पुनर्वासन और कॉलनैजेशन योजना के तहत दिया गया था। एक तरफ किसान मजदूरों को आबाद करने की बात करती हैं तो दूसरे तरफ किसान मजदूरों को ही उजाड़ देने की योजना बनाई जाती हैं। भाजपा सरकार की यह दोहरी चाल

# व्यापारियों के हितो के लिए आजीवन संघर्ष करता रहूंगा- नरेंद्र गर्ग

**● नई जिला कार्यकारिणी गठित। नरेंद्र गर्ग बने जिलाध्यक्ष।**

**व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से भेंट करेंगे व्यापारी।**

**स्वतंत्र प्रभात**



**सोनभद्र-** व्यापारियों के हितों के के लिए गठित जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन आज प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंचन के निर्देशानुसार जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं नव मनोनीत प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व्यापारी नेता रतनलाल गर्ग की द्वारा जिला कार्यालय पर आहूत बैठक मे पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्रदेश अध्यक्ष वनवारी लाल कंछल द्वारा रतनलाल गर्ग को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव रमेश सिंह, जिला अध्यक्ष नरेंद्र गर्ग, जिला महामंत्री मनोज जालान, हिदायतुल्ला खान को मनोनयन पत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नरेंद्र गर्ग ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि- "आज मैं संकल्प लेता हूं कि मैं व्यापारियों के हितों के लिए आजीवन संघर्ष करता रहूंगा, जनपद मे आए दिन व्यापारियों के शोषण की खबरें प्राप्त हो रही है,

त्योहारों के सीजन में व्यापारियों का शोषण बढ़ जाता है उन्हें तमाम प्रकार से हैरान एवं परेशान किया जाता है। जल्द ही जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल सूबे के मुख्यमंत्री से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराएगा।इस अवसर पर अजीत सिंह भंडारी, विमल जालान, हिदायतुल्ला खान, मनीष खंडेवाल, प्रमोद गुप्ता, आसिफ, चंदन केसरी, अजहर खान आदि व्यापारी नेताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारी का माल्यार्पण कर उनका स्वागत करते हुए बधाई दिया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## गोवंश ऑडिट के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की गई बैठक



आज दिनांक 21 अक्टूबर को विकास भवन में वित्तीय वर्ष 18,19 19, 20,21 एवं 21, 22 में गोवंश ऑडिट आपत्ति निस्तारण के संबंध में बैठक की गई ढ्ढ बैठक में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी स्थानीय निधि,समस्त पशु चिकित्सा अधिकारी समस्त खंड विकास अधिकारी एवं गौशाला से संबंधित पंचायत सचिव उपस्थित रहेढ्ढ समीक्षा के दौरान समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह वर्ष वार लंबित गोवंश आडिट आपत्तियों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर एक सप्ताह में कराया जाना सुनिश्चित करें ढ्ढ सहयोग हेतु जिला लेखा परीक्षा अधिकारी स्थानीय निधि लेखा से सहयोग प्राप्त करें।

## मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास भवन में खंड विकास अधिकारियों के सग बैठक कर दिए निर्देश



आज दिनांक 21 अक्टूबर को समस्त खंड विकास अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक विकास भवन में संपन्न हुई बैठक में समस्त खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक उपस्थित रहे ढ्ढखंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे फैमिली आईडी के अंतर्गत सर्वे कराकर आवेदनों की संख्या बढ़ाया जाना सुनिश्चित करें तथा ग्राम विकास एवं पंचायती राज द्वारा संचालित कार्यक्रमों के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप पूर्ति सुनिश्चित करें।

## जगदम्बा फिटनेस प्वाइंट का उद्घाटन किया गया




**जिगना, मीरजापुर।** जिला के छानबे क्षेत्र के खम्हरिया दमुआन कटरा श्री नर्वदेश्वर नाथ मंदिर के पास जगदम्बा फिटनेस प्वाइंट का नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र के करकमलों के द्वारा फिता काटकर किया गया। उद्घाटन के बाद अच्छे कलाकारों के माध्यम से सुंदर कांड का आयोजन किया गया। जगदम्बा फिटनेस प्वाइंट के प्रोपाइटर ने बताया कि इसमें सभी प्रकार की नयी तकनीक के सामान व्यायाम करने के लिए रखा गया है जिसमें नवयुवक अपने आप को शरीर के फिटनेस करके स्वस्थ्य रह सकता है। जगदम्बा फिटनेस प्वाइंट में केवल पुरुष वर्ग की व्यवस्था किया गया है। जगदम्बा फिटनेस प्वाइंट सुबह छः बजे से लेकर सांयकाल आठ बजे तक खुला रहेगा। जगदम्बा फिटनेस प्वाइंट में आने वाले नवयुवक को तीन दिन तक ट्रायल करने के बाद चार सौ रूपये महीने फिस लीया जायेगा। जगदम्बा फिटनेस प्वाइंट में व्यायाम करने के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था किए गए हैं। जगदम्बा फिटनेस प्वाइंट के उद्घाटन के समय अर्पन पांडेय, नमन दुबे, कर्तिक दुबे, प्रविन मिश्रा, आर्दश मिश्रा, महेश, नन्हे दुबे, योगेश, गुप्ता, राहुल पांडेय, कान्हा दुबे, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, घनश्याम पांडेय, प्रकाश दूबे, दिना नाथ दुबे, सूर्यमणि दूबे आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सब्जी लेकर मंडी जा रहा बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन से हुआ घायल

**अदलहाट, मीरजापुर ।** वाराणसी मीरजापुर हाइवें मार्ग पर शेरपुर गांव के सामने सोमवार की भोर में अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से बाइक सवार युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया।ग्रामीणों की सूचना पर एम्बुलेंस व पीआरबी टीम मौके पर पहुंच कर घायल को रामनगर स्थित सरकारी अस्पताल मे भर्ती करा दिया।घटना की जानकारी होते ही परीजन अस्पताल मे पहुंच गये ।पीआरबी टीम के चंदन यादव ने बताया कि चुनार थाना क्षेत्र के जलालपुर माफी ग्राम निवासी इसराइल 19 वर्ष पुत्र मैनूद्दीन अपनी बाइक पर साक सब्जी लादकर बेचने रामनगर सब्जी मंडी जा रहा था।हाइवें पुल पर शेरपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से गम्भीर रुप से घायल हो गया था।एम्बुलेंस कर्मी के कहने पर साथ चलकर रामनगर अस्पताल मे भर्ती करा दिया तथा परीजनों को सूचना देकर बुला लिया। गम्भीर रुप से घायल के बड़े भाई महफूज अंसारी ने बताया की इसराइल तीन भाइयों मे सबसे छोटा था।परिवार का मुख्य कार्य खेती किसानी है।इसराइल को सिर मे गम्भीर चोट लगी है जिसकी वजह से अभी भी बेहोश है।

# अपर जिला जज ने तम्बाकू, गुटका, शराब का सेवन न करने तथा ठोस अपष्टि एवं पशु क्रूरता की जानकारी दिए छात्रओं को

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के कार्ययोजना के तहत माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनमोल पाल के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर तथा स्वास्थ्य विभाग, नगरपालिका परिषद के संयुक्त तत्त्वावधान में राजकीय इण्टर कालेज सदर महुअरियाप परिसर तम्बाकू निषेध, ठोस अपष्टि प्रबन्धन एवं पशु क्रूरता विषयक जागरूकता शिविर शुभारम्भ अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव डीएलएसए विनय आर्या ने किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या ने उपस्थित अधिकारीगण, विद्यालय के छात्राओं, कर्मचारियों को तम्बाकू गुटका छोड़ने का संकल्प दिलाये कि ÷खुद नशा नहीं करेगें और अन्य लोगों को भी नशा न करने की नसीहत से प्रोत्साहित करेंगे÷ और बताया कि तम्बाकू पान, बीडी, सिगरेट, गुटका, के सेवन करने वाले व्यक्ति को हृदयरोग, मुधमेह, टीबी, लकवा, दृष्टि विहीनता, फेफडे के रोग व कैंसर नामक की बीमारी हो जाती है। इन बीमारियों से प्रत्येक 6.5 सेकेण्ड में एक व्यक्ति की मौत हो जाती है। तम्बाकू में निकोटिन नामक तत्त्व की मात्रा ज्यादा होने के कारण इन्सान को नशे का आदी तो बनाता ही है, साथ ही उसके दुष्प्रभाव से मानव के शरीर में अनेकों बीमारियों जन्म लेने लगती हैं, नशा छोड़ने के लिए दृढ इच्छा शक्ति का होना अति आवश्यक है। उन्होने ठोस अपष्टि के बारे में बताया कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल-2016 लागू किया गया है जिसके तहत गांव शहर गली कालोनी एवं अपने अपने घर एवं बाहर आस पास को स्वच्छ रखने की जरूरत है। साफ सफाई रखने से कोई बीमारी नहीं होती है। गंदगी रहने और पानी के जमाव से गम्भीर बीमारियों फैलती है, ठोस अपष्टि के तहत गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा के बारे में छात्राओं को नसीहत दिए साथ ही छात्राओं को पशुओं पर दया करने और प्यार करने को कहा। पशुओं पर कूरूरता ना करें, पशु बे-जूबान होते है, बोलते नहीं परन्तु बददुआ देते है।

डा0 राजेश यादव ने बताया कि किसी भी प्रकार के नशा को छोड़ने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति का होना अति आवश्यक है, तभी तम्बाकू शराब, पान, बीडी सिगरेट, गुटका, गुल मंजन आदि को छोड़ने में सफलता मिलेगी।

ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन समिति सदस्य मनोज कुमार सेठ, सूर्य प्रकाश यादव, संजय कुमार ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल-2016 के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन समिति से सन्दर्भित गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा से कम्पोस्ट खाद तैयार करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। जीआईसी वाईस प्रिंसपल जय सिंह ने मुख्य अतिथि एवं अन्य उपस्थित अधिकारीगण का स्वागत व संचालन किए। जागरूकता शिविर में दीपक कुमार श्रीवास्तव, गनर अंगद यादव, ध्रुव तिवारी, पीएलवी जय प्रकाश सरोज, कृष्ण कुमार एवं विद्यालय के अध्यापक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये और सहयोग प्रदान किए।


## जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार में निर्माणाधीन 50 सैय्या फील्ड अस्पताल का किया निरीक्षण




स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** सोमवार को जिलाधकारी प्रियंका निरंजन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार परिसर में निर्माणाधीन 50 शैया फील्ड अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कमियों को दूर करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकाारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी, ओटी, ड्रेसिंग रूम, दवा भंडार व लैब, कोल्ड चेन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कैंपस में साफ सफाई रखने के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने फील्ड हास्पिटल निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिशासी अभियन्तर एसके मिश्रा, अवर अभियन्ता रंजीत सिंह तथा सहायक अभियन्ता नरेंद्र मौर्या से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। अवर अभियन्ता ने जिलाधिकारी को बताया कि 3.04 करोड़ से भूतल पर 24 तथा प्रथम तल पर 26 बेड के लिए भवन निर्माण कराया गया है। वर्तमान में टाइल्स लगाने व फिनिशिंग का कार्य अंतिम चरण में है। मौके पर शौचालय में टाइलीकरण, अंदर फाल सीलिंग का कार्य कराया जा रहा था। जिसे समय से पूरा करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। उन्होंने कहा कि हैंडओवर के पूर्व जिन विभागों से एनओसी लेनी है उसकी कार्यवाही भी पूरी करने के साथ समय से भवन को हैंड ओवर करें। जिलाधिकारी ने ओपीडी रजिस्टर से दवा वितरण पंजिका का मिलान किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति व ओपीडी रजिस्टर देखा। इसके बाद ओपीडी कक्ष में पहुंची जिलाधिकारी ने चिकित्साधिकारी डा. चंद्रशेखर से आज की ओपीडी के बारे में पूछा और रजिस्टर चेक किया। जिसमें 110 मरीजों का विवरण अंकित था। चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवा से दवा वितरण रजिस्टर का मिलान करने पर सभी विवरण सही पाए गया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी राजेश वर्मा व प्रभारी चिकित्साधिकारी आरके पटेल को निर्देश दिया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व तहसील परिसर की की भूमि की नाप कराकर उसे सुरक्षित करें। साथ ही पीएचसी पर जर्जर अवस्था में चिकित्साधिकारी आवास के स्थान पर नए आवास का निर्माण कराने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

## सप्त दिवसीय भागवत कथा के तीसरे दिन प्रजापति दक्ष के अहंकार के विनाश का सुंदर वर्णन



**चील्ह, मीरजापुर।** विकासखंड कोन अंतर्गत श्रीपट्टी गांव में हो रहे सात दिवसीय भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार की शाम 06 बजे से रात 10 बजे तक काशी से आए कथावाचक दीपक दास जी महाराज ने राजा दक्ष की पुत्री सती व शिव विवाह की कथा, मनु सतरूपा की कथा, प्रहलाद और हिरण्य कश्यप की कथा, अजामिल और गणिका की कथा का विस्तार से वर्णन किया जिसमें भगवान शंकर के द्वारा राजा दक्ष को प्रणाम न करने पर राजा दक्ष ने अहंकार वस भगवान शंकर का अपमान किया व यज्ञ में निमंत्रण नहीं भेजा तथा माता सती का यज्ञ मंडप में अपमान किया जिसे वह यज्ञशाला में ही कूद कर जान दे दी। जिससे कुपित होकर भगवान शंकर ने वीरभद्र को भेज कर यज्ञ का विध्वंस कर राजा दक्ष के अहंकार का नाश किया ।महाराज जी ने बताया कि अहंकार ही विनाश की जननी है। कथा के अंत में भगवान भागवत की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर भारी संख्या में महिला, पुरुष भागवत प्रेमी उपस्थित रहे।

# भदोही में नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य की गोली मारकर हत्या



**●अपाचे सवार बदमाशों ने घर के पास गोलियां बरसा की हत्या**

**प्रधानाचार्य की हत्या के आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जनपद में सोमवार को हौसला बुलंद अपाचे बाइक पर सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली बरसाकर इंद्र बहादुर नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र बहादुर सिंह को घायल कर दिया। ईलाज के लिए उन्हें अस्पताल भेजा गया लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना कि खबर लगते ही भदोही पुलिस अधीक्षक डॉ मीनाक्षी कात्यायन भी मौके पर पहुँच गई। भदोही पुलिस अधीक्षक के अनुसार भदोही शहर कोतवाली के आमिलौरी गाँव निवासी योगेंद्र बहादुर सिंह (56) शहर स्थित इंद्र बहादुर नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हैं। सोमवार की सुबह अपने घर से कहीं जाने के लिए कार से निकले थे। घर से करीब 200 मीटर दूर बसावनपुर के पास जैसे ही उनकी कार पहुँची उसी दौरान अपाचे मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर तत्काल ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक भदोही और अपर पुलिस अधीक्षक, डॉ तेजवीर सिंह और क्षेत्राधिकारी ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस टीम रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रहीं है। प्राचार्य के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया। हाल के दिनों में भदोही में अपराध का ग्राफ बढा है। यह घटना पुलिस के लिए चुनौती है।

## बर्रा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल समेत दो को पकड़ा

**कानपुर।** प्रभारी निरीक्षक बर्रा के नेतृत्व में थाना बर्रा पुलिस द्वारा आज दिनांक 21 अक्टूबर को चोरी की मोटर साइकिल समेत दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। प्रेस नोट में पुलिस ने बताया कि हनी उर्फ मोहम्मद हनी पुत्र मुन्ना निवासी सत्ती नगर मंगला विहार सनिगवां थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र 20 वर्ष, बीरू पुत्र मूलचन्द्र निवासी ग्राम अस्ता थाना मलवा जिला फतेहपुर उम्र 21 वर्ष हालपता लाल बंगला चौकी के बगल में थाना चकेरी कानपुर नगर को गिरफ्तार किया गया इनके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी गयी मोटर साइकिल बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317 ( 2 ) बीएनएस की वृद्धि करते हुए अभियुक्तों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।

## पुलिस स्मृति दिवस 'पर एडीजी कानपुर - पुलिस कमिश्नर व डीआईजी ने पुलिस लाइन में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए



**कानपुर।** आज पुलिस स्मृति दिवस पर एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह, पुलिस आयुक्त कानपुर कमिश्नरेट, डीआईजी कानपुर व अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा शहीद पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन कानपुर में श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस स्मृति दिवस पुलिस शहीदों की याद में हर वर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। ''पुलिस स्मृति दिवस'' का उत्तर प्रदेश में मुख्य समारोह राजधानी लखनऊ में आयोजित किया जाता है जहां मुख्यमंत्री तथा डीजीपी आदि वरिष्ठ अधिकारी श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं।

# महजूदा के ज्ञानालय को गोद लेकर स्वयं सेवी संस्थाओं ने दी सुविधाएं

**●युवा शिक्षण केंद्र का डीपीआरओ ने किया शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही ।** सुरियावां विकास खण्ड के महजूदा गाँव के ज्ञानालय को गोद लेकर मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान व वेल्सपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज के सयुंक्त तत्वावधान में ग्राम सभा के पंचायत भवन में युवा शिक्षण केंद्र का शुभारंभ सोमवार को जिला पंचायत राज अधिकारी संजय मिश्रा द्वारा फीता काटकर किया। ज्ञात हो कि जनपद के पूर्व जिलाधिकारी गौरांग राठी ने अपने अभिनव पहल के अंतर्गत जनपद के सैकड़ो ग्राम पंचायतों में ज्ञानालय का निर्माण कराया था।पूर्व जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्राम पँचायत सचिवालय महजूदा में भी ज्ञानालय का निर्माण कराया गया था।स्वयं सेवी संस्था मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान व वेल्सपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज ने ग्राम सभा महजूदा के ज्ञानालय को गोद लेकर ज्ञानालय में उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान की।संस्था द्वारा ज्ञानालय में पर्याप्त संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी व एनसीआरटी की पुस्तकें उपलब्ध कराई ।ज्ञानालय को सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए मासिक मानदेय पर एक वालंटियर की नियुक्ति भी की।

ज्ञानालय के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी संजय कुमार मिश्रा ने कहा डीपीआरओ सर ने कहा की ज्ञानालय से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में बड़ी मदद मिलेगी उन्होंने कहा की शासन द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग का भी संचालन किया जाता हैं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए विद्यार्थियों को इस योजना का भी लाभ लेना चाहिए। डीपीआरओ ने कहा कि हम सभी चाहते है की गांव का बच्चा बच्चा इस केंद्र का लाभ उठाए व पढ़ लिख कर नाम ऊंचा करे । इस मौके पर ए डीपीआरओ अभयराज यादव, ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय, विमलेश चन्द्र यादव, अमित मिश्रा ,ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज मौर्या, दीपक पाठक, प्रमोद पांडेय उमाशंकर, कर्मबली ,केशा, राजकुमार शेषमणि विजय आदि लोग मौजूद रहें।

# नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी तरल पर आधारित क्षेत्र दिवस सह कृषक गोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




आज दिनांक 21/10/2024 को जनपद भदोही में विकास खंड डीघ के बी पैक्स सूर्यभानपुर में इफको नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी तरल पर आधारित क्षेत्र दिवस सह कृषक गोष्ठी का आयोजन इफको लखनऊ से आये वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के. एन. तिवारी जी की अध्यक्षता में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीसीओ ज्ञानपुर श्री पी. सी. चौरसिया, बी पैक्स सूर्यभानपुर अध्यक्ष श्री इंद्र कुमार शुक्ला जी थे। बी पैक्स सूर्यभानपुर के सचिव श्री राजेश बहादुर जी उपस्थित थे । वरिष्ठ वैज्ञानिक इफको लखनऊ डॉ.के. एन. तिवारी सर द्वारा नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, सागरिका, लिक्विड कंसोर्टिया,जल विलय उर्वरक एवं इफको के अन्य उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और किसानो को प्रोत्साहित किया गया कि आगामी रबी सीजन में गेहूं , सरसो, आलू की बुवाई के समय बीज को इफको नैनो डीएपी से 5 मिलीलीटर प्रति किलोग्राम की दर से बीज को शोधित कर बुवाई करे एवं जब पत्तियां आ जाए तो 4 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करे एवं दानेदार डीएपी की मात्रा आधी प्रयोग करे । सूक्ष्म पोषक तत्व के बारे में भी किसानो को जानकारी दी गई।

क्षेत्र अधिकारी इफको भदोही द्वारा फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही किसानो को बुवाई /रोपाई के समय नैनो डीएपी का प्रयोग अवश्य करे साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्याधिक प्रयोग से जल,मृदा एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया । एडीसीओ महोदय द्वारा उपस्थित सभी किसानो को संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग के साथ वैकल्पिक उर्वरक नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया ।

कार्यक्रम के बाद सभी किसानो को इफको नैनो यूरिया डीएपी पर आधारित प्रगतिशील किसान श्री दीपक मिश्रा के मिर्च एवं बैगन की फसल पर हुए प्रक्षेत्र प्रदर्शन का भी भ्रमण कराया गया जिसमें नैनो डीएपी की 5 मिलीलीटर प्रति लीटर के दर से जड़ को शोधित कर रोपाई किया गया था और 25 दिन की फसल होने पर 4 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव किया गया था । नैनो डीएपी का प्रभाव फसल पर स्पष्ट दिख रहा था और वहा पर उपस्थित सभी किसान संतुष्ट थे । श्री शिवशंकर यादव जी के टमाटर के फसल में हुए नैनो डीएपी प्रदर्शन का भी भ्रमण किया गया जिसमे 5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से जड़ शोधन कर एक छिड़काव नैनो डीएपी का किया गया था । कार्यक्रम में इफको एसएफए हॉटस्पॉट विकास यादव ,प्रगतिशील किसान श्री दीपक मिश्रा सहित 100 से अधिक किसानो ने प्रतिभाग किया।

## "पुलिस स्मृति दिवस"के अवसर पर डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही व अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए वीरगति प्राप्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात



आज दिनांक 21-10-2024 को "पुलिस स्मृति दिवस" के अवसर पर कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहूति देने वाले पुलिसकर्मियों की स्मृति में पुलिस लाईन ज्ञानपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही सहित सभी राजपत्रित अधिकारियों व अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा शहीद हुए पुलिसकर्मियों को याद कर उन्हें पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के संदेश से सभी पुलिसकर्मियों को अवगत कराते हुए विगत एक वर्ष में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को याद करते हुए उनकी शौर्य गाथा बताई गई। गौरतलब हो कि कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु देश भर के पुलिस बल द्वारा प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को "पुलिस स्मृति दिवस"मनाया जाता है । बता दें कि दिनांक 01.09.2023 से 31.08.2024 तक पूरे भारत वर्ष में 216 पुलिसकर्मी अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहूति दे दी जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस के 02 पुलिसकर्मी आरक्षी स्व0 रोहित कुमार जनपद फतेहगढ़ व आरक्षी स्व0 सचिन राठी जनपद कन्नौज ने अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।

**पुलिस स्मृति दिवसः-** 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट-स्प्रिंग के पास CRPF (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की एक टुकड़ी भारत-तिब्बत सीमा पर नियमित गस्त के लिए निकली थी। उसी दौरान पहले से ही घात लगाकर बैठे चीनी सैनिकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सीआरपीएफ के जवानों ने भी उस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया लेकिन उस अचानक हुए हमले में सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हो गए तथा सात अन्य जवान घायल हो गए, उसी दिन से उन 10 वीर सीआरपीएफ जवानों की शहादत को याद करते हुए प्रत्येक वर्ष संपूर्ण भारतवर्ष में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और लद्दाख में शहीद हुए वीर पुलिसकर्मियों के बलिदान के सम्मान में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को "पुलिस स्मृति दिवस"मनाया जाता है ।

# सेबिष्को कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन भारतीय स्पोर्ट ने आदर्श स्पोर्ट्स को 74 रनो से हराया

**●दूसरे मैच में विंध्यवासिनी क्रिकेट ने टारगेट क्लब को 7 रनो से हराया।**

स्वतंत्र प्रभात



**चुनार, मीरजापुर ।** सेबिष्को कप क्रिकेट प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम मेड़िया चुनार मिर्जापुर के ग्राउंड पर खेला जा रहा हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को पहला मैच आदर्श स्पोर्ट्स अकादमी और भारतीय स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ टॉस जीतकर आदर्श स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी फील्डिंग करने का निर्णय लिया भारतीय स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पे 167 रन बनाएं बल्लेबाज़ी टीम से चंचल यादव 32 रन,अथर्व यादव ने 30 रन बनाए । गेंदबाजी टीम से अजय कुमार ने 5 विकेट प्राप्त किया।168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आदर्श स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी की टीम 14 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई। गेंदबाजी टीम से छोटू यादव 3 विकेट और नयन सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किया। इस मैच में भारतीय स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी ने 74 रन से जीत हासिल की।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार छोटू यादव को दिया गया।वही दूसरा मैच विंध्यवासिनी क्रिकेट अकादमी और टारगेट क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमे विंध्यवासिनी क्रिकेट अकादमी की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 113 रन बनाए बालेबाज़ टीम से अभय दुबे 38 रन बनाए।वही गेंदबाजी टीम से अंकित कुमार ने 4 विकेट प्राप्त किया।114 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टारगेट क्रिकेट क्लब 20 ओवर में 106 रन ही बना सकी।इस तरह विंध्यवासिनी क्रिकेट अकादमी की टीम 7 रन से विजयी हुई।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार उदय दुबे को दिया गया।इस दौरान प्रवीन सिंह ÷किट्टू÷ भईया, रजत सिंह, गौतम सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, हेमंत पाण्डेय, अमित चतुर्वेदी, संजय सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।वही अंपायर छोटू यादव, मनोज सिंह,स्कोरर सौर्य सिंह, उपमा सिंह रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## निर्वाचन आयोग द्वारा-निर्देशों के विपरीत निर्वाचन व्यय की शिकायत दूरभाष नं0-0532-2990390 पर करायें दर्ज

**प्रयागराज।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के विपरीत किसी भी दल/प्रत्याशी द्वारा किये जा रहे निर्वाचन व्यय की शिकायत दूरभाष नं0-0532-2990390 पर करायें दर्ज अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 256-फूलपुर विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के दौरान निर्वाचन व्यय सम्बंधी भ्रष्ट आचरण की शिकायतों के लिए शिकायत नियंत्रण कक्ष एवं कॉलसेन्टर का गठन किया गया है। शिकायत नियंत्रण कक्ष व कॉलसेन्टर को कोषागार, कलेक्टेªट, प्रयागराज के कार्यालय परिसर में सक्रिय कर दिया गया है, जिसमें स्थापित दूरभाष-0532-2990390 पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के विपरीत किसी भी दल/प्रत्याशी द्वारा किये जा रहे निर्वाचन व्यय की शिकायत की जा सकती है।

## भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यों का किया गया नवीनीकरण




**कौशाम्बी।** विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान के अन्तर्गत आज जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण कर जनपद कौशाम्बी में शुभारम्भ किया। कड़ा मण्डल अध्यक्ष प्रदीप कुमार पटेल के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान के अन्तर्गत जिलाध्यक्ष ने सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण किया।साथ ही जिलाध्यक्ष ने सभी पार्टी के सदस्यों से व कार्यकर्ताओ से अपील किया की। आप भी सक्रिय सदस्य बनें और लोगों को प्रेरित कर इस अभियान में सहभागी बने और यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को साकार करें। और दूसरो को भी इस अभियान से जोड़े ताकि हम सभी मिलकर राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दे सकें। व पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के सपनों को पूर्ण करें।

## ससुर खदेरी नदी की जमीन पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग करने वालो पर कब होगी कार्यवाही



**कौशाम्बी।** जनपद के जिला मुख्यालय मंझनपुर से तीन किलोमीटर दूर कादीपुर स्थित ससुरखदेरी नदी के पास प्लाटिंग की गई है। प्लाटिंग करने वाले लोगो ने नदी के मानक की भी जमीन नही छोड़ी। 15 मीटर नदी के मानक वाली जमीन को कब्जा करके प्लाटिंग कर दिया गया है। वही जिला प्रशासन भी नदी की जमीन को खाली करवाने में नाकाम साबित हो रहा है। जो कि आप लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है लोगों का कहना है कि आम जनमानस के घर डी के आने में तो प्रशासन बड़ी तेजी दिखता है लेकिन भू माफियाओं के कब्जे से नदी की जमीनों को खाली नहीं कराया जा रहा है। सिराथू तहसील के कादीपुर गांव में तैनात लेखपाल भी विषय में कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो लेखपाल की मिलीभगत होने के कारण ही कोई भी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। अब देखने वाली बात यह होती है कि क्या जिला प्रशासन ससुर खदेरी नदी की जमीन प्रशासन खाली करवा पता है कि नही।

## जनता इण्टर कॉलेज पहाड़पुर में मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम किया गया आयोजित



**कौशाम्बी।** जनपद में आज दिनांक 21 10 2024 को जनता इण्टर कॉलेज पहाड़पुर सिराथू कौशांबी में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वालम्बन जैसे विषयों पर अश्वनी कुमार जी( थाना मोहम्मदपुर पैसा) द्वारा विस्तार से चर्चा करते हुए बालिकाओं का मार्गदर्शन किया गया और अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राकेश कुमार सिंह जी ने थाना मोहम्मद और पैसा की पूरी टीम को धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस स्मृति दिवस अपना जीवन बलिदान कर देने वाले पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि।





स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज, पुलिस आयुक्त प्रयागराज द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कर्तव्यपथ पर अपना जीवन बलिदान कर देने वाले पुलिसकर्मियों को yth BN PAC प्रयागराज स्थित शहीद स्मारक पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक सलामी दी गयी,। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज, अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेला, पुलिस उपायुक्त अपराध/नगर/ यमुनानगर व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# तकरीबन साढ़े चौदह करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति जब्त।

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** ईडी ने समाजवादी पार्टी के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा के परिवार और करीबियों पर शिकंजा कस दिया है। ईडी की प्रयागराज यूनिट ने विजय मिश्रा की तकरीबन साढ़े चौदह करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति जब्त की हैं। ईडी ने कुल पांच संपत्तियां जब्त की हैं। ये संपत्तियां प्रयागराज, दिल्ली और मध्य प्रदेश के रीवा में थीं। ये संपत्तियां विजय मिश्रा की पत्नी और पूर्व एमएलसी राम लली मिश्रा के साथ ही करीबी भोलानाथ शुक्ल और चंदन तिवारी के नाम थीं।




ईडी ने जो पांच संपत्तियां जब्त की हैं, उनमें 12.54 करोड़ की अचल संपत्तियां हैं और 1.85 करोड़ का फिक्स डिपाजिट भी शामिल है, जो बैंक में जमा था। ईडी ने यह कार्रवाई विजय मिश्रा के खिलाफ दर्ज मनी लांड्रिंग केस के तहत की है। जांच के दौरान इन संपत्तियों के बारे में जानकारी मिली थी। विजय मिश्रा के परिवार ने वीएसपी स्टारर रीयल्टी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से बना रखी थी। जब्त की गई संपत्तियों में चार अचल और एक चल संपत्ति शामिल है।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सराय अकिल का किया औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**● - जिलाधिकारी ने ऐएनसी जॉच को और सुदृढ़ बनाये जाने के दियें निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सराय अकिल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पायें गये। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों की उपस्थिति, ओपीडी कक्ष, आईपीडी लैब, फार्मेसी, आयुष्मान एवं डिलेवरी कक्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने डॉक्टरो को निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होंने वहॉ पर उपस्थित महिला डॉक्टरों से महिलाओं के इलाज सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करते हुए ऐएनसी जॉच को और सुदृढ़ बनाये जाने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने महिला डॉक्टरों से कहा कि महिलाओं को ऐएनसी-एच एवं आरपी के बारे में भी जागरूक किया जाय। उन्हांने अस्पताल में रिकार्ड मेंटीनेन्स करने के लिए और अधिक ध्यान देने के लिए कहा तथा इनीमिया वार्ड को और अच्छे ढंग से चलाने के भी निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने डेंगू मरीजों के बारे में पूछ-तॉछ कर जानकारी प्राप्त की, जिस पर बताया गया कि सराय अकिल क्षेत्र में अभी डेगूं से पीड़ित कोई भी मरीज नहीं मिला है। उन्होंने लेबर रूम के डिलेवरी रजिस्टर को चेक किया, जो कि संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर पायी गई।

# सनातन धर्म के खिलाफ साजिश करने वालों की खैर नहीं

**● - चायल के सैयद सरावां में आयोजित हुई विश्व हिंदू परिषद की बैठक**

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में सोमवार को चायल तहसील क्षेत्र के सैयद सरावा में एक बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने किया जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के सह मंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी उपस्थित रहे बैठक का संचालन संगठन के संदीप शुक्ला ने किया। इस मौके पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा समय में जिले भर में सनातन धर्म के मानने वालों के खिलाफ एक सोची समझी रणनीति के तहत अभियान चलाया जा रहा है। जिले में लैब जिहाद और लैंड देहात की घटनाओं पर बढ़ोतरी देखी गई है जो यह प्रमाणित करता है कि यह खुद व खुद नहीं हो रहा है बल्कि इन सारी घटनाओं के पीछे एक संगठित अपराधी गिरोह कम कर रहा है। इस मौके पर बोलते हुए सह मंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी ने कहा कि यह जो घटनाएं संगठित लोगों के द्वारा कार्य की जा रही है उसे पर संगठन की पहली निगाह बनी हुई है। हम सभी सनातन धर्म को मानने वाले एग्जिट होकर इन विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सनातन विरोध में चल रही इन साजिशों को कामयाब नहीं होने देंगे और इन साजिश करता हूं कि अब खैर नहीं है। मौके पर मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने एक और में इन घटनाओं का विरोध करते हुए उनके खिलाफ अभियान चलाए जाने पर अपना समर्थन दर्ज कराया। बैठक संगठन के गांव चलो अभियान के तहत आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से टीकम चौरसिया शिवम पाण्डेय, सर्वेश पटेल, दीपक मौर्य, अंकित दिवाकर, कार्तिकेय, सुनील गब्बर, विवेक केसरवानी, सुरेश दिवाकर, राजेश मोदनवाल, सुनील साहू, सनी कुशवाहा, सिद्धू दुबे, अंकित गौतम, बबलू यादव, रूपनारायण मौर्य, जीत लाल पासी, राम चन्द्र पासी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# चित्रकूट मानिकपुर विधायक ने बढ़ाया कौशाम्बी का गौरव -मनोज मिश्र

स्वतंत्र प्रभात





**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार में कौशाम्बी निवासी हमेशा हर वर्ग की लड़ाई लड़ने वाले पाठा की धरती पर अपना तिरंगा फहराने वाले मानिकपुर के ब्राह्मणों के गौरव युवाओं की शान विधायक आदरणीय माननीय अविनाश चन्द्र द्विवेदी को उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग और विकास नियोजन समिति में सदस्य बनाए जाने पर अलग-अलग जगह पर लोगों ने खुशियां मनाएं कहा कि आज जिस प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कौशाम्बी के लाल पर भरोसा जताया है उसे हम लोगों में हौसला अफजाई हुआ है इसके लिए हम उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय योगी को बहुत-बहुत बधाई देते हैं जिन्होंने कौशाम्बी के और चित्रकूट के हित को देखते हुए एक ईमानदार स्वच्छ और सरल स्वभाव के व्यक्ति को समिति में दर्जा दिया जब के विधायक हमेशा अपने सरल स्वभाव के चलते लोकप्रिय की मिसाल बनते जा रहे हैं हमेशा न्यायाधीश के लिए लड़ते रहे हैं कौशाम्बी जनपद में ही नहीं बुंदेलखण्ड के चित्रकूट में भी कौशाम्बी का नाम आगे ले जाने का कार्य करते रहे हैं पूरे संगठन को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं इस मौके पर मनोज कुमार मिश्रा सुनील कुमार गर्ग आलोक तिवारी कुलदीप शुक्ला आकाश कुमार पाल उमेश पाल मोहित चतुर्वेदी,दीपक सिंह, एडवोकेट प्रभात दुबे अंकित पांडे सुनील तिवारी सोनू तिवारी आदि लोगों ने बैठकर खुशियां मनाई एक दूसरों को बधाइयां दी है।

# खनन विभाग में प्राइवेट कर्मचारी सक्रिय

**● - ट्रैक्टर चालक से खनन विभाग के ड्राइवर तक का सफर, आधिकारिक लोकेशन हो रही है आउट**

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** ट्रैफिक इंचार्ज पर लगे भ्रष्टाचार के बाद जहां कौशाम्बी जिला प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट मोड पर नजर आ रहा है वहीं सूत्रों कि माने तो कौशाम्बी के खनन विभाग कार्यालय में प्राइवेट कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं। ट्रैक्टर चालक से साहब की सरकारी गाड़ी चलाने वाला एक चालक की भूमिका भी संदिग्ध दिखाई पड़ रही है। बताया जा रहा है कि साहब का चालक का ओवरलोड गाड़ियों को पास कराने वाले पासरो से अच्छे ताल्लुकात रखता है। इतना ही नहीं एक और कर्मचारी है जो हर एक-एक पल साहब के साथ उनका साया बन कर रखवाली करता है। सूत्रों की माने तो खनन विभाग कार्यालय कौशाम्बी में लगे ये दो प्राइवेट कर्मचारी साहब का ही खुद पसारो को पास आउट करते है। खनन कार्यालय में लगे साहब के इन दो कारखसो के चलते आए दिन कोई बालू माफियाओं और पासरो पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पा रही है। खनन विभाग कार्यालय में लगे ये दोनों कर्मचारियों पर जांच हुई तो कितनो की गर्दन फंस सकती है।

# जिलाधिकारी ने ली जिला शिक्षा समिति की बैठक

**● - राजकीय संस्कृत विद्यालय के लिए चिन्हित जमीन को दो दिनों में निर्माण हेतु उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देश।**

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में जिला शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट अलंकार, राजकीय संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय के निर्माण, संस्कृत विद्यालय के बच्चों के छात्रवृत्ति, आपरेशन कायाकल्प, विद्युत संयोजन, जर्जर भवनों के नीलामी/ध्वस्तीकरण, निपुण भारत मिशन, निर्माण कार्य की प्रगति व मध्यान्ह भोजन आदि विषयो पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक से करछना में प्रस्तावित राजकीय संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय (इण्टर स्तर) के निर्माण के बारे में पूछागया तो डीआईओएस के द्वारा विद्यालय हेतु चिन्हित जमीन पर अतिक्रमण होने की जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में ही उपजिलाधिकारी करछना से चिन्हित जमीन पर अतिक्रमण की फोन पर जानकारी ली और उन्हें चिन्हित जमीन को दो दिनों में खाली कराकर विद्यालय के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने के लिए कहा है। किसी विषय के विशेषज्ञ शिक्षक के नियुक्त न होने की स्थिति में वहां के बच्चों की उस विषय में पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए दूसरे विद्यालयों के सम्बंधित विषय के विशेषज्ञ शिक्षक के माध्यम से उक्त विषय को पढ़ाये जाने हेतु उनके क्लास की लाइव स्ट्रीमिंग की उस विद्यालय में व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है, जिससे कि वहां के विद्यार्थी भी ऑनलाइन क्लास के माध्यम से वह विषय पढ़ सके। जिला विद्यालय निरीक्षक से प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विद्यालयों को आवश्यक व्यवस्थाओं से सुसज्जित करने, बच्चों को कुम्भ वालंटियर्स के रूप में अभी से तैयार किए जाने के लिए कहा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 19 पैरामीटर से संतृप्तीकरण हेतु लक्ष्य का 94.77 प्रतिशत संतृप्तीकरण हो गया है और शेष कार्यो को 15 दिसम्बर तक पूर्ण करते हुए 100 प्रतिशत संतृप्तीकृत कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण हेतु तोड़े गये प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने जिन विद्यालयों में विद्युत संयोजन हेतु धनराशि जमा होने के बावजूद विद्युत संयोजन नहीं हुआ है, वहां पर जल्द से जल्द विद्युत संयोजन कराये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया है। उन्होंने जर्जर भवनों का चिन्हीकरण करते हुए नीलामी एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने के लिए कहा है। पेयजल हेतु स्वच्छ पानी की आपूर्ति, शौचालय, फर्नीचर, लाइब्रेरी, किचन, फर्श पर टाइल्स व अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने । वॉटर मैनेजमेंट की व्यवस्था कराये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि बच्चों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाये जाने के लिए बच्चों व शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित हो तथा शिक्षण कार्य में नवाचारों एवं नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपनाने हेतु शिक्षकों को मोटिवेट करने के लिए अधिकारियों से दिव्यांग बच्चों की करेक्टिव सर्जरी कराये जाने में सहयोग के लिए अपने एक दिन का वेतन रेडक्रास सोसायटी में स्वेच्छा से देने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आशु पाण्डेय, परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रुपईडीह ब्लॉक में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक व ऑपरेशन मुक्ति कार्यक्रम

**● - बच्चे देश के भविष्य हैं - वीडियो अभय सिंह**

स्वतंत्र प्रभात



**गोण्डा ।** महिला कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड रुपईडीह में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक व ऑपरेशन मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए खंड विकास अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि बाल कल्याण एवं संरक्षण एक बहुत ही बड़ा मुद्दा है। बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। आज उनकी परवरिश, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि से उन्हें संवारा जा सकता है, जो आगे चलकर देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे सकेंगे। संरक्षण अधिकारी चंद्र मोहन वर्मा ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप आदि योजनाओं के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी गई। बीडीओ ने बाल विकास परियोजना अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति को सक्रिय कराएं। खंड विकास अधिकारी ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत आयोजित ऑपरेशन मुक्ति कार्यक्रम के बारे में सभी को अवगत कराते हुए कहा कि शासन द्वारा यह कार्यक्रम बाल श्रम व बाल विवाह को पूर्णरुप से रोकने के लिए चलाई गई है। उन्होंने चौकी प्रभारी को निर्देश दिए कि वह क्षेत्र में यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बाल विवाह न होने पाये। साथ ही कोई बालश्रम व बाल भिक्षावृत्ति पर भी अंकुश लगायें। यथासंभव उन्हें योजनाओं का लाभ पहुंचाएं, इससे बाल श्रम व भिक्षा वृत्ति में कमी होगी। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी रूपईडीह, एडीओ पंचायत, एडीओ आईएसबी, बाल कल्याण अधिकारी आदि मौजूद रहे।




**बालश्रम पाये जाने पर 2 को नोटिस**

बैठक के उपरान्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप के नेतृत्व में श्रम, पुलिस व महिला कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम को लेकर रूपईडीह बाजार में रेस्क्यू/जनजागरूकता अभियान चलाया गया। टीम ने यहां बाल श्रम कराते पाये जाने पर 2 नियोजक को नोटिस जारी किया है। उन्होने सभी से अपील किया कि कोई भी बाल श्रम न करायें। इस दौरान संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा, एसआई रामप्रसाद, सीडीपीओ दुर्गेश गुप्ता, चौकी प्रभारी राजेश दूबे आदि मौजूद रहे।

# जनपद गोंडा के वनटांगिया समुदाय को दिवाली का तोहफा

**● -सीएम योगी के "जीरो पॉवर्टी" संकल्प के तहत गोण्डा में आयोजित होगा वनटांगिया महोत्सव 2.0**

**रामगढ़ वनटांगिया ग्राम में 27 को होगा वनटांगिया महोत्सव 2.0 का आयोजन**

**वनटांगिया समुदाय के साथ त्योहार की खुशियां बांटना है महोत्सव का उद्देश्य**

**समुदाय से जुड़े गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और गरीबी उन्मूलन की दिशा में उठाए जाएंगे ठोस कदम**

**महोत्सव के दौरान 24 और 25 अक्टूबर को होगा विशेष स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

**जनपद में स्वच्छ त्योहार की संस्कृति को विकसित करने की दिशा में अनूठी पहल**

स्वतंत्र प्रभात





**गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के "जीरो पॉवर्टी"विजन के तहत, इस वर्ष गोंडा जिला प्रशासन द्वारा वनटांगिया महोत्सव 2.0 के रूप में महेशपुर और रामगढ़ गांवों के वनटांगिया समुदाय के परिवारों को दिवाली का विशेष तोहफा प्रदान किया जाएगा। आगामी 27 अक्टूबर को आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य वनटांगिया समुदाय के लोगों को न केवल त्योहार की खुशियां बांटना है, बल्कि उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना और गरीबी उन्मूलन की दिशा में ठोस कदम उठाना है। इस आयोजन के माध्यम से जनपद में स्वच्छ त्योहार की एक नई पद्धति विकसित करने की दिशा में पहल भी की गई है।

**ग्रामीणों को दिवाली का तोहफा**

वनटांगिया महोत्सव 2.0 के तहत, महेशपुर और रामगढ़ के सभी परिवारों को दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुएं, कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री उपहार के रूप में दी जाएगी। मुख्यमंत्री के ÷जीरो पॉवर्टी÷ विजन के अनुरूप, यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने और गरीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देना है, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकें और दीपावली को सम्मान और खुशी के साथ मना सकें। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि महोत्सव की सभी गतिविधियां सुचारू रूप से संपन्न हों और इसका लाभ हर गांववासी को मिले।

**स्वास्थ्य और स्वच्छता शिविर**

24 और 25 अक्टूबर 2024 को महोत्सव के दौरान विशेष स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत गांववासियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और साफ-सफाई के महत्व को समझाते हुए, इस अभियान का उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है।

**मेडिकल कैंप का आयोजन**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में, गांववासियों के लिए एक मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें नेत्र परीक्षण सहित अन्य जरूरी स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना और उन्हें बेहतर जीवन प्रदान करना है।

**प्रशासन की तैयारी**

महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी नवाबगंज को आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी सेवाएं सही समय पर गांववासियों तक पहुंचें, जिससे मुख्यमंत्री के ÷जीरो पॉवर्टी÷ विजन को साकार किया जा सके।

**मुख्यमंत्री के विजन के तहत जीवन स्तर में सुधार**

गोंडा की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा,"वनटांगिया महोत्सव "की शुरुआत पिछले वर्ष 2023 में हुई थी, और इस वर्ष भी हम इसे मुख्यमंत्री के 'जीरो पॉवर्टी' विजन के तहत आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा उद्देश्य केवल उपहार देना नहीं है, बल्कि गांववासियों के जीवन स्तर को बेहतर करना और उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। महोत्सव के माध्यम से गांववासियों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं दी जाएंगी, ताकि वे स्वस्थ और आत्मनिर्भर बन सकें।।

# संक्षिप्त ख़बरें

## उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र में लगाया रात्रि चौपाल, मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया जागरूक



**पाकुड़-** विधानसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत् अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में शनिवार देर शाम को नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत अम्बेडकर चौक में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार मौजूद थे। इस कार्यक्रम में उपायुक्त मनीष कुमार ने मौजूद लोगों को मतदान के दिन अपने- अपने परिवार एवं गांव और समाज के सभी मतदाताओं से 20 नवम्बर को निष्पक्ष और भयरहित मतदान करने की अपील की गई। अंत में उपायुक्त ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदान की शपथ दिलाई तथा शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर अंचलाधिकारी पाकुड़ भागीरथ महतो, प्रशासक, नगर परिषद पाकुड़ अमरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नेता गंगा नारायण सिंह ने मधुपुर विधानसभा का टिकट मिलने पर करोंग्राम में मंदिरों का दौरा किया, सैकड़ों समर्थकों ने किया भव्य स्वागत



**करौं, देवघर, झारखंड-** भाजपा नेता गंगा नारायण सिंह को मधुपुर विधानसभा का टिकट मिलने के बाद उन्होंने करों अंचल के विभिन्न मंदिरों में जाकर माथा टेका और करोंग्राम पहुँचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने बनिया टोला, सिंह टोला, चण्डी मोड़, कर्णेश्वर मंदिर जैसे क्षेत्रों का भ्रमण किया और वहाँ उपस्थित लोगों से आशीर्वाद लिया। बाबा कर्णेश्वर मंदिर में उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया। गंगा नारायण सिंह ने कर्णेश्वर मंदिर में माथा टेकते हुए बाबा से अपनी विजय की मंगल कामनाएँ की। इस कार्यक्रम में भाजपा के करों प्रखण्ड अध्यक्ष दिलीप यादव, युवा भाजपा नेता अरदेंदु सिंह, पूर्णानन्द राय, तपन राय, सुजीत राम, श्यामदेव चौधरी, विष्णु चौधरी सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे, जिन्होंने उत्साहपूर्वक इस आयोजन में भाग लिया।

## बालू माफियाओं के बल्ले-बल्ले, प्रशासन की नाक के नीचे अवैध धंधा जारी, कार्रवाई पर सवाल



**साहेबगंज, झारखंड-** बोआरिजोर-मंडरो मुख्य सड़क पर अवैध बालू के व्यापार की गतिविधियां खुलेआम दिन-रात चल रही हैं, जिसमें स्थानीय प्रशासन की संलिप्तता का आरोप लगाया जा रहा है। वर्षों से यह अवैध कारोबार स्थानीय पुलिस की निगरानी में बेरोकटोक जारी है। हालांकि, पूर्व में भी अखबारों के माध्यम से इस मुद्दे को उठाया गया था, लेकिन प्रशासन केवल नाममात्र की कार्रवाई कर कुछ दिनों के लिए इसे रोकता है, फिर अवैध व्यापार पुनः चालू हो जाता है। सिरसा, बुधवाचक, भेला, और मंडरो जैसे क्षेत्रों में अवैध बालू के डिपो बनाए गए हैं, जहां ऊंचे दामों पर बालू की बिक्री हो रही है। यह प्रशासन के लिए बड़ा सवाल खड़ा करता है कि उनकी मौजूदगी में यह धंधा कैसे फल-फूल रहा है। महगामा एसडीओ ने व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी मिलने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब देखना होगा कि इस पर ठोस कदम उठाए जाते हैं या मामला फिर से दबा दिया जाता है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**साहेबगंज, झारखंड-** विधानसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं स्वीप कोषांग के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता के प्रति बरहेट प्रखंड अंतर्गत तलबडीया बुथ नं 134 में एवं बोरियों प्रखंड के अंतर्गत बूथ नंबर 105 में PVTG मतदाताओं को जागरूकता हेतु कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में 80 वर्ष से ऊपर उम्र के अंदर मतदाताओं को स्थानीय पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया एवं अपील की गयी कि वे अपने नजदीकी बूथ में अपना मतदान अवश्य करें। इसके साथ ही कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता व अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया एवं शपथ दिलाई गई कि वह मतदान के प्रति जागरुक रहेंगे एवं जागरूक करेंगे। मौके पर आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने के निर्देश के बावजूद जनजातीय प्रखण्ड पाकुड़िया में इन दिनों बिजली आपूर्ति में बनी है अनियमितता

**●अनियमित बिजली आपूर्ति से बिजली उपभोक्ताओं के अलावे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को हो रही है कठिनाई।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** सामाजिक उत्थान में उर्जा की महत्ता चिरकाल से रही है विशेष रुप से, वैश्विक उदारीकरण के पश्चात। संयुक्त बिहार से अलग होने के बाद झारखण्ड में सड़क, पुल, पुलियों आदि के निर्माण के बाद।सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कम्प्यूटर, जेराक्स, मोबाइल, इनवाइटर एवम ग्रिल आदि के व्यवसाय में वृद्धि हुई है जिससे न केवल घरों बल्कि, व्यवसायिक क्षेत्र भी विस्तार लेता दिख रहा है। वहीं पथों के निर्माण होने तथा से के चलने से लोगों को आवागमन में सुविधा हुई है। पहले केवनिस्पत बिजली की खपत से मांग भी बढ़ती देखी जा रही है। लेकिन पाकुड़िया प्रखण्ड में बिजली की लचर आपूर्ति से न केवल उपभोक्ताओं की बढ़ी है बल्कि विद्यार्थियों के पठन-पाठन भी प्रभावित होता देखा जा रहा है। बताया जाता है कि पाकुड़िया में लगातार बिजली की आंख मिचौली से व्यापारिक प्रतिष्ठान व आम उपभोक्ता परेशान हैं। बिजली की अनियमितता के कारण इनवाइटर, मोबाइल आदि चार्ज पूर्ण नहीं हो पाने से लोगों की नाराज़गी बढ़ती दिख रही है। कई अवसरों पर ऐसा देखा गया है कि एक-दो मिनट भी बिजली स्थाई रुप से नहीं टिक पाती है। यदि प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया में बिजली आपूर्ति में अनियमितता जारी है तो सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। अब तो बिजली उपभोक्ताओं के द्वारा यह कहा जाने लगा कि एक ओर राज्य सरकार बिजली बिल माफ कर दी है और दो सौ यूनिट से कम का भुगतान नहीं करना है। तब से ही पाकुड़िया प्रखण्ड में बिजली आपूर्ति में अनियमितता जारी है। बहरहाल बिजली विभाग को बिजली आपूर्ति में नियमितता बनी रहे इसकी पहल विभागीय पदाधिकारियों को करना समय की मांग है।

# अज्ञात व्यक्तियों ने व्यवसायी से मांगी 20 लाख की रंगदारी, पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**



**हज़ारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग जिले के उरीमारी ओपी क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ी शिव मंदिर के पास व्यवसायी दशरथ प्रजापति से अज्ञात व्यक्तियों ने 20 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की थी। यह मांग टीपीसी (त्रिवेणी प्रोजेक्ट कमेटी) के नाम से की गई और धमकी भरे कॉल एक मोबाइल नंबर से आए थे। इस संबंध में बड़कागांव (उरीमारी ओपी) थाना में काण्ड संख्या 254/24 दिनांक 11.10.2024 को धारा 308 (3)/308 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित को फिर से 17 अक्टूबर 2024 को एक अन्य मोबाइल नंबर से धमकी दी गई, जिसके बाद पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। उरीमारी ओपी प्रभारी राम कुमार राम को इस मामले की त्वरित जांच और समाधान के निर्देश दिए गए। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और मामले का पूरी तरह से खुलासा कर दिया। गिरफ्तार आरोपी में महेश मुर्मू पिता स्व. रेना मांझी निवासी करमाटील्हा, थाना उरीमारी ओपी, जिला हजारीबाग, प्रदीप गंझू पिता स्व. लहसन गंझू, निवासी असवा टोला सतमारा, थाना उरीमारी ओपी, जिला हजारीबाग, धानो मरांडी पिता माताड़ मांझी निवासी जोजो टोला थाना उरीमारी ओपी, जिला हजारीबाग शामिल हैं। बरामद सामग्री में रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन जो अपराध में इस्तेमाल हुआ। जिओ कंपनी का सिम कार्ड अपराध में इस्तेमाल हुआ। रेडमी कंपनी का एक अन्य मोबाइल फोन।

**आरोपियों का आपराधिक इतिहास**

धानो मरांडी बड़कागांव (उरीमारी ओपी) थाना काण्ड संख्या 25/21, दिनांक 26.02.2021, धारा 25(-ए), 26/35 आर्म्स एक्ट, प्रदीप गंझू बड़कागांव (उरीमारी ओपी) थाना काण्ड संख्या 86/21, दिनांक 05.04.2021, धारा 379 भादवि। छापामारी दल में राम कुमार राम, थाना प्रभारी, उरीमारी ओपी, थाना रिजर्व गार्ड शामिल है।

# चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने अवैध शराब के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब व एक जाइलो वाहन जब्त

**स्वतंत्र प्रभात**




**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चौपारण पुलिस ने बीती रात्रि को चोरदाहा चेकपोस्ट के समीप से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब समेत जाइलो वाहन जब्त किया है। पुलिस ने जब्त वाहन से 14 पेटी में कुल-336 पीस जिसमें रॉयल स्टैग, इम्पीरियर ब्लू अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि बीती रात्रि में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चौपारण थाना अंतर्गत चोरदाहा चेकपोस्ट के समीप थाना प्रभारी चौपारण एवं एसएसटी टीम द्वारा बरही चौपारण की ओर से आने वाले सभी वाहनों की चोरदाहा चेकपोस्ट के समीप चेकिंग किया जा रहा था। इसी दौरान बीती रात्रि महिंद्रा कंपनी की जाइलो गाड़ी संख्या जेएच01जेड-4177 के चालक ने पुलिस बल को देखते ही चोरदाहा चेकपोस्ट से कुछ दूरी पर अपनी गाड़ी रोक दी तथा कुछ लोग गाड़ी से उतरकर इधर-उधर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस बल की सहायता से जब वाहन का सत्यापन किया गया तो वाहन के अंदर अंग्रेजी शराब लदा हुआ पाया गया। तलाशी के दौरान महिंद्रा कंपनी की जाइलो गाड़ी संख्या जेएच01जेड-4177 के अंदर 14 पेटी में अंग्रेजी शराब पाया गया। विधिवत जब्ती के बाद चौपारण थाना में कांड संख्या 361/2024 दिनांक 21/10/2024 को धारा 274/275/317(5)/3(5) आईपीसी एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा संबंधित अभियुक्तों के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। बरामद सामान का विवरण 1. महिंद्रा कंपनी का जाइलो वाहन संख्या जेएच01जेड-4177, 2. रॉयल स्टैग कंपनी का 7 बॉक्स 375 एमएल कुल 168 पीस, 3. इम्पीरियर ब्लू कंपनी का 7 बॉक्स 375 एमएल 168 पीस कुल-336 पीस जब्त की गई। छापामारी दल में पप्पू कुमार सहायक अभियंता बरही (दण्डाधिकारी), पु0अ0नि0 अनुपम प्रकाश (थाना प्रभारी चौपारण), स0अ0नि0 मनोज कुमार सिंह चौपारण थाना, हव0 अशोक राम चौपारण थाना, आ0 380 गुड्डू कुमार चौपारण थाना और चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर चेकनाका में वाहनों की हो रही सघन जांच

**स्वतंत्र प्रभात**




**पाकुड़** -विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों पर चेकनाका लगाकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रतिनियुक्त स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) सभी छोटे - बड़े वाहनों के साथ लग्जरी वाहनों की भी तलाशी कर रही है। शनिवार देर रात को भी सभी चेकनाकों पर एसएसटी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर एसएसटी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में दो पहिया, चार पहिया एवं छोटे - बड़े वाहनों की भी तलाशी ली जा रही है। वाहनों से संबंधित दस्तावेज का भी जांच किया जा रहा है ताकि वाहनों के माध्यम से प्रतिबंधित सामानों की आवाजाही न हो सके। उल्लेखनीय हो कि, पिछले दिनों जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ/सीओ एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक करते हुए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्टैटिक सर्विलांस टीम को वाहनों की जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया था। जिले में कुल 16 चेकनाका बनाया गया है। सभी चेकनाका में प्रतिनियुक्त एसएसटी टीम द्वारा वाहन जांच किया जा रहा है।

# जेबीकेएसएस के उम्मीदवारों की पहली सूची जारी, पाँच प्रत्याशियों के नाम पर लगी मुहर

**●केन्द्रीय अध्यक्ष संजय मेहता को बड़कागांव से मिला टिकट, कहा-परिवारवाद पर होगा हमला**

**स्वतंत्र प्रभात**



**रांची-** झारखंड बचाओ क्रांति सेना समिति (जेबीकेएसएस) ने विधानसभा चुनाव हेतु अपने प्रत्याशियों की औपचारिक घोषणा कर दी है। केन्द्रीय चुनाव समिति की सिफारिश पर नामों को फाइनल किया गया है। पहली सूची जारी करते हुए पाँच प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। इसमें केन्द्रीय अध्यक्ष संजय मेहता का नाम भी शामिल है। संजय मेहता को समिति द्वारा बड़कागांव विधानसभा से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं अन्य चार प्रत्याशियों में कांके विधानसभा से दीपशिखा कुमारी, धनवार विधानसभा से अभिषेक कुमार साहू, लातेहार से ओमप्रकाश पासवान एवं धनबाद विधानसभा से सुधा कुमारी सिंह को टिकट दिया गया है। टिकट की घोषणा होने उपरांत संजय मेहता ने कहा कि जेबीकेएसएस पूरी मजबूती के साथ यह चुनाव लड़ने जा रही है। जनता का पूरा समर्थन हमें प्राप्त है। वहीं बड़कागांव से चुनाव लड़ने की बात पर उन्होंने कहा कि केन्द्रीय चुनाव समिति ने अच्छी रिसर्च के बाद मुझे यहाँ से टिकट दी है। क्षेत्र में पर्याप्त जनसमस्याओं एवं मेरे पुराने कार्यों एवं अनुभवों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। हम सब मिलकर क्षेत्र में परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे। परिवारवाद एवं मोनोपॉली के खिलाफ उलगुलान करने का इससे अच्छा वक्त नहीं हो सकता। बड़कागांव में बड़ा परिवर्तन होने वाला है।

# निर्दलीय उम्मीदवारों की भूमिका पर नजर, भाजपा ने मनोज यादव को बनाया उम्मीदवार और कांग्रेस में प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन जारी

**●बरही विधानसभा सीट पर कड़ा मुकाबला, प्रमुख उम्मीदवारों की पकड़ मजबूत**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही-** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की सूची की घोषणा के बाद अब यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि क्या निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरेंगे या वे पार्टी में जुड़कर अपना भविष्य देखेंगे। चुनावी दंगल में अपनी ताकत दिखाने वाले कई उम्मीदवारों की सूची सामने आई खासकर भारतीय जनता पार्टी गहन चर्चा का विषय था। जिसपर अब विराम लग चुका है। भाजपा ने अपनी सूची में बरही विधानसभा सीट पर प्रमुख दावेदारों के नामों का ऐलान कर दिया है। इस सूची में पूर्व विधायक मनोज यादव का नाम प्रमुखता से शामिल किया गया है, जिन्हें पार्टी ने बरही विधानसभा का उम्मीदवार के रूप में चुना है। इनके साथ ही सुनील साहू, गणेश यादव, अविनाश आर्या चंद्रवंशी सहित कई अन्य उम्मीदवारों ने भी अपनी मजबूत पकड़ और स्थानीय जनाधार के दम पर टिकट की दावेदारी की थी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या ये पार्टी के साथ जुड़कर कार्य करेंगे या निर्दलीय प्रत्याशी या अन्य पार्टी के साथ जुड़कर चुनाव मैदान में उतरेंगे। भाजपा की सूची के जारी होने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वे पार्टी का समर्थन करेंगे फैसले पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं, क्योंकि उनका निर्णय चुनाव के समीकरण बदल सकता है।

**इंडिया गठबंधन की सूची का इंतजार**

वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन की ओर से अब तक प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं की गई है, जिससे क्षेत्र में हलचल बनी हुई है। कांग्रेस के उम्मीदवारों के चयन को लेकर भी मतदाता उत्सुक हैं। कांग्रेस की संभावित उम्मीदवारों की सूची में वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला, अरुण साहू, दीपक गुप्ता, केदार पासवान, जमुना यादव, मनोज रजक, मनोहर यादव, केदार यादव, पूनम यादव सहित कई प्रमुख नाम शामिल हैं। इन सभी नेताओं ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश की है और अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस किसे अपना उम्मीदवार चुनती है। कांग्रेस में यह माना जा रहा है कि चुनाव से पहले पार्टी के भीतर कड़े आंतरिक मंथन के बाद उम्मीदवार का चयन किया जाएगा, जो पार्टी के लिए मजबूत विकल्प साबित हो सके। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में बरही विधानसभा सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है। निर्दलीय उम्मीदवारों का रुख भी चुनाव के समीकरणों को प्रभावित कर सकता है।

# भाजपा से नवनीत हेम्ब्रम एवम झामुमो से स्टेफन मरांडी को पार्टी से मिलने के साथ अन्य प्रत्याशियों को टिकट मिलने के बाद तेज होगा प्रचार अभियान

**स्वतंत्र प्रभात**



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** पाकुड़िया प्रखण्ड के लोगों विशेष कर भाजपा व झामुमो के नेताओ के पूर्वानुमान के मुताबिक प्रत्याशियों को टिकट मिलने पर पार्टी जनों में उत्साह दिख रहा है। हालांकि इस चुनावी समर में जीत का सेहरा किसके सर बंधेगा फिलहाल दावा करना कठिन है। बहरहाल स्क्रूटनी के उपरांत सघन प्रचार से कुछ अनुमान लगाया जा सकता है। सभी राजनैतिक पार्टियां अपने प्रत्याशियों की जीत का दावा भले ही पर जीत तो किसी एक पार्टी के उम्मीदवार की होगी। लेकिन झारखण्ड राज्य में मूलतः एनडीए तथा इंडि गठबंधन के बीच सीधी टक्कर होने का आसार प्रखण्ड के लोगों को दिख रहा है। फिलहाल महेशपुर विधान सभा क्षेत्र से कितने प्रत्याशी होंगे यह नामांकन व स्क्रूटनी के पश्चात सही जानकारी मिली पायेगी। मिल रही सूचना के मुताबिक।राज्य के अन्य निर्वाचन क्षेत्रों की तरह ही महेशपुर विधान सभा क्षेत्र में भी भाजपा व झामुमो से टिकट मिलने की आश में दौड़-धूप की पर टिकट कट जाने पर काफी नाराज़गी की बातें छन-छन कर आ रही है और कहा जा रहा है कि भीतर घात हो सकती है यदि ऐसा नहीं भी होगा फिर भी पार्टी उम्मीदवार के प्रति समर्पण भाव से सहयोग करना संदेह के घेरे में रहने की सम्भावना है।

# पाकुड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आरोग्य शिविर का हुआ सफल आयोजन, मरीजों को मिला लाभ

**स्वतंत्र प्रभात**



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** बीते सोमवार को पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान आरोग्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में मरीजों की जांच की गई, जिसमें टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की एनसी (एंटीनेटल केयर) जांच, और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं शामिल थीं। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर सफीऊल मोला, मुकेश, प्रीतम, गंगाधर साह, और प्रधान लिपिक नित्योपाल के साथ प्रभात दास तथा मेडिकल स्टाफ की पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी चिकित्सकीय कर्मियों ने मरीजों की देखभाल और उनकी जांच में अहम योगदान दिया, जिससे शिविर में आए लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ। इस प्रकार के शिविरों का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, जिससे लोगों को स्थानीय स्तर पर जरूरी चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

# नशीले पदार्थों के आवागमन वाले ठिकानों पर छापेमारी कर कार्रवाई सुनिश्चित करें - के रवि कुमार

**स्वतंत्र प्रभात**



**रांची, झारखंड-** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन में सभी प्रत्याशियों के लिए सामान्य अवसर प्राप्त हो, इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के क्रम में अवैध धन के आवागमन के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास हो सकते हैं। इसे लेकर सभी प्रवर्तन ऐजेंसियों का कर्तव्य है कि अवैध धन और अवैध सामग्री पर पूर्णतया प्रतिबन्ध लगाएं। वह सोमवार को निर्वाचन सदन में आयोजित प्रवर्तन ऐजेंसियों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि वन विभाग अपने सभी चेकपोस्टों पर सघन जांच करते हुए अवैध सामग्री के आवागमन पर रोक लगाए। उन्होंने आयकर विभाग द्वारा अवैध धन के संभावित ठिकानों और उसके आवागमन पर सघन छापेमारी करते हुए उसपर रोक लगाने का निर्देश दिया। बैठक में नशीले पदार्थों के संभावित ठिकानों और उसके आवागमन के साधनों पर छापेमारी करते हुए पूर्णतः प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित प्रवर्तन ऐजेंसियों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने बरही के विभिन्न पंचायतों में चलाया जनसम्पर्क अभियान

**●राज्य में भाजपा सरकार बनाने की अपील, लोगों को हर सम्भव सहयोग का दिया आश्वासन - मनोज यादव**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही-** सोमवार की सुबह भाजपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक मनोज यादव ने बरही विधानसभा क्षेत्र के दुधपनिया और खोड़ाहर के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और आगामी चुनावों में भाजपा को समर्थन देने की अपील की। जनसम्पर्क अभियान के दौरान मनोज यादव ने ग्रामीणों को राज्य में भाजपा सरकार बनाने के लिए सक्रिय समर्थन देने की बात कही। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार बनने पर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा और क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। श्री यादव ने कहा, मैं हर सम्भव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हूं और भाजपा की सरकार लोगों के हित में काम करेगी। हम राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लेते हैं। इस अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने पूर्व विधायक के प्रति अपनी समर्थन की भावना प्रकट की और उनसे अपने गांव की समस्याओं के बारे में चर्चा की। मनोज यादव के इस जनसम्पर्क अभियान को आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें वह भाजपा के प्रत्याशी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा समर्थकों का मानना है कि श्री यादव की सक्रियता और जनसमर्थन उनकी जीत की राह को और आसान बना सकता है। जनसम्पर्क अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ता भी उनके साथ रहे और ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर पार्टी के विकास एजेंडे के बारे में जानकारी दी। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, खिरोधर यादव, दीनानाथ यादव, अरुण चन्द्रवंसी, रोहित यादव, गणेश साव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन 13 प्रपत्रों की हुई बिक्री, बरकट्ठा से एक नामांकन प्रपत्र दाखिल

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही-** बरही एवं बरकट्ठा विधानसभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन कुल 13 नामांकन प्रपत्र बिके। बरही अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को यह प्रक्रिया चली। बरही विधानसभा क्षेत्र में 7 प्रपत्र बिके। बरही विधानसभा क्षेत्र के लिए 7 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र खरीदे। जिसमें भाजपा से मनोज यादव, निर्दलीय बद्री यादव, अटल विचार मंच से रामाशीष सिंह, पीपीआईडी से शिव कुमार राम, एनसीपी से महेश ठाकुर, निर्दलीय अविनाश कुमार और डॉ बालेश्वर राम ने निर्दलीय से प्रपत्र खरीदा। अब तक कुल 12 नामांकन प्रपत्र बरही से बिक चुका हैं, लेकिन अभी तक किसी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। वहीं बरकट्ठा विधानसभा में 6 प्रपत्र बिके। वहीं, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में तीसरे दिन 6 नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई। जिसमें भाजपा से अमित कुमार यादव, निर्दलीय चंद्रकांत पांडेय, राजकुमार, बसंत नारायण मेहता, एनसीपी से सुखदेव यादव और शमशाद आलम ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। अब तक बरकट्ठा से कुल 11 प्रपत्रों की बिक्री हो चुकी है। बरही और बरकट्ठा दोनों विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया अभी भी जारी है। बरकट्ठा से निर्वाची पदाधिकारी संतोष नायक ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है।

# झारखंड में छिटक रहा है इंडिया गठबंधन

देश को दो राज्यों झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सभी दल अपनी अपनी रणनीति बनाने में लगे हैं लेकिन यहां इंडिया गठबंधन जैसी कोई चीज नजर नहीं आ रही है और इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल अपना अपना राग अलाप रहे हैं। इस तरह से भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करना तो दूर आप किसी तरह उनको नहीं रोक सकते हैं। वह क्षेत्रीय पार्टियां भी दूसरे राज्यों में पैर फैला रहीं हैं जहां उनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। यदि हम झारखंड की बात करें तो वहां पिछले विधानसभा चुनाव में किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था तब झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और आरजेडी ने मिलकर सरकार बनाई थी और हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने थे। भारतीय जनता पार्टी को 25 सीटें मिली थीं लेकिन उसके पास कोई सहयोगी नहीं था।

2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा को 30, कांग्रेस को 16, भारतीय जनता पार्टी को 25, राष्ट्रीय जनता दल को 1, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन को 2 तथा अन्य निर्दलीय एवं छोटे दलों को 7 सीटें मिलीं थीं। झारखंड विधानसभा में कुल 81 सीटें हैं यानि कि किसी दल को बहुमत के लिए 41 से अधिक सीटें चाहिए। झारखंड में सबसे मजबूत वहां का क्षेत्रीय दल झारखंड मुक्ति मोर्चा है उसके बाद भारतीय जनता पार्टी का नंबर आता है और फिर कांग्रेस वहां पर तीसरी सबसे मजबूत पार्टी है। यदि इंडिया गठबंधन वहां मिल कर चुनाव लड़ रहा है तो सबसे मजबूत दल को को वहां पहली तरजीह देनी चाहिए लेकिन ऐसा कहीं भी इंडिया गठबंधन में दिखाई देता है और वह दल भी आंख दिखाने लगते हैं जो एक सीट बमुश्किल जीत सकते हैं। और यही इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी असफलता का कारण है और दूसरा कारण यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का कमजोर होना। और गठबंधन में बड़े क्षेत्रीय दलों का मजबूत होना, यह सब वो कारण हैं जो गठबंधन को कमजोर करते हैं।



झारखंड चुनाव को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ने अपने 66 प्रत्याशियों की पहलू सूची जारी कर दी है। बीजेपी और सहयोगी दलों के साथ सीटों का बंटवारा लगभग पूरी तरह तय माना जा रहा है। लेकिन इंडिया गठबंधन में सीटों को लेकर तकरार शुरू हो गई है। पिछली बार झारखंड में कांग्रेस और आरजेडी और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन कांग्रेस और आरजेडी को ज्यादा सफलता नहीं मिली थी। कांग्रेस को 16 तथा आरजेडी को मात्र एक सीट पर विजय प्राप्त हुई। ऐसे में आरजेडी का ज्यादा सीटों पर कोई हक नही बनता है। कल हेमंत सोरेन के आवास पर कांग्रेस और आरजेडी के साथ दिन भर बैठक चलती रही और देर शाम हेमंत सोरेन ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन सभी 81 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेगा।

हेमंत सोरेन ने बैठक के बाद कहा कि पिछली बार झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी साथ मिलकर चुनाव लड़े थे। लेकिन इस बार लेफ्ट पार्टी भी गठबंधन का हिस्सा हैं। और बैठक में यह तय किया गया है कि 70 सीटों पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा चुनाव लड़ेंगे तथा बाकी बची हुई 11 सीटों पर अन्य सहयोगी दल जिनमें आरजेडी और वाम दल शामिल हैं चुनाव लड़ेंगे। हेमंत सोरेन के इस बयान के बाद आरजेडी में उबाल आ गया। और एक के बाद एक असंतुष्ट नेताओं के बयान सामने आने लगे। सबसे बड़ी बात जब हेमंत सोरेन के घर पर बैठक चल रही थी तब कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव रांची में ही एक होटल में ठहरे हुए थे। हेमंत सोरेन राहुल गांधी से मिले लेकिन तेजस्वी यादव से न तो राहुल गांधी ने मुलाकात की और न ही हेमंत सोरेन ने। सूत्र बताते हैं कि आरजेडी को सात सीट आफर की गई हैं लेकिन आरजेडी इससे सहमत नहीं है।

किसी भी गठबंधन में सीटों का बंटवारा उनके पिछले प्रदर्शन और वर्तमान समीकरण को देखकर किया जाता है। लेकिन क्षेत्रीय दल अपनी पार्टी के विस्तार के लिए दूसरे राज्यों में भी पैर पसार रहे हैं जो कि किसी भी तरह से उचित नहीं है। इंडिया गठबंधन में झारखंड में केवल झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस का ही प्रदर्शन बेहतर है और स्वाभाविक है कि ज्यादा से ज्यादा इन्हीं दलों को सीटें मिलनी चाहिए। क्षेत्रीय दल दूसरे राज्यों में पैर पसारने के कारण अपने ही गठबंधन का नुक़सान करते हैं। हकीकत में यदि देखा जाए तो विपक्ष की फूट का बड़ा फायदा एनडीए को मिल रहा है। और यही कारण है कि एनडीए लगातार मजबूत हो रहा है और इंडिया गठबंधन धीरे धीरे धरातल की तरफ बढ़ रही है। इन्हीं सब कारणों को देखते हुए नितीश कुमार ने अपने आप को इंडिया गठबंधन से दूर किया था क्योंकि वह जानते थे कि ये दल समान विचारधारा के होते हुए भी एक नहीं हो सकते।

**- जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

# भारत विरोधी ताकतों का नया शिगूफा है विमानों में बम की धमकी !

देश में विमानों को उड़ाने की धमकी देने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, जो काफी चिंता की बात है,भारत के आसमान में हाल ही में बम धमकी की घटनाओं ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। देशभर की एयरलाइंस को एक हफ्ते में 75 से ज्यादा बम की धमकियाँ मिली हैं, जिनमें से अधिकांश झूठी साबित हुईं। इन घटनाओं ने यात्रियों में डर और असुविधा का माहौल पैदा किया है, जबकि एयरलाइंस और सुरक्षा एजेंसियों पर अतिरिक्त दबाव बना है। इस संदर्भ में नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो और अन्य संबंधित एजेंसियाँ लगातार प्रयासरत हैं कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान हो।

आपको बता दें कि सिर्फ शनिवार 19 अक्टूबर 2024 को ही 30 से अधिक विमानों को बम की धमकी मिली, जिससे हवाई सुरक्षा में चिंता बढ़ गई। अब तक कुल 75 विमानों को धमकियाँ मिल चुकी हैं। इन विमानों में विस्तारा, इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट, अकासा, स्टार एअर और एलायंस एयर शामिल थीं। इस बीच, मुंबई से कोलंबो जा रही एक विसतारा की फ्लाइट में बम की खबर मिलने के बाद सभी 96 यात्रियों और 8 क्रू सदस्यों को सुरक्षित उतारा गया। इसके अलावा कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को भी धमकियों का सामना करना पड़ा। हालाँकि जाँच के बाद यह पाया गया कि अधिकांश धमकी फर्जी थीं।

यह भी बता दें कि हर एक फर्जी धमकी के बाद होने वाली जाँच और प्रोटोकॉल को पूरा करने में काफी समय और पैसा खर्च होता है। ऐसी हर एक धमकी पर 3 करोड़ से ज्यादा का नुकसान होता है। एक अनुमान के मुताबिक, इन धमकियों से अब तक 200 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। साथ ही यात्रियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।क्योंकि फर्जी कॉल से आम सवारियों की सांसें हवा में ही अटक जाती है। इसके साथ ही सरकार और विमानन कंपनियों के भी हाथ पांव ठंडे पड़ने लगते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार और विमानन कंपनियों के तरफ से उठाये जा रहे सख्त कदमों के बावजूद ऐसी धमकियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। इससे तो यही साबित होता है कि ऐसा करने वालों को किसी भी प्रकार का डर या भय रही है। हवाई यात्रा को बेहद सुरक्षित और सुगम्य साधन माना जाता है। रेलगाड़ियों में भीड़भाड़ और अधिक समय लगने से यात्रियों का एक बड़ा वर्ग हवाई यात्रा को प्राथमिकता देता है। मगर यहां भी लेटलतीफी, उड़ानों के रद्द होने और विमानों में बम रखे जाने के फर्जी संदेशों तथा धमकियों ने उन्हें मुश्किल में डाल दिया है। यह एक बड़ा सवाल है कि सोशल मीडिया मंच से या ई-मेल भेज कर कोई इस तरह खुलेआम धमकी कैसे दे सकता है। यह हाल तब है जबकि ऐसे फर्जी संदेशों को पकड़ने की आधुनिक तकनीक हमारे पास उपलब्ध है। फिर भी सुरक्षा एजेंसियां झूठी धमकियां देने वालों का पता नहीं लगा पार्टी। आरोपी कहीं भी बैठ कर अपनी हरकत दोहराते रहते हैं। ऐसी घटनाओं से जहां एक ओर सुरक्षित यात्रा के प्रति भरोसा टूटता है, वहीं यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। इसके साथ ही विमानों में अम की 1 फर्जी कॉल से किसी भी विमानन कंपनी का कम से कम 3 करोड़ रुपये स्वाहा हो जाते हैं। इन शरारती तत्वों ने पिछले कुछ दिनों में करीब 75 विमानों में बम होने की धमकी दी है, जिससे करीब 200 करोड़ रुपये के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बम की झूठी धमकी को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि कहीं यह वित्तीय आतंकवाद का हिस्सा तो नहीं है? एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 14 अक्टूबर को 130 टन जेट ईंधन से लदे एयर इंडिया बोइंग 777 विमान ने मुंबई से न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे के लिए 16 घंटे की नॉनस्टॉप उड़ान भरी। हालांकि, उड़ान भरने के तुरंत बाद एयरलाइन को बम की धमकी मिली। इस कारण एयर इंडिया के इस विमान को न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे पर ले जाने के बजाय दो घंटे के भीतर दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। यह घटना न केवल सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है, बल्कि एयरलाइन के लिए एक महंगा सौदा भी है। यात्रियों, सामान और कार्यों के साथ विमान का करीब 340-



350 टन के बीच था। बोइंग 777 विमान की लैंडिंग का अधिकतम वजन 250 टन है। सुरक्षित रूप से उतरने के लिए चालक दल को लगभग 100 टन इंधन फेंकना पड़ा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे न केवल ईंधन की बर्बादी हुई, बल्कि इंधन की लागत के तौर 1 करोड़ रुपये का भी नुकसान हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि इमरजेंसी लैंडिंग के विमान में सवार 200 से अधिक यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को होटल में ठहरने की व्यवस्था, छूटे हुए कनेक्शन के लिए मुआवजा, गहन जांच के लिए विमान को रोकना और नए चालक दल की व्यवस्था करने में विमानन कंपनी को अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है, जिससे उड़ान की लागत बढ़ जाती है। एविएशन इंडस्ट्रीज के सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान में बम होने की फर्जी कॉल से विमानन कंपनियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। एयरलाइन अधिकारियों ने विमान में फर्जी कॉल को वित्तीय आतंकवाद बताया है और उन्होंने इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि त्योहारों का सीजन है और विमानने यात्रियों में डर का माहौल पैदा नहीं करना चाहते। यही कारण है कि एयरलाइंस किसी भी खतरे को हल्के में नहीं ले रही हैं, भले ही उन्हें विश्वसनीय माना जाए या नहीं। बम की झूठी धमकियों से सरकार भी तंग आ चुकी है। इसको देखते हुए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने संकेत दिया है कि मंत्रालय अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए नागरिक उरुयन नियमों में संशोधन पर काम कर रहा है। विमानन मंत्रालय इस तरह के खतरों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय नियमों की समीक्षा कर रहा है। इसके अलावा मंत्रालय बम की धमकी के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को नो-फ्लाई सूची में रखने का भी निर्णय ले चुका है। इसके अलावा सरकार भी इन घटनाओं के मद्देनजर, गृह मंत्रालय ने कई सुरक्षा एजेंसियों जैसे कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, नागरिक उड्डयन ब्यूरो, राष्ट्रीय जांच एजेंसी और खुफिया ब्यूरो को निर्देश दिया है कि वे इन धमकियों की समीक्षा करें और समय-समय पर अपडेट प्रदान करें। बम की धमकियों के घटनाक्रम बेहद चिंतनीय विषय है, क्योंकि यह बेहर संवेदनशील विषय है। यात्रियों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए और अच्छी बात है कि किसी भी धमकी को एयरलाइंस कंपनियां हल्के में नहीं ले रही है। मगर सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर यह सिलिसला कब तक चलता रहेगा? जरूरी है कि सुरक्षा एजेंसियां और सक्रिय हो और उन जड़ों तक पहुंचे जहां से धमकी भरे फोन या ईमेल आ रहे हैं। साफ है कि यह सब कुछ साजिश के तहत किया जा रहा है और इसके पीछे डर और भय का माहौल पैदा करना है। इसलिए ऐसा करने वाले लोग अगर पकड़े जाते हैं, तो उनके विरुद्ध सख्त धाराओं के तहत मामले दर्ज होने चाहिए। फिलहाल जरूरत है कि धकमियों के सिलसिले तो खत्म करने के लिए सभी प्रकार के कदम उठाए जाए, ताकि यात्रियों को आए दिन धमकियों का सामना नहीं करना पड़े।उम्मीद यही की जा सकती है कि इस मामले में हमारी सुरक्षा एजेंसियों को जल्द ही कामयाबी मिलेगी।

बम की इन फर्जी धमकियों को रोकने के लिए सरकार भी सख्त कदम उठाने की योजना बना रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय अन्य संबंधित मंत्रालयों के साथ मिलकर विमान अधिनियम-1934 और विमान नियम-1937 में संशोधन करने की दिशा में काम कर रहा है। इस संशोधन के तहत फर्जी धमकी देने वालों को 5 साल की सजा और नो-फ्लाई लिस्ट में डालने की सिफारिश की जा रही है। कानून और गृह मंत्रालय के परामर्श से एक समिति गठित की जाएगी, जो इस संशोधन का मसौदा तैयार करेगी।दरअसल अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार किसी भी धमकी की सूचना के बाद विमान को लेंड कर उसकी सघन जांच करना जरूरी होता है। इस नियम के कारण परेशानी बढ़ रही है और धमकी देने वाले मजा ले रहे हैं।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संपादकीय

# गठबंधन धर्म की लाज फिर खतरे में

करवा प्रधान महिलाओं के देश में गठबंधन की लम्बी उम्र के लिए कोई व्रत करने वाला नजर नहीं आ रहा है। केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाने के लिए एकजुट हुए तमाम राजनीतिक दल एक बार फिर अपनी-अपनी ढपली बजाते नजर आ रहे है। महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभा के साथ ही तमाम विधानसभाओं और लोकसभा के उपचुनावों को लेकर गठबंधन की गांठें शिथिल होती दिखाई दे रहीं हैं।



झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन ने अपनी तमाम सीटों का न सिर्फ बँटवारा कर लिया है बल्कि उम्मीदवारों की घोषणा भी कर दी है ,जबकि आईएनडीआईए गठबंधन अभी बैठकों से ही फारिग नहीं हो पाया है। महाराष्ट्र में भी कमोवेश यही हालात हैं। सीटों के बंटवारे और प्रत्याशियों कोई घोषणा में हो रही देर इंडिया गठबंधन को भारी पड़ सकती है, ये जानते हुए भी हर क्षेत्रीय दल कांग्रेस से सौदेबाजी करने में लगा है। हकीकत ये है कि देश में आज ऐसा कोई क्षेत्रीय दल नहीं है जो कांग्रेस को साथ लिए बिना भाजपा को चुनौती दे सके। सौदेबाजी में कांग्रेस का कम लेकिन क्षेत्रीय दलों का ज्यादा नुक्सान होने वाला है।

देश की राजनीति में अब भाजपा कोई किंवदंती नहीं बल्कि एक हकीकत है । भाजपा का एजेंडा भले ही आपको या मुझे रास न आये किन्तु ये सच है कि उसने बीते एक दशक में सत्ता में टिके रहना सीख लिया है। धीरे-धीरे ही सही लेकिन अब भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है और सत्ता के दरबार में भाजपा ने जिस तरह से अपने आपको अंगद के पैर की तरह स्थापित किया है ,उसे कोई चुनौती नहीं दे पा रहा है। अलबत्ता आम चुनावों में सबने मिलकर भाजपा की सत्ता को हिलाने की अभिनव कोशिश की थी। गनीमत है कि बिहार विधानसभा की 4 सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में आईएनडीआईए गठबंधन के बीच सीटों का बँटवारा सौहार्दपूर्ण तरीके से हो गया । यहां 3 सीटें राजद और एक सीट माकपा [ माले ] को मिली है। कांग्रेस के लिए मप्र में कोई समस्या पहले से ही नहीं थी, लेकिन महाराष्ट्र में सीटों का बंटवारा अभी तक अधर में है।

महाराष्ट्र में महाराष्ट्र विकास अगाडी की गाडी सीटों के बंटवारे को लेकर आगे ही नहीं बढ़ रही है । शिवसेना [ ठाकरे ] गुट और कांग्रेस में बात बन नहीं रही है और ऐसा लगता है कि ये गठबंधन बिखर जाएगा,लेकिन यदि ऐसा होता है तो कांग्रेस को तो कोई नुक्सान नहीं होने वाला लेकिन उद्धव ठाकरे की फजीहत हो जाएगी। शरद पंवार साहब की एनसीपी भी अकेले दम पर भाजपा को रोकने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में इन तीनों प्रमुख घटकों को हिकमत अमली से फैसला करना पडेगा। अब ये महाराष्ट्र विकास अगाडी को तय करना है की वे अपने और महाराष्ट्र के हित में झुकते हैं या नहीं ?

महाराष्ट्र जैसी ही दशा उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले उपचुनावों को लेकर है । यहां कांग्रेस कम से कम 5 सीटें चाहती है और समाजवादी पार्टी शायद इसके लिए राजी नहीं है /आपको याद है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन के चलते ही आम चुनावों के दौरान भाजपा के अश्वमेद्ध को उत्तर प्रदेश में रोका जा सका था, अन्यथा न सिर्फ खुद के लिए 370 सीटें हासिल करती अपितु 400 पार भी कर लेती तो कोई हैरानी न होती।

इन तमाम अटकलों के बीच इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर सरगरमी बढ़ी है. कांग्रेस के आला नेता राहुल गांधी, राजद के तेजस्वी यादव सहित राजद की पूरी टीम रांची में थी. सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन में दिनभर मंथन हुआ. फिलहाल सहमति बनी है कि झामुमो के खाते में 41 से 42 सीटें जा सकती है. वहीं, कांग्रेस 28-29 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. वहीं वाम दलों को चार सीटें मिल सकती है. माले को बगोदर, निरसा और राजधनवार या सिंदरी मिल सकता है. वहीं सीपीआइ को भी एक सीट देने की चर्चा है. गठबंधन में राजद को पांच से छह सीट देने की तैयारी है।


झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन 81 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेगा। हम 81 सीट पर जेएमएम, कांग्रेस और राजद मिलकर चुनाव लड़े थे। इस गठबंधन में नये सहयोगी भी शामिल हुए. हैं। अब लेफ्ट पार्टी की भी भूमिका होगी. इस चुनाव में पहले चरण की बातें हुई हैं. 70 सीटों पर कांग्रेस और जेएमएम लड़ेंगे. बचे हुए सीट पर सहयोगी लड़ेंगे. कौन कहां से लड़ेगा, उसका फैसला बाद में होगा।

महाराष्ट्र में सपा हो या उद्धव ठाकरे की शिवसेना या एनसीपी यदि जरा भी हठधर्मी दिखाते हैं तो यहां भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। इंडिया गठबंधन हरियाणा विधानसभा चुनाव में गर्म दूध से जल चुका है, इसलिए उसे अब महाराष्ट्र और झारखण्ड में छाछ भी फूंक-फूंककर पीना चाहिए। जल्दबाजी में जबान जलने का खतरा बना ही रहेगा। आज की स्थिति में विपक्ष के पाँव अपनी ताकत बढ़ाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि अब 'मोदी हटाओ ' का नारा तो 2029 में ही लगाया जा सकेगा। विपक्ष यदि अगले आम चुनाव तक एक न रहा तो भाजपा के लिए तमाम क्षेत्रीय दलों को समाप्त करना आसान हो जाएगा। 2029 अभी बहुत दूर है। इसलिए सभी को आज की बात करना चाहिए, सुनना चाहि।

**राकेश अचल**

# शांति-अमन के आकाश की कल्पना और वैश्विक युद्ध का तीसरा मोर्चा उत्तरी कोरिया

क्या संयुक्त राष्ट्र संघ और एमनेस्टी इंटरनेशनल की भूमिका बेमानी हो गई हैं। क्या मानवीय संवेदनाओं की आशाएं निर्मूल साबित हो रही हैं। वैश्विक शांति और अमन की कल्पनाओं से परे वैश्विक युद्ध की आशंका में उत्तर कोरिया ने भी अपना मोर्चा खोल दिया है।उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज़ एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच अब तनाव बढ़ने लगा हैद्य उत्तर कोरिया में दक्षिण कोरिया के सामरिक एवं महत्वपूर्ण ड्रोन का उत्तर कोरिया के हवाई क्षेत्र में सर्वे करने के दौरान उत्तर कोरिया ने इसे चिन्हित कर अपनी संप्रभुता की सीमाओं पर हमला करार किया है और स्पष्ट रूप से कह दिया है कि यदि दक्षिण कोरिया अपने ड्रोन इसी तरह उत्तर कोरिया की सीमा पर भेजेगा तो उत्तर कोरिया इसे अपने पर हमला मानेगा और इसका मुंह तोड़ जवाब देने के लिए उत्तर कोरिया तैयार है ।उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर बड़े हमले की चेतावनी भी दे डाली है। इन परिस्थितियों में विश्व में चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध तथा इसराइल हमास लेबनान ईरान युद्ध के अलावा उत्तर कोरिया ने हमले की धमकी देकर एक नये युद्ध का मोर्चा खोल दिया हैद्य यह तो सर्व विदित है कि उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग-उन एक सनकी तानाशाह है और अमेरिका पर परमाणु युद्ध के हमले की गाहे-बगाहे धमकियां भी दिया करता हैद्य उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया की किसी भी हिमाकत पर उस पर हमला कर सकता हैद्य उधर रूस यूक्रेन युद्ध को 2 वर्ष पूरे हो चुके है कई प्रभावशाली प्रयासों के बाद भी युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है रूस के व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के व्लादिमीर जेलेन्स्की हास्य कलाकार होने के बावजूद यूक्रेन के लिए त्रासदी के नायक बन गए हैं। दोनों देशों में हजारों नागरिक एवं सैनिक मारे जा चुके हैं इसके अलावा अरबों डॉलर की संपत्ति का भारी नुकसान भी हुआ है । इसराइल हमास लेबनान तथा ईरान के मध्य युद्ध अपने पूरे शबाब पर हैद्य इजरायल के आतंकवादी समूह हिज्बुल्लाह के कमांडर याह्या सिनवार को रॉकेट लांचर से मार देने के बाद इसके जवाब में लेबनान से इजरायल के सिरोसिया शहर में जहां इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का आधिकारिक निवास है में लगभग 55 रॉकेट लांचर दागे थे इसराइल के प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी सारा घर से बाहर होने के कारण पूरी तरह सुरक्षित हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई ने अपने बयान में बताया की इस तरह के और हमले अभी जारी रहेंगे। पूरा विश्व इस समय विश्व युद्ध की कगार पर है और यदि उत्तर तथा दक्षिण कोरिया के मध्य युद्ध होता है तो निश्चित तौर पर अमेरिका साउथ कोरिया की तरफ से एवं रूस,चीन नॉर्थ कोरिया की तरफ से इस युद्ध में शामिल हो सकते हैं। पूरा विश्व दो भागों में बट गया है एक तरफ रूस,चीन, नॉर्थ कोरिया, पाकिस्तान तथा पश्चिम एशिया के देश होंगे तथा दूसरी तरफ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, इजरायल तथा अन्य देश के युद्ध में शामिल होने की संभावना बलवती हो रही हैद्य भारत लगातार रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास युद्ध को रोकने के लिए प्रयासरत है और इस प्रयास के अंतर्गत भारत के प्रधानमंत्री ने रूस तथा यूक्रेन की आधिकारिक यात्राएं भी की है। परंतु दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के अडियल रवैये के कारण शांति वार्ता संभव नहीं हो पाई, परंतु जैसा पुतिन ने अपने वक्तव्य में बताया की रूस यूक्रेन के साथ युद्ध विराम शांतिपूर्वक तरीके से करना चाहता है पर यूक्रेन इस वार्ता से पीछे हटकर अमेरिका तथा नाटो देशों के दम पर इनकार कर दिया हैद्य रूस यूक्रेन युद्ध से अमेरिका रूस का बड़ा विरोधी बनकर लगभग 15 साल पीछे जा चुका है एवं उसकी मुद्रा डॉलर की कीमत भी अब वैश्विक स्तर पर काम होते जा रही है। रूस के नुकसान के साथ-साथ अमेरिका को भी काफी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी हैद्य पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे हमेशा रूस के लिए और शांति प्रयासों के लिए फिक्रमंद रहते हैं यह यह तथ्य वैश्विक शांति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम भी है और भारत के प्रधानमंत्री को उन्होंने रूस आमंत्रित भी किया है। पूरी दुनिया वैश्विक युद्ध के परिणाम से अच्छे तरह से वाकिफ है पूर्व के विश्व युद्ध में जापान के नागाशाकी तथा हिरोशिमा की भयानक मानवीय त्रासदी को हर देश के नागरिक अच्छे से महसूस करते हैं। अतः विश्व युद्ध को हर संभव प्रयासों से रोका जाना चाहिए अन्यथा विश्व युद्ध मानवता के विकास के लिए एक बडा अवरोध और विनाशक होगी।




**संजीव ठाकुर**

## संजीव-नी

अदा को तेरी दिल ने पहचान लिया है।

तेरी हर आहट को हमने जान लिया है
इक झलक को दूर से पहचान लिया है।

पास इतनी मेहनत से हमने किया है
तूने जो हमसे हर इम्तिहान लिया है।

अपनी मर्जी भला कब चलाई हमने
जब जो कहा सब हमने मान लिया है।

रोज इस तरफ से गुजरते हो जनाब
इसलिए इस जगह मकान लिया है।

हमने हमेशा उसे पूरा कर लिया है
जिसे हमने एक बार ठान लिया है।

हम पर पहले नाराज फिर मुस्कुराते हो
अदा को तेरी दिल ने पहचान लिया है।

दुनिया की क्यों अब परवाह करें संजीव
जमाने ने सदा उपदेश और ज्ञान दिया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### खजनी - दो बाइक आमने सामने भिड़े तीन गम्भीर दो चोटिल हुए



**खजनी** – कटघर बिगही मार्ग पर दो बाइक आमने सामने भीड़ गए जिसमे पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए , मौके पर पहुंची पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर घायलों को पीएसमसी खजनी भेजा जहां चिकित्सक जिला हास्पिटल रेफर कर दिए ,बताया गया तीन को गंभीर चोट लगी है बाकी लोग आंशिक चोटिल है । घटना कटघर बिगही मार्ग के मझगवां के समीप काका भठ्ठे के सामने का है । जहां शिवानंद पांडेय निवासी छताई का पैर टूट गए , और सिर में गम्भीर छोटे आई है , दूसरे बाइक सवार पीपीगंज क्षेत्र निवासी अक्षय कुमार, अंजू देवी ,असरफी देवी को गंभीर चोटें आई है, साथ मे दो छोटे बच्चे थे आंशिक चोट है लेकिन सुरक्षित है, खजनी पुलिस घायलों को इलाज में भेज दिया और हीरो डीलक्स, और होंडा शाइन को कब्जे ले लिया ।

### खाद्यान्न वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**रुद्रपुर, देवरिया।** उपजिलाधिकारी / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने खाद्यान्न वितरण में हो रही अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी जारी की है। उनके कार्यालय को शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। उपजिलाधिकारी ने कहा कि यह गंभीर मामला है और इससे जनसाधारण को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने पत्र जारी कर स्पष्ट रूप से कहा है कि शासन के निर्देशानुसार कार्डधारकों को सही मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। यदि भविष्य में शिकायतें मिलती हैं तो संबंधित कोटेदार और अधिकारियों के खिलाफ कठोर विधिक और प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे। यह निर्देश सभी उचित दर विक्रेताओं को भेजा गया है और जिला पूर्ति अधिकारी देवरिया को इसकी जानकारी देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया है। इसके अलावा आपूर्ति निरीक्षक और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को शासनादेशानुसार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता और सटीकता बनाए रखने पर जोर देते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### एक दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न



**महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक के न्याय पंचायत जारा का एक दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक विद्यालय जगरनाथपुर के प्रांगण मे सम्पन्न हुआ। खेल का शुभारंभ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अतुल पटेल ने फीता काटकर किया। इस प्रतियोगिता मे जगरनाथपुर, त्रिलोकपुर, जारा, परसासुमाली, नौनिया विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग कबड्डी स्पर्धा मे प्रथम जारा व द्वितीय जगरनाथपुर, बालक वर्ग मे प्रथम जगरनाथपुर, द्वितीय जारा, खो- खो बालिका वर्ग मे प्रथम जगरनाथपुर, द्वितीय नौनिया, बालक वर्ग मे प्रथम जारा , द्वितीय जगरनाथपुर, बालक वर्ग 50 मीटर दौड मे जगरनाथपुर विद्यालय से प्रथम अजीत, 100 मीटर संदीप, 200 मीटर आजाद, बालिका वर्ग 50 मीटर अफशाना जगरनाथपुर, 100 व 200 मीटर मे ताहिरा जारा से प्रथम रही। इस दौरान बलवन्त सिंह, शशांक शेखर तिवारी, राजेन्द्र शर्मा, आशुतोष सिंह, अनूप कुमार चौधरी, विजय प्रकाश, दुर्गेश कुमार, संतोष कुमार, राकेश कुमार, वन्दना त्रिपाठी, सुमित भाटी, वन्दना व गोविन्द साहनी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### पंचायत भवन पर लटक रहा ताला, ग्रामीण परेशान

**--- लाखों खर्च कर लगाए गए उपकरण पंचायत भवन में फांक रहे धूल**

**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुरी स्थित पंचायत भवन में हमेशा ताला लटका रहता है। पंचायत भवन में ताला लगा होने से सम्बंधित समस्याओं को लेकर ग्रामीण खासा परेशान हैं। वहीं गांव के पंचायत भवनों को हाईटेक बनाकर ग्रामीणों को सारी सुविधाएं वहीं से प्रदान करने का शासन का आदेश यहां पूरी तरह से फेल है। पंचायत भवनों के लिए चयनित पंचायत सहायक घर बैठे वर्षों से मानदेय ले रहे हैं। वहीं पंचायत भवन में लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए उपकरण धूल फांक रहे हैं। तथा ग्रामीण प्राथमिक स्तर की सुविधाओं के निस्तारण लिए करीब 5 किलोमीटर दूरी तय करके ब्लाक मुख्यालय का चक्कर काट रहे हैं। इस संबंध में एडीओ पंचायत योगेश मद्धेशिया ने बताया जांच करवाया जाएगा यदि पंचायत भवन बंद मिला तो पंचायत सहायक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## ग्राम प्रधान पर जानलेवा हमला, 10 हजार नकद और चेन लूटने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी 9 दिन बाद भी नहीं

**● प्रधान संघ सहजनवां ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर आरोपितों के गिरफ्तारी की मांग**



स्वतंत्र प्रभात

**सहजनवां /गोरखपुर ।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौरा के प्रधान जयप्रकाश कन्नौजिया 13 अक्टूबर को शाम पौने छः बजे के करीब हरपुर बाजार सब्जी लेने जा रहे थे कि ग्राम कुरसा नहर के पास बदमाशों ने प्रधान पर जानलेवा हमला करते हुए 10 हजार नकद और गले से सोने की चैन छीनकर फरार हो गए थे।प्रधान के भाई सत्यप्रकाश कन्नौजिया पुत्र भगौती की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद और तीन अज्ञात आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 190, 115(2), 352, 110, 309(4), 3(1) (द), 3(1) (घ)मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन 9 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपित अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं, वहीं पुलिस जल्द गिरफ्तारी करने का दावा कर रही है। प्रधान संघ सहजनवां ने खुलेआम घूम रहे आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए, गिरफ्तारी की मांग की है। प्रधान संघ का आरोप है कि आरोपितों की गिरफ्तारी न होने से प्रधान के स्वजन डरे हुए हैं कहीं कोई अप्रिय घटना न कर दें। सबकुछ जानते हुए भी हरपुर-बुदहट पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी क्यों नहीं कर रही है, जिससे पुलिस के कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने बताया कि टीम गठित कर दबिश दी जा रही है, जल्द ही नामजद आरोपित शनि कुमार शर्मा और फागू की गिरफ्तारी हो जाएगी। इस संबंध में एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभी मैं दिखवा ले रहां हूं।

## महज ग्यारह दिन में विवेचना 20 दिन में डीएनए रिपोर्ट संकलित कर आजीवन सजा दिलाने वाले विवेचक को एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**●चिलुआताल थाना क्षेत्र में पाक्सो एक्ट के नामित मुकदमे में गवाहों द्वारा मुकर जाने के बाद डीएनए रिपोर्ट के आधार पर आजीवन कारावास**



स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** गवाहों द्वारा मुकर जाने के बाद भी 11 दिन में विवेचना 20 दिन में डीएनए रिपोर्ट संकलित कर डीएनए रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने आजीवन कारावास के साथ 50000 रुपए से दंडित किया विवेचना कर रहे विवेचक को एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र दे कर किया सम्मानित। थाना चिलुआताल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 581/23 धारा 376ए/बी भादवि व 5एम/6 पाक्सो एक्ट के नामित अभियुक्त कृष्णा उर्फ कन्हैया पुत्र मिठाई निवासी रहमतनगर थाना चिलुआताल को मात्र 24 घण्टो के अन्दर गिरफ्तारी करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था अभियुक्त के विरूद्ध गहनता से वैज्ञानिक साक्ष्य, डीएनए रिपोर्ट संकलित कर मात्र 11 दिवस में विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायाल में प्रेषित किया गया था जिसमें अभियुक्त को आजीवन कारावास से साथ 50 हजार रूपये के अर्थ दण्ड से न्यायालय ने दण्डित किया। जिससे जनता में न्याय व पुलिस के प्रति विश्वास, सुरक्षा व मान-सम्मान की भावना जागृत हुई है। लगन, परिश्रम, कार्यकुशलता, व्यावसायिक दक्षता के साथ किये गये महत्वपूर्ण योगदान से ही सम्भव हो सका है, जिसकी एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए विवेचक एसएसआई शैलेंद्र कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा किए कि भविष्य में भी इसी प्रकार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।इस दौरान पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव भी रहे मौजूद।

## पुलिस अधीक्षक ने शहीद स्मारक पर जवानों को दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया।** पुलिस लाइन्स में स्थित शहीद स्मारक पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस जनों के कार्य की प्रकृति ही कुछ ऐसी है कि इसमें कदम-कदम पर जोखिम व जीवन भय सन्निहित है यही कारण है कि प्रतिवर्ष अपने कार्यों को अंजाम देने की प्रक्रिया में पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में कर्तव्य की बलिवेदी पर अपनी प्राणाहुतियाँ देते रहे हैं । अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनसेवा के उच्च आदर्श की प्राप्ति में मर मिटने से भी गुरेज न करने वाले ये पुलिस जन मरकर भी अमर हो जाते हैं । इनकी कीर्ति व यशोगाथा समय के साथ क्षरित नहीं होती अपितु अविरल अनुप्राणित करती रहती है। पुलिस की भावी संततियों को उसी पथ पर द्विगुणित साहस में मनोयोग से आगे बढ़ने के लिए ऐसी एक गाथा आज से 63 वर्ष पुरानी है, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवानों ने 21 अक्टूबर 1959 को भारत की उत्तरी सीमा लद्दाख के हिमाच्छादित जन हीन क्षेत्र में चीनी सैनिकों के कपटपूर्ण किए गए हमले को निष्प्रभावी कर अपने प्राणों की आहुति दी थी । इन वीर शहीद पुलिस जनों की याद में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रुप में मनाया जाता है । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक कुमार शुक्ल, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी बरहज आदित्य कुमार गौतम, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह व उपस्थित अधिकारीगण ने शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुष्प चक्र व श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कुशीनगर - काली माई स्थान की चबूतरा निर्माण, श्रम योगदान कर रहे ग्राम प्रधान

**●- अद्वितीय और महत्वपूर्ण वृक्ष है परास वृक्ष, जिसका महत्व हिंदू धर्म, आयुर्वेद और पर्यावरण के साथ सौंदर्य में रखता है बहुत महत्व**



स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** जिले के विकास खंड विशुनपुरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पखनहा गांव से दक्षिण में स्थित सैकड़ों वर्ष पुरानी शक्तिपीठ काली माई मंदिर का चबूतरा निर्माण कार्य ग्राम प्रधान मुनीब भारती द्वारा कारीगर और मजदूरों से कराया जा रहा है, खास बात यह है कि ग्राम प्रधान मुनीब भारती आस्था की देवी काली माई की चबूतरा निर्माण में बड़े ही श्रद्धा और विश्वास से स्वयं ईट मसला की ढुलाई कर रहे है। इस पुनीत कार्य के अवसर पर उन्होंने बताया कि काली माई की यह स्थान सैकड़ों वर्ष पुरानी है। यहां दूरदराज से श्रद्धालु आते हैं और जो मन से पूजा पाठ करते हैं उनके मन की मुराद भी काली माई निश्चित पूरी करती है। उन्होंने आगे बताया कि औषधीय गुणवत्ता वाली परास का वट वृक्ष के साथ पीपल वट आपस में जुड़ा हुआ है, परास वट वृक्ष के बारे में बताया कि ये वट बहुत कम जगह पर देखने को मिलता है, इस वट के बारे में बताया कि परास वृक्ष या पारस पीपल एक पवित्र और औषधीय वृक्ष है, जिसका महत्व हिंदू धर्म, आयुर्वेद और पर्यावरण में बहुत अधिक है।

हिंदू धर्म में परास वट के महत्व के बारे में बताया कि पवित्र वृक्ष परास वृक्ष को हिंदू धर्म में पवित्र माना जाता है। भगवान विष्णु का निवास परास वृक्ष को भगवान विष्णु का निवास स्थान माना जाता है। जो वट पूजा और आराधना परास वृक्ष की पूजा और आराधना की जाती है। परास वट आयुर्वेद में भी महत्व रखता है जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में बहुत लाभकारी होता है। पर्यावरण में महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि परास वट वायु को शुद्ध करता है। जल संरक्षण में मदद करता है। मिट्टी की उर्वरता शक्ति को बढ़ाता है। परास वट के कई महत्व हैं जैसे सौंदर्य वर्धक, परास वृक्ष के पत्ते कीटनाशक होते हैं। परास वृक्ष के फल और पत्ते आर्थिक महत्व रखते हैं। परास वृक्ष एक अद्वितीय और महत्वपूर्ण वृक्ष है, जिसका महत्व हिंदू धर्म, आयुर्वेद और पर्यावरण के साथ सौंदर्य में बहुत अधिक महत्व रखता है।

## खेतीबारी - पराली जलाने पर भरना पड़ेगा भारी जुर्माना

**●- लगेगा 15000 तक जुर्माना के साथ सरकारी लाभ से कर दिया जाएगा वंचित**



स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** जनपद के कुछ क्षेत्रों में धान काटने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। धान की कटाई के तुरंत बाद ही गेहूं की बुवाई के लिए कुछ किसान बंधु पराली को खेतों में ही जला देते हैं जिससे मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं एवं खेत की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही प्रदूषण की समस्या भी उत्पन्न होती है। पराली जलाने के दोषी पाए जाने पर किसानों पर रुपए ढाई हजार से 15000 तक जुर्माना लग सकता है। पराली जलने की घटना की निगरानी ग्राम पंचायत स्तर तक गठित सचल दस्तों एवं सेटेलाइट के माध्यम से की जाएगी। सेटेलाइट के माध्यम से अग्नि जनित स्थान की भौगोलिक स्थिति अक्षांश व देशांतर सहित दस्तों को प्राप्त होगी जिनकी रिपोर्ट के आधार पर संबंधित किसानों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश राजस्व, कृषि, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग को जारी किए जा चुके हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनपद के किसान भाइयों से अपील की जाती है कि वह पराली को जलाने की बजाय उसे खेत में ही गला कर खाद के रूप में इस्तेमाल करें एवं दंड की कार्यवाही से बचें। पराली जलाने वाले किसानों को अन्य राजकीय योजनाओं यथा राशन, किसान सम्मान निधि आदि के लाभ से वंचित करने की भी कार्यवाही की जाएगी।

## खजनी में पैसे के लेंन देंन का विवाद, एक पक्ष ने धमकी व मारपीट का दर्ज कराई केस

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी–** थाना क्षेत्र सतुआभार में दो पक्षी में पैसे के लेंन देंन को लेकर मार पीट और धमकी का मामला सामने आया है ,जिसमे एक पक्ष ने खजनी थाना में मार पिट और धमकी देने का केस दर्ज कराया है हलाकि मीडिया के जांच पड़ताल में ऐसी घटना सामने नही आया है । स्थानीय पुलिस ने एक पक्ष के तहरीर पर मुखदमा पंजीकृत कर दिया है। मामला खजनी थाना क्षेत्र सतुआभार चौराहे के बीच बताया जा रहा है, जहाँ बसियखोर निवासी सन्तोष सिंह ने खजनी थाना में शनिवार को लिखित तहरीर दिया है, सतुआभार के पास रास्ते में रोक कर दीपक यादव निवासी रावत डाड़ी ने भठ्ठा लेने के लिए मार पीट कर जान मारने की धमकी दिए है, उक्त तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर दिया है । हलाकि उक्त मानले को लेकर स्थनीय मीडिया अपने स्तर से पूछ ताछ किया तो कोई बहस या मार पीट नही पाया ,लेकिन पुलिस लोकेशन ट्रेस मे दोनों पक्ष- विपक्ष की गाड़ी क्रास को आधार मान कर मुखदमा धमकी और मार पीट का दर्ज किया है ।

**क्या है पूरा मामला**

दर्शल सन्तोष सिंह निवासी बसियखोर ने दीपक यादव निवासी रावतडाड़ी से भठ्ठा बिक्री के नाम लर 51 लाख रकम वसूल किये थे, उसी को लेकर बिगत कई माह से विवाद व पंचायत थाना के लेकर गांव के गलियारों तक हुआ, उक्त धन राशि को लेकर सन्तोष सिंह मुकर गए, विवाद की कुंडली आये दिनों उसी मामले को लेकर बन रही, जिससे विवाद का जन्म हो रहा है, जिसमे सन्तोष सिंह खजनी में तहरीर देकर मुखदमा पंजीकृत कराई, उसके बाद दीपक यादव ने भी तहरीर दिया जिसमें मुकदमा न दर्ज करने की बात सामने आई ,फिरहाल पूरा मामला पैसे के लेंन देन का होना सामने आया है।

**क्या कहती पुलिस**

उक्त म।मले में खजनी प्रभारी सदानन्द सिन्हा ने बताया सन्तोष सिंह ने दीपक यादव पर धमकी व मार पीट का मुकदमा पंजीकृत कराया है, आरोप है दीपक यादव सतुआभार के समीप गाड़ी रोकर मार पीट कर जान मारने की धमकी देकर फरार हो गए है ।

**क्या कहता आरोपी**

आरोपी दीपक यादव ने बताया मुझसे सन्तोष सिंह भठ्ठा बिक्री के नाम पर 51 लाख लिए है, जिसका लिखित व ऑडियो प्रमाण भी है ,पंचायत में देने का बयान किए है, उसी रकन को हड़पने के नियत से हमे फर्जी मामलो में फंसा रहे है । कोई मेरा उनसे विवाद नही हुआ ।

## इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में मानक की अनदेखी

**● - एडीओ पंचायत ने कहा जांच करवाकर सम्बंधित के खिलाफ की जाएगी विभागीय कार्यवाही**



स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत असुरैना में इंटरलॉकिंग का कार्य करवाया जा रहा है। उक्त इंटरलॉकिंग कार्य में जिम्मेदारों द्वारा मानक की अनदेखी की जा रही है। इंटरलॉकिंग के प्लेसमेंट में न तो गिट्टी डाली गई है और न ही मौरंग, ऐसे में सिर्फ मिट्टी पर ही सीमेंट का ईट बिछाकर मानक को ताक पर रख इंटरलॉकिंग का निर्माण करवाया जा रहा है। जिस प्रकार से मानक विहीन इंटरलाकिग करवाया जा रहा है वह जल्द ही उखड़ जाएगा। साथ ही इंटरलॉकिंग के दोनों तरफ सुरक्षा गार्डिग के निर्माण में भी मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इंटरलॉकिंग के सुरक्षा गार्डिग के निर्माण में सेंम ईट व सफेद बालू तथा थर्ड क्वालिटी के सीमेंट से निर्माण करवाया जा रहा है। वहीं मानक की अनदेखी करते हुए जिम्मेदारों द्वारा दीवार जोड़ने के लिए बनाए जा रहे मसाले में भी नाममात्र सीमेंट डाला जा रहा है जिससे इंटरलॉकिंग को किसी प्रकार की मजबूती नहीं मिल पा रही है जो जल्द ही उखड़ कर मानक विहीन निर्माण होने का परिचय दे सकता है। इस संबंध में एडीओ पंचायत योगेश मद्धेशिया ने कहा कि जांच करवाया जाएगा यदि मानक विहीन कार्य पाया गया तो सम्बंधित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने मुसहर समुदाय के 137 पात्र व्यक्तियों को आवासीय भूमि के आवंटन का दिया प्रमाण पत्र

स्वतंत्र प्रभात




**देवरिया ।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में तहसील देवरिया सदर स्थित ग्राम पंचायत उदयपुरा, ब्लॉक पथरदेवा निवासी मुसहर समुदाय के 137 पात्र व्यक्तियों का आवासीय भूमि पट्टा का वितरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली से पहले मुसहर समुदाय के 137 पात्र व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया है। इससे उनके जीवन में खुशियों भरी नयी रोशनी आएगी। पहले स्वयं की भूमि नहीं होने की वजह से लोग पीएम आवास योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे, आवासीय भूमि का पट्टा मिलने के बाद अपने घर का सपना पूरा हो सकेगा। राज्य सरकार की नीतियों की वजह से विकास की दौड़ में पीछे छूटे लोगों को मुख्यधारा में जुड़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिस आवासीय भूमि का पट्टा दिया जा रहा है, वहां नाली, सड़क सहित समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। डीएम ने एसडीएम सदर को चौहद्दी के हिसाब से पट्टाधारकों के भूमि को चिन्हित करने एवं कब्जा दिलाने के लिए निर्देशित किया। मुख्य राजस्व अधिकारी जेआर चौधरी ने पट्टा प्राप्त करने वाले समस्त पात्र व्यक्तियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान किया गया है। एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी ने कहा कि पट्टा वितरण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे लोगों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार आएगा। कार्यक्रम का संचालन तहसीलदार सदर कृष्ण कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उदयपुरा की प्रधान पूजा मिश्रा, नायब तहसीलदार नवीन निश्चल त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## वैवाहिक जीवन के वचनों का बोध करा सचिव ने मंगल कामना के साथ दी विदाई

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्री-लिटिगेशन स्तर पर एक प्रार्थना पत्र जिसका निस्तारण सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी ने किया। लार थाना क्षेत्र के मेहरौना निवासी नुरैन अन्सारी का प्रकरण आया। नुरैन अन्सारी की शादी खुशबू खातुन पुत्री खलकुल्लाह अंसारी ग्राम, पोस्ट व थाना- पकड़ी जिला-बलिया निवासी के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ था। नुरैन अन्सारी व खुशबू खातुन से एक पुत्री पैदा हुयी। पुत्री के पैदा होने पर प्रार्थिनी व उसके पति के साथ मनमुटाव हो जाने के कारण दोनो अलग-अलग जीवन व्यतीत करने लगे। प्राधिकरण ने मामले को संज्ञान में लिया व मध्यस्थ अशोक मिश्र के सहयोग से उभयपक्षो को बुलाकर वार्ता किया और पक्षो को उनके बच्चों के प्रति जिम्मेदारियों उनके कर्तव्य व वैवाहिक जीवन के वचनो का बोध करा उनके मनमुटाव को दूर किया। इस दौरान सचिव श्री तिवारी ने कहा कि परिवार के साथ हर खुशी दुगनी हो जाती है। सबसे बड़ा धन है परिवार, सबसे अमूल्य धन है माँ-बाप। दोनो पक्षकारो को एक साथ वार्ता कराने के उपरान्त दोनो ने स्वेच्छा से साथ-साथ रहने पर अपनी सहमती बना ली और उन्हे फिर से नई जिन्दगी शुरू करने की मंगल कामना के साथ विदाई दी गई।

**बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु निर्देशों का हो पालन– एडीजे**

देवरिया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी ने राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि उच्च न्यायालय के द्वारा बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु दिये गये निर्देशों का अक्षरसः पालन हो। उन्होने राजकीय बाल गृह के प्रभारी को निर्देशित करते हुये कहा कि बच्चों के अन्दर नैतिक मुल्यों का विकास कर बच्चों के अन्दर नई उर्जा एवं संचार हेतु कार्यक्रम का आयोजन तथा निबन्ध, योग, संगीत, चित्रकला इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को प्रोत्साहित करें।

श्री तिवारी ने कहा कि परिसर को निरंतर स्वच्छ रखा जाये तथा बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था की जायें। निरीक्षण में जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल सोनकर, राजकीय बाल गृह देवरिया के प्रभारी अधीक्षक रामकृपाल व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


## महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं को किया जागरुक

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर महिला व बालिकाओं को जागरुक किया व महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में,घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मंगलवार शर्ट सर्किट से लगी आग मोबाइल की दुकान जलकर राख



**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय पर रविवार की रात वर्मा मोबाइल सेल एवं सर्विस की दुकान में शॉट सर्किट से अचानक आग लग गयी. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. सूचना पर पहुंचे पुलिस व दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. आग में लाखों रूपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है. घटना से पीड़ित व्यापारी व्यथित है. मिली जानकारी के अनुसार देउरा बाजार निवासी संदीप कुमार वर्मा के दुकान में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान मालिक संदीप कुमार वर्मा का कहना है कि रात में दूकान में लगभग 2:30 बजे आग लगने की जानकारी दी गई।आग में लाखों रूपये के कीमत के मोबाइल एवं अन्य सामान जलकर राख हो गये।लेकिन मौके पर उपस्थित कस्बावासी व दमकल कर्मियों के द्वारा आग पर काबू पाया गया।

## सांड के हमले से वृद्ध की मौत

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के नगर पालिका सिद्धार्थनगर के मोहल्ला डॉ एपीजे अब्दुल कलाम नगर सिसहानियां वार्ड नंबर 12 में सोमवार की सुबह सांड द्वारा हमला किए जाने से गोविंद 60 पुत्र राम अवध वृद्ध घायल हो गया और उसकी कुछ देर बाद मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सोमवार की सुबह घर का दरवाजा खोला तो वहां पहले से बैठा सांड ने उस पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गया और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मृतक सिसहनिया वार्ड में अपने परिचित व्यक्ति के वहां लगभग सात साल से रह रहा था। जबकि मृतक गोरखपुर के जफरा बाजार का निवासी बताया जाता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी का कहना है कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

## आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित तीसरी भागवत कथा को पूज्य गुरुदेव रामचंद्र शास्त्री ने कराया संपन्न



**महराजगंज/रायबरेली-** क्षेत्र के पहाड़पुर खेड़ा अटौरा गांव में आनंद मिश्रा द्वारा हो रही संकल्पित श्रीमद्भागवत कथा के आठवें दिन सोमवार को वृंदावन धाम से आए कथा व्यास भागवतोपासक वागीश रामचंद्र दास जी महाराज ने धूमधाम से भागवत कथा का विसर्जन किया। आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित 108 भागवतों में तीसरा अनुष्ठान धूमधाम से संपन्न करवाते हुए पाराकला के पूज्य गुरुदेव भागवताचार्य रामचंद्र शास्त्री जी आज कथा के आठवें दिन यज्ञशाला का धूमधाम से पूरा कार्य पूज्य गुरुदेव ने समाप्त करवाया। और संकल्पित108 भागवतों में से तीसरा अनुष्ठान पूर्ण हुआ तीसरी भागवत कथा में आचार्यगणों व्यास का संचालन पाराकला के पूज्य गुरु देव रामचंद्र शास्त्री ने किया। तीसरी भागवत कथा अनुष्ठान को पूर्ण करने में पूरा सहयोग किया। पहाड़पुर खेड़ा के समस्त श्रोताओं ने पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद लिया।आनंद मिश्रा ने बताया कि, हर दूसरे महीने अलग-अलग स्थानो पर उनके द्वारा संकल्पित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर रजनीश पाल यजमान, रामकुमार पाल (प्रधान), शिव मोहन सिंह, दुख हरण सिंह, हर्षित सिंह, जितेंद्र श्रीपाल, सिंह, भिखूराम पाल, महेश भारती, सचिन वर्मा, दिनेश पाल, राम केवल पाल, सतीश पाल, राजेंद्र पाल, आदि श्रोतागण उपस्थित रहे।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**हरदोई हरियावाँ** अपराध की रोकथाम व लूट चोरी की घटना मे संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना हरियावां पुलिस द्वारा थाना हरियावां कोतवाली बेनीगंज पर विभिन्न् धाराओ मे संलिप्त वांछित अभियुक्त राजकिशोर पुत्र स्वर्गीय श्रीपाल निवासी ग्राम उतरा थाना हरियावां जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य दो नामजद अभियुक्तों को पूर्व मे गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा चुका है। थाना प्रभारी दिनेश कुमार यादव ने बताया पुलिस अधीक्षक जनपद हरदोई द्वारा अभियुक्त राजकिशोर की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी को मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर टीम गठित कर गिरफ्तार किया गया। एस आई सुशील कुमार का0 गजेंद्र का0 सौरभ ने जाकर मौके पर ही गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेज दिया गया।

# सहायता राशि लंबित होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई

**● - डीएम ने तीन दिनों के अंदर भुगतान करने का दिया निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के विभिन्न पटलों को देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना के पटल सहायक से प्रगति की जानकारी प्राप्त की गयी, जिसमें पाया गया कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव के पश्चात दी जाने वाली सहायता धनराशि जो लंबित चल रहा था जिसपर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये उसे तीन दिनों के अन्दर पोर्टल पा फीडिंग करके लाभार्थियों को धनराशि दिये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0के0शर्मा को शीघ्र प्राथमिकता के आधार पर शत-प्रतिशत लाभार्थियों को उनके बैंक खाते में धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया।

संयुक्त कार्यालय में राजेश कुमार द्वारा ए0 एन0 एम0 अधिष्ठान का कार्य देखा जा रहा है जिलाधिकारी ने सभी ए0 एन0 एम0 की सेवा पुस्तिका व अभिलेख को प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मंगवाकर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी से परीक्षण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कनिष्ठ सहायक, पेंशन संजय से वर्ष 2024-25 में सेवा निवृत्त कर्मचारियों के जी0पी0एफ0, नगदीकरण, बीमा भुगतान व अन्य भुगतानों को देखा गया। इसके पश्चात कनिष्ठ सहायक अभिनव त्रिपाठी द्वारा डी0फार्मा0/बी0 फार्मा0 के छात्रों को प्रशिक्षण के लिए प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा जाता है।

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी छात्रों की सूची को कम्प्यूटर में फीडिंग करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा वैक्सीन भण्डारण कक्ष में वैक्सीन भण्डारण रजिस्टर को देखा गया । एन0एच0एम0 के कार्यो के टेंण्डर पत्रावली को देखा गया, जिलाधिकारी ने अनुमोदन देने के पश्चात तीन दिन के अन्दर टेंण्डर प्रकाशित होना चाहिये था लेकिन पटल सहायक द्वारा एक सप्ताह बाद टेंण्डर प्रकाशित कराया गया गया जिसपर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति कदापि नहीं होनी चाहिए। एन0 एच0 एम0 के डैम/डी0 पी0 एम0 सभी सामग्रियों की आपूर्ति एवं भुगतान शासन के निर्देशानुसार समयबद्ध तरीके से कराया जाये। किसी भी प्रकार की शिकायत पुनः प्राप्त होती है तो सम्बंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा सभी पटलों के निरीक्षण के पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी पटलों का नियमित रूप से निरीक्षण करें किसी भी पटल पर पत्रावली लम्बित न रहने पाये। जिन कर्मचारियों द्वारा ठीक ढंग से कार्य सम्पादित नहीं किया जा रहा है उनको कार्य में सुधार करने हेतु नोटिस निर्गत किया जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रजत कुमार चौरसिया, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0 के0 शर्मा,डॉ0 प्रशान्त मौर्या, डैम राजेश मिश्रा, डी0 पी0 एम0 राजेश शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद हरकत में प्रशासन, वृंदावन में हलचल

**● - बांके बिहारी मंदिर के आसपास के अतिक्रमणों को हटाने की प्रक्रिया शुरू**

**हाईकोर्ट में तीन बिन्दुओं पर जिला प्रशासन को दाखिल करना है जवाब**

स्वतंत्र प्रभात



जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं एसएसपी शैलेश पांडये बांकेबिहारी मंदिर के आसपास के क्षेत्रों और गलियों का निरीक्षण करते हुए।

**मथुरा।** जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के आदेश के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। इससे वृंदावन में हलचल मची हुई है। सोमवार को जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं एसएसपी शैलेश पांडेय ने बांकेबिहारी मंदिर के आसपास के क्षेत्रों और गलियों का निरीक्षण किया। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद बांके बिहारी मंदिर के आसपास चिन्हित किये गये अतिक्रमण को हटवाया जा रहा है। सुनवाई की प्रक्रिया के तहत उच्च न्यायालय के पूछने के बाद उनके समक्ष मथुरा जिला प्रशासन द्वारा एफिडेविट के द्वारा यह बताया गया कि कुल 81 अतिक्रमण इस वक्त बांके बिहारी मंदिर की ओर जाने वाले रास्तों पर हैं। जिसके बाद तीन दिन पहले हुई सुनवाई में उच्च न्यायालय ने मथुरा जिला प्रशासन को निर्देश दिया था कि इन सभी 81 अतिक्रमणकारियों को और अतिक्रमण को हटाया जाए। निर्देश के बाद जिला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की गई और अतिक्रमण को हटावाया गया। इसके अलावा भी उच्च न्यायालय द्वारा यह जानकारी मांगी गई थी कि बांके बिहारी मंदिर के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए क्या क्या सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं और विभिन्न त्योहारों पर मंदिर के खुले और बंद होने का क्या समय है। इसकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए।

**वर्जन**

उच्च न्यायालय में जो पीआईएल चल रही है उसी के क्रम में एक निर्देश दिया था कि बांकेबिहारी मंदिर के जाने वाले सभी रास्तों पर जो अतिक्रमण है एफिडेविट के माध्यम से अवगत कराया जाए। उच्च न्यायालय के समक्ष एफिडेविट के माध्यम से जो भी इस तरह के अतिक्रमण हैं प्रस्तुत किये गये। न्यायालय के आदेश के क्रम में हम कार्यवाही कर रहे हैं। तीन बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। आगामी सुनवाई में हम उच्च न्यायालय के सामने पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करेंगे। -शैलेंद्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी मथुरा

# कामतागंज बाजार में टारगेट लाइब्रेरी का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात

**लंभुआ/सुल्तानपुर-** लाइब्रेरी खुलने से आसपास के बच्चों में उत्साह देखने को मिला। कामतागंज बाजार में लाइब्रेरी खुलने से पढ़ने वाले बच्चों के लिए एक छोटा सा प्रयास अभिषेक सिंह उर्फ ठेकेदार के द्वारा किया गया। उद्घाटन के मुख्य अतिथि सूरज सिंह तालुक राजी फिलिंग स्टेशन कामतागंज बाजार के मालिक ने टारगेट लाइब्रेरी मे पहुंचें। उन्होंने सभी बच्चों से उनका परिचय पूछा टारगेट लाइब्रेरी में जो कुछ भी असुविधा हो वह मुझे बताएं उसको दूर किया जाएगा और साथ ही साथ यहां आस-पास के बच्चों को पढ़ने के लिए आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे हमारे क्षेत्र के बच्चे यहां से निकल कर अच्छी-अच्छी संस्था में प्रवेश करें। समाज के साथ-साथ उनका अपना भला तो होगा ही क्षेत्र का नाम रोशन होगा। संस्थापक द्वारा कहां गया है कि जो बच्चे कमजोर गरीब असहाय होंगे उनको टारगेट लाइब्रेरी निशुल्क शिक्षा प्रदान करेगी और जो भी ज़रूरतें होगी उनकी पूरी की जाएगी जिससे इस क्षेत्र के बच्चे अपने आप को कहीं से भी कमजोर असहाय ना महसूस करें। संस्थापक अभिषेक सिंह के द्वारा जो विचार रखा गया वह वाकई काबिले तारीफ रहा। आज के समय में लोग अपने बच्चों के भविष्य के सिवाय दूसरों के बच्चों के भविष्य के बारे में किसी के पास सोचनें की भी फुर्सत नहीं है। लेकिन इस व्यस्तता भरें जीवन में एक ऐसी सोच लेकर आये कि सभी लोग सोचनें पर मजबूर हो गये। संस्थापक का साथ उनके साथी राम जी प्रजापति के द्वारा इस कदर दिए गया कि की लोग आज उनकी तारीफ के अलावा कुछ सुनने को तैयार नहीं। राम जी प्रजापति कोई बिजनेसमैन नहीं, न ही कोई बड़ा आदमी ना ही उनका परिवार बहुत मजबूत है लेकिन उसके बाद भी अभिषेक सिंह का साथ इसलिए दिए की यह आसपास के बच्चों में जो काबिल बच्चे होंगे उनका जीवन व्यर्थ न जाए क्योंकि इस समाज में बहुत सारे बच्चे



ऐसे होते हैं कि जो आज के समय के हिसाब से उनको सुख सुविधा नहीं मिल पाती है। जिससे आने वाले समय में पीछे छूट जाते हैं। इसका खामियाजा क्षेत्र के उन बच्चों पर पड़ता है जो वास्तव में काबिल हैं लेकिन किसी कारण बस अपनी पढ़ाई पढ़ नहीं पाते हैं। टारगेट लाइब्रेरी उद्घाटन के मौके पर उपस्थित लोग दिग्विजय देव यादव, अभिषेक शर्मा, आकाश पांडे, हरभजन यादव, शैलेंद्र यादव, दिनेश यादव, अंकित राहुल यादव, मुलायम यादव, सतीश यादव उर्फ़ गुरुजी आदि मौजूद रहे।

# विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेनू देवी के माता जी का निधन

**● - रेनू देवी कि माता जी के निधन से पूरा परिवार शोक संतप्त**

स्वतंत्र प्रभात

**गोपालगंज (बिहार)-** विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ रजिस्ट्रर्ड भारत गोपालगंज, बिहार जिलाध्यक्ष रेनू देवी के माता जी का इलाज के दौरान रविवार की रात लगभग 11 बजे रात को निधन हो गया उनके निधन से पूरा परिवार शोक संतप्त है बताया जाता हैं कि रेनू देवी के माता जी का लगभग पन्द्रह दिनों से जेन्डिस तथा पथरी का इलाज चल रहा था जब उनके बिमारी का पता चला तो पटना स्थित अस्पताल में दिखाया गया उसके बाद बगहा जब कही से कोई सुधार नहीं हुआ तो बनारस स्थित टाटा समूह के अस्पताल में दिखाया गया जहां से उनका इलाज़ होने लगा इसी इलाज के दौरान कल रविवार की रात उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस ली उनके अंतिम सांस लेते ही पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गयी और पूरा परिवार शोक संतप्त हो गया।

आपको बता दें रेनू देवी जो विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ गोपालगंज बिहार की जिला अध्यक्ष के पद पर तैनात हैं उनके माता जी के निधन की खबर पाते ही पूरे विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ में शोक की लहर दौड़ गयी तथा उनके गाँव और अगल बगल के लोगों का ताता लग गया आपको बता दें रेनू देवी कि माता जी बहुत ही उदार सहनशील व्यक्तित्व वाली महिला थीं वो कभी भी गरीब असहाय निराश्रीत लोगों कि मदद करती रहती थी अपने परिवार से लेकर रिश्तेदार मुहल्ले के लोग उनको कभी कोई व्यक्ति बुराई नहीं किया है वो बहुत उदारवादी विचारधारा की महिला थीं पूरे



परिवार को एक साथ लेकर चलना उनकी पहली प्राथमिकता थी। बात करने पर विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने बताया बहुत दुखद मन से बताया मेरी मां सभी भाइयों तथा बहनों में मुझे सबसे ज्यादा प्यार करती थी अन्त में उन्होंने कहा, दिल में दर्द सा होता हैं, आँखें ये भर सी जाती हैं तुम्हारे साथ बिताये पलों की यादें जब मुड़ मुड़ कर आती।

# डीएम ने सभी विभागीय पदाधिकारीयों तथा अंचल अधिकारियों के साथ किया समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**गोपालगंज (बिहार)-** जिला पदाधिकारी, गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच द्वारा उप विकास आयुक्त कुमार निशांत विवेक एवं अपरसमाहर्ता आशीष कुमार सिन्हा की उपस्थिति में सी0 डब्लू0 जे0 सी0/एम0जे0सी0 वादों की समीक्षा बैठक सभी विभागीय पदाधिकारीगण एवं अंचल अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में की गई। संबंधित बैठक में सभी प्रकार के लंबित सी डब्ल्यू जे सी/एमजेसी के संबंधित सभी विभागीय पदाधिकारियों और प्रत्येक अंचल पदाधिकारी से सीडब्ल्यूजेसी /एमजेसी की स्थिति की विस्तृत जानकारी लेते हुए विभिन्न स्तरों पर लंबित सीडब्लूजेसी /एम जे सी में ओथ लेने, संबंधित केस का जवाब तैयार कराकर सबमिट करने आदि के निर्देश दिए गए। 2019 और 2020 के मामलों में त्वरित कार्रवाई कर वोथ लेने के निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जिले के सभी सीडब्लूजेसी/एमजेसी की सारी समरी उपलब्ध कराये। अंचल अधिकारी बैकुंठपुर की सबसे ज्यादा लंबित मामले होने पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी कैसे से संबंधित विस्तृत जानकारी ली गई जिस पर पता चला कि ज्यादा मामले सरकारी अधिवक्ता के यहां लंबित होने पर रेशनालाइज कराकर निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। यह भी निर्देश दिया गया कि जिन मामलों



में वोथ जमा किए जा चुके हैं, उनका ओथ नंबर उपलब्ध कराये साथ ही डिस्पोज्ड केस की कॉपी भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की शिक्षा से संबंधित 17 मामलों के बारे में पूरी तैयारी कर दो दिन बाद पुनः समीक्षा के लिए उपस्थित होंगे।

# मजबूरीः जान जोखिम में डाल रहे वृंदावन आने वाले श्रद्धालु

**● - वृंदावन में नहीं रुक रहा ओवरलोडिंग का खेल**

**ऑटो चालक क्षमता से तीन गुनी तक ढो रहे सवारी**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** वृंदावन की सड़कों पर दौड़ रहे बेलगाम ऑटो, ई रिक्शे नियमों को ताक पर रख हादसों को न्योता दे रहे हैं। ऑटो चालक सवारियां बैठाने के लिए सड़क किनारे कहीं भी ब्रेक लगा देते हैं और अन्य वाहन चालकों के लिए असुविधा पैदा कर रहे हैं। रोजाना सैकड़ों की संख्या में घूमने वाले ऑटो टेम्पो और ई रिक्शा सवारियों को उनकी मंजिल तक तो पहुंचाते हैं, लेकिन अन्य लोगों के लिए समस्या भी बन जाते हैं। यदि यह ऑटो चालक नियमों के साथ चलें तो सड़कों पर अन्य वाहन चालकों को इनसे कोई परेशानी नहीं होगी। मगर मानमानी और मानक से अधिक सवारियां बैठकर चलने पर लोगों का जान खतरे में डाल रहे हैं। यातायात की व्यवस्था के जिम्मेदार आंख बंद किए हुए हैं।

अटल्ला चुंगी से मथुरा डीग गेट स्टेशन बस स्टेशन के ऑटो टेम्पो बेतरतीब तरह से सवारियों को ठूस ठूस कर भरकर ले जा रहे हैं। ऑटो में तीन सवारियों की जगह पांच से सात और टेम्पो में छह सवारियों के स्थान पर करीब 12 से 13 सवारिया लेकर जा रहे हैं। स्टेंड लगाकर सवारियों को पीछे बिठा देते है, जिसमे बच्चे युवतियां भी सवार होती है। ब्रेक लगने पर कुछ सवारी तो गिर जाती है। जबकि हर समय सभी चौराहों पर यातायात पुलिस कर्मी मौजूद होने के बावजूद इन्हें इतनी छूट दी जा रही है इसका जवाब



वृंदावन में ऑटो चालक इस तरह सवारियां बिठा कर दौडते हैं ऑटो।

आज तक नही मिल पा रहा है। सूरत से आई महिला श्रद्धालु बीना बेन ने इस तरह से सवारियों को जाने के लेकर कहा कि ये कभी भी बड़ा हो सकता है। इस पुलिस को लगाम लगानी चाहिए। देहली से आये रमन अरोड़ा ने कहा कि व्रन्दावन से मथुरा जाने के लिए उन के दून पैसे मांगते हैं इस वजह से कई बार बहस हो जाती है बात इतनी बढ़ जाती है कभी कभी झगड़ा भी कर देते हैं।

# नगर आयुक्त ने आरोपों की जांच को बनाई तीन सदस्यीय कमेटी

**● - कमिश्नर के आदेश पर नगर आयुक्त ने की कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** सोमवार को मथुरा वृंदावन नगर निगम कैबिनेट की होने वाली बैठक पर संकट के बादल मंडरा गए हैं। आगरा मंडल की कमिश्नर रितु माहेश्वरी के आदेश के उपरांत नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने महापौर को पत्र लिखकर बैठक को स्थगित करने का आग्रह करते हुए अवगत कराया है कि उक्त बैठक में निगम का कोई भी अधिकारी कर्मचारी भाग नहीं लेगा। वहीं उन्होंने आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमिश्नर से भेंट करने के दौरान पार्षद राजीव सिंह, राजवीर सिंह, नीनू, कुंज बिहारी और तेजवीर सिंह ने कैबनिट की प्रस्तावित बैठक को निरस्त करने की मांग की थी इसी के परिणाम स्वरूप नगर आयुक्त द्वारा आज की गयी कार्यवाही कमिश्नर के आदेश पर होना समझा जा रहा है।

नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने कमिश्नर ऋतु माहेश्वरी के आदेश पर सभी मामलों की जांच करने के लिए तीन सदस्य कमेटी का गठन किया है। जिसमें अपर नगर आयुक्त रामजीलाल, सी पी पाठक के अलावा लेखाधिकारी राजेश गौतम को शामिल किया गया है। पत्र में अवगत कराया गया है कि बीते दिन हुई निगम कैबिनेट की बैठक के सभी कार्यवृत्त पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा महापौर को ये भी बताया गया है कि कार्यकारिणी का चयन बोर्ड के सदस्यों द्वारा निर्वाचन के माध्यम से किया जाएगा। वर्तमान में जो कार्यकारिणी बनाई गई है वह घोषणा के आधार पर गठित हुई है जोकि असंवैधानिक है। निगम के अधिकारियों के इस निर्णय के पश्चात अब पता चलेगा कि ऊंट किस करवट बैठेगा। ज्ञात रहे कि गुरुवार को महापौर विनोद कुमार अग्रवाल ने एक पत्र भी जारी किया था जिसमें कैबिनेट की बैठक में बैठने के स्थान का निर्धारण किया गया था। पत्र के अनुसार मेयर विनोद अग्रवाल ने प्रभारी अधिकारी सदन को निर्देश दिए थे कि मंच पर केवल महापौर ही बैठेंगे यदि कोई मंत्री सांसद विधायक आते हैं तो वह बैठ सकते हैं। इसके अलावा मंच के नीचे दाईं ओर सदस्य गण प्रथम स्थान पर उपसभापति उसके बाद कार्यकारिणी समिति की महिला सदस्य उसके बाद पुरुष सदस्य बैठेंगे। मंच के नीचे बाईं ओर अधिकारी गण प्रथम स्थान पर नगर आयुक्त उनके बाद अन्य सभी अधिकारी गण उनकी वरिष्ठता के क्रम में बैठेंगे। इसके अलावा मीडिया एवं अन्य सभी लोगों के बैठने की व्यवस्था सभापति के आदेश अनुसार होगी।

# गरीबी उन्मूलन, आजीविका सृजन में बकरी के योगदान पर हुई चर्चा

**मथुरा।** केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं सचिव डेयर, नई दिल्ली डॉ. हिमान्शु पाठक का आगमन हुआ। महानिदेशक ने जमुनापारी शेड पर स्थित नवनिर्मित बक स्टेशन का उद्घाटन किया। उसके उपरांत संस्थान की विभिन्न बकरी एवं भेड़ परियोजनाओं का भी भ्रमण किया गया और बकरी व भेड़ की विभिन्न प्रकार की नस्लों एवं उनके रखरखाव पर चर्चा की। संस्थान भ्रमण के उपरांत कार्यक्रम की शुरूआत महानिदेशक की संस्थान के वैज्ञानिकगण, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ गोष्ठी से हुई। संस्थान निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेटली द्वारा मंच पर महानिदेशक एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. संजीव गुप्ता, सहायक महानिदेशक, डॉ. पीके राय, निदेशक सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर, डॉ. विनय भारद्वाज, निदेशक एन.आर.सी ऑन सीड एवं स्पाईसीज, अजमेर का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया एवं बकरी की विश्व में तथा भारत में गरीबी उन्मूलन, आजीविका सृजन में योगदान की चर्चा की। महानिदेशक ने कहा कि वे संस्थान द्वारा किये जा रहे शोध कार्यों एवं किसानों एवं बकरी पालकों के विकास में संस्थान की भूमिका की प्रशंसा करते है। उन्होंने कहा कि बकरी पालन



केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में मौजूद डॉ हिमान्शु पाठक, महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं सचिव डेयर, नई दिल्ली।

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है और यह देश के आर्थिक विकास में भी योगदान देता है।

## लाइट की आंख मिचौली से मुरार नगर, औद्योगिक क्षेत्र की आम जनता परेशान

**हरदोई संडीला** ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले मुरार नगर औद्योगिक क्षेत्र की आम जनता अघोषित बिजली कटौती से परेशान हो चुकी है। प्रतिदिन 8 से 10 बार बिजली कटौती होती है। जिसका खामियाजा आम जनमानस को उठाना पड़ रहा है। आम जनमानस बताते है कि बिजली गुल होने के दौरान जब विद्युत विभाग के कर्मचारियों को कॉल करते है तो कोई फोन नहीं उठाता है। जिससे आम जनमानस में रोष व्याप्त है।

# मथुरा जंक्शन पर बना नशा माफियाओं का बड़ा सिंडीकेट

**जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में प्लेटफॉर्म 2/3 से पकड़ा 20 किलो गांजा**

**विगत माह पहले भी शराब बेचते हुए कई सप्लायर पकड़े जा चुके हैं**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा-** मथुरा जंक्शन विश्व प्रसिद्ध रेलवे स्टेशन है जिस पर लाखों लोग आते और जाते हैं विशेष पर्व पर लाखों श्रद्धालु की भीड़ स्टेशन पर जुटतीं है। इसीलिए मथुरा जंक्शन सुरक्षा की दृष्टि से विशेष महत्व रखती है लेकिन नशा माफियाओं ने जंक्शन को कमाई का बड़ा अड्डा बना दिया है गौरव तलब है कि जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार के दिन 2/3 प्लेटफॉर्म से सप्लाई के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार करते हुए 20 किलो गांजा पकड़ा है। जो दो पिठ्ठू बैगों में चार पैकेटों में रखा था। तस्कर कहां सप्लाई करने वाला था जिसका मुख्य सरगना कौन है इसका कोई खुलासा नहीं हुआ है ऐसे ही शराब की सप्लाई भी स्टेशन पर जरूरत के हिसाब से बोतल और पऊआ, क्वार्टर आदि के रूप में मिल जाएगी। समय-समय पर तस्कर शराब बेचते हुए गिरफ्तार हुए हैं। 5 में 2024 को जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पार्सल ऑफिस के निकट बनी पानी की टंकी के पास से सचिन निवासी ग्राम बाजना थाना हाईवे को पकड़ा था। जिसके कब्जे से 16 बोतल अवैध अंग्रेजी हरियाणा मार्का बरामद की दूसरा मामला 23 अप्रैल 2024 को जीआरपी पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर एक पर आगरा साइड की तरफ 36 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का ऑफिसर चॉइस पकड़ी तस्कर सैयद्दीन का बेटा हुसैन अली



पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्कर

निवासी गांव करचला लहरपुर थाना सहायत जिला औरैया हाल पता महादेव गली थाना जगदीशपुर जिला आगरा को पकड़ा था।

